रांची, रविवार
09.03.2025
वर्ष : 10, अंक : 98 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरे हमारी, विश्वास आपका



website : www.bihanbharat.org bihanbharat@gmail.com @bihan_bharat Bihan Bharat RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल संतोष गंगवार ने राष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्यपाल गंगवार ने इस अवसर पर राज भवन की ओर से प्रकाशित 'राज भवन पत्रिका' की प्रति राष्ट्रपति को भेंट की। यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक झारखंड राजभवन की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने दी शुभकामनाएं

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुभकामनाएं दी हैं।राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ₹नारी शक्ति सिर्फ सृजन नहीं, बल्कि अटूट संकल्प, प्रेम और प्रेरणा की मूर्ति है। आइए, हम सभी संकल्प लें कि महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और सशक्तिकरण प्रदान करने की दिशा में कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, ₹जब आधी आबादी सशक्त होती है तो पूरा समाज समृद्ध हो जाता है। अबुआ सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाओं के जरिए राज्य की मां, बहन, बेटियों को मजबूत करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। हमारा संकल्प केवल योजनाओं का लाभ देना नहीं, बल्कि महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है।₹भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, ₹नारी तू नारायणी। महिलाओं की सहभागिता और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन प्रमुख नेताओं ने महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण का संकल्प दोहराया।

# गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग: मुख्यमंत्री

बिभा संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शनिवार को केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा, रांची में आयोजित झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस समापन समारोह में गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने खेल तथा परेड के माध्यम से बेहतर हुनर का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हैं। शहर हो या सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगहों पर



आपकी गतिविधियां निरंतर चलती रहती है। राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आम लोगों की सेवा में आप सभी लोग लगे रहते हैं।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यह एक कार्यक्रम या खेलकूद प्रतियोगिता ही नहीं बल्कि आपके साथ-साथ पूरे संवर्ग के कर्मियों के लिए उत्साह और मनोबल बढ़ाने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस व्यस्ततम दिनचर्या में लोग अक्सर तनाव की स्थिति में जीवन व्यतीत करते हैं, परंतु ऐसे प्रतियोगिता अथवा कार्यक्रम के जरिए कम समय के लिए ही सही पर तनावमुक्त होकर इस प्रतियोगिता का आनंद लेते हैं। खेलकूद का जीवन में बहुत अहमियत है। खेल, गीत, संगीत हर उम्र के व्यक्तियों के लिए जरूरी होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के माध्यम से इस परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। आप सभी लोग एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर प्रतियोगिता का समापन कर रहे हैं, यह बहुत ही उत्साह, उमंग एवं खुशी की बात है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के अलग-अलग जिलों से इस खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के खिलाड़ियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा अनिल पालटा, एडीजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे, जोनल आईजी रांची अखिलेश झा सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी, पुलिस कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गलत मंशा के साथ केंद्र ला रहा परिसीमन : सुप्रियो

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि देश में होनेवाले परिसीमन को लेकर जो ड्राफ्ट आया है उससे पता चलता है कि केंद्र सरकार गलत मंशा के साथ ला रही है। सुप्रियो ने क?हा कि इस परिसीमन से झारखंड के आदिवासी, मूलवासी और अल्पसंख्यकों के राजनीतिक दखल को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। सुप्रियो ने यह बातें शनिवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। सुप्रियो ने कहा कि इसके पूर्व में जो परिसीमन लाया जा रहा था तो इसका कड़ा विरोध हमलोगों ने संगठित होकर किया था। इससे इसे तत्कालीन केंद्र सरकार ने झारखंड और उत्तर-पूर्वी राज्यों को राहत दे दिया था। लेकिन इस बार इसके दायरे में झारखंड को भी रखा गया है और परिसीमन लागू होने से लोकसभा के सदस्यों की कुल संख्या बढ़कर 846 हो जाएगी जो 77 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार झारखंड में लोकसभा के सदस्यों की संख्या 14 से बढ़कर 24 हो जाएगी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में यह 42 से बढ़कर 60, बिहार में 40 से 79, उत्तर प्रदेश में 80 से बढ़कर 143 तक हो जाएगी।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक कल्पना सोरेन ने महिलाओं को दी शुभकामनाएं

# महिला सशक्तिकरण विकसित झारखंड के निर्माण का आधार बनेगा : कल्पना

बिभा संवाददाता

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को विभिन्न महिला समूहों की सदस्याएं कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में विधायक कल्पना सोरेन से मिलीं। इस दौरान विधायक कल्पना सोरेन ने राज्य की समस्त महिलाओं को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनकी मांगों एवं भावनाओं को ज्ञापन के माध्यम से सुना।

विधायक कल्पना सोरेन ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार झारखंड की महिलाओं को शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही महिलाओं के बैंक खातों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना



की राशि भेजी जाएगी।

विधायक कहा कि राज्य में महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य की महिलाओं को उनका हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि दिन-प्रतिदिन झारखंड सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। राज्य की महिलाओं के त्याग, संघर्ष और तकलीफ को राज्य सरकार ने करीब से देखा है। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि यहां की महिलाओं के चेहरे पर सदैव खुशी झलकती रहे। राज्य सरकार महिलाओं की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है, सभी को सामाजिक न्याय का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण विकसित झारखंड के निर्माण का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में एक संवेदनशील और मजबूत सरकार के गठन में आप सभी महिलाओं का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ है। राज्य की महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में सम्मान देते हुए आपकी अपनी अबुआ सरकार आगे बढ़ रही है।

विधायक ने सभी महिलाओं को पुनः एक बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं दी।

मौके पर उपस्थित विभिन्न समूह की महिलाओं ने भी विधायक कल्पना सोरेन के प्रति आभार जताया। महिलाओं ने विधायक कल्पना सोरेन से कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार की ओर से यहां की नारी शक्ति के कल्याणार्थ किए जा रहे कार्य काफी प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। झारखंड की महिलाओं के प्रति राज्य सरकार का संवेदनशील और कृत संकल्पित प्रयास देशभर में अनुकरणीय बना है। मौके पर उपस्थित महिलाओं ने विधायक कल्पना सोरेन को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक अमित महतो भी उपस्थित थे।

## बाहा पर्व पर मुख्यमंत्री ने की सरना पूजा, आदिवासी समाज की एकजुटता पर दिया जोर



बिभा संवाददाता

**जमशेदपूर।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शनिवार को प्रकृति उपासना के महापर्व 'बाहा पर्व' के अवसर पर जमशेदपुर के कदमा स्थित शास्त्रीनगर सरना पूजा स्थल, जाहेरथान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की।

मुख्यमंत्री ने गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक संरक्षण के बहुआयामी दृष्टिकोण पर आधारित योजनाओं से आदिवासी समाज को मजबूती दी जा रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आदिवासी समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। आदिवासी सभ्यता और संस्कृति झारखंड की पहचान है। आदिवासी समाज ही प्रकृति के असली संरक्षक हैं।

इस मौके पर मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक संजीव सरदार, विधायक सविता महतो, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के अलावे आदिवासी संथाल जाहेरथान समिति के संरक्षक लक्ष्मण टुडू, अध्यक्ष भुवा हांसदा, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम कासके, सचिव पंचू हांसदा, महासचिव भीम के अलावे माझी बाबा बिन्दे सोरेन, सुरेंद्र टुडू एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## गुजरात में थोड़ा मेहनत कर सत्ता में लौट सकती है कांग्रेस : राहुल

एजेंसी

अहमदाबाद/नयी दिल्ली, 08 मार्च (वार्ता) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन दशक के गुजरात मॉडल को पूरी तरह से विफल करार देते हुए कहा है कि राज्य की जनता भाजपा से ऊब चुकी है और अब वह विकल्प चाहती है और कांग्रेस उन्हें आसानी से यह विकल्प दे सकती है।

श्री गांधी ने अहमदाबाद में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए शनिवार को कहा कि गुजरात में विपक्ष को 40 प्रतिशत वोट मिलते हैं। अगर कांग्रेस अपने वोट शेयर में सिर्फ पांच प्रतिशत की वृद्धि कर ले, तो राज्य में कांग्रेस की सरकार बन सकती है। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी तेलंगाना में 22 प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाकर सरकार बना सकती है, तो वह गुजरात में भी पांच प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाकर सत्ता में वापसी कर सकती है।

उन्होंने कहा कि गुजरात की रीढ़ की हड्डी छोटे तथा मध्यम व्यवसायी, किसान और मजदूर हैं तथा राज्य आगे बढना चाहता है, लेकिन भाजपा सरकार की नीतियों के कारण बुरी तरह से प्रभावित है। गुजरात का विकास आज अटक गया है और उसे रास्ता नहीं दिख रहा है। हीरा उद्योग, वस्त्र उद्योग, सिरेमिक उद्योग से जुड़े लोग और प्रदेश के किसान कह रहे हैं कि उन्हें नया विजन चाहिए। पिछले 25 वर्षों से चल रही नीतियां पूरी तरह से विफल हो गई हैं। कांग्रेस पार्टी जनता को नया विजन दे सकती है, लेकिन इसके लिए पहले पार्टी के नेताओं को लोगों से जुड़ना होगा।

श्री गांधी ने कहा कि गुजरात की राह से भाजपा को हटाना कांग्रेस के लिए बहुत कठिन नहीं है। गुजरात में पार्टी के नेताओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन सही नेतृत्व को सही स्थान पर लाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग भाजपा के साथ अंदरूनी तौर पर जुड़े हैं उन्हें पार्टी से निकालना पड़ा, तो निकाला जाएगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन के भीतर दो तरह के नेता तथा कार्यकर्ता मौजूद हैं। इनमें पहले वे नेता हैं जो सीधा जनता से जुड़े हुए हैं और जिनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है, लेकिन दूसरी तरफ ऐसे भी नेता हैं जो जनता से कटे हुए हैं और इनमें से आधे भाजपा से मिले हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुजरात की जनता विकल्प चाहती है, न कि ह्यबीह्न टीम। उनकी जिम्मेदारी इन दो तरह के नेताओं तथा कार्यकताओं को पहचानने की है।

## मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं क्योंकि मेरे पास करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद है : पीएम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी जिले में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में कहा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं क्योंकि मेरे पास करोड़ों माताओं और बहनों का आशीर्वाद है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस दिन, गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं, तो कई लोगों के कान खड़े हो जाएंगे। आज पूरी ट्रॉल सेना मैदान में उतर जाएगी, लेकिन मैं फिर भी दोहराऊंगा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं, बहनों-बेटियों का आशीर्वाद है और ये आशीर्वाद निरंतर बढ़ता जा रहा है, इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में मां गंगा का आशीर्वाद मिला और आज मातृशक्ति के इस महाकुंभ में आप सभी माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिला। आज महिला दिवस का ये दिन, गुजरात की मेरी मातृभूमि और इतनी बड़ी संख्या में माताओं, बहन-बेटियों की ये उपस्थिति, इस विशेष दिन आपके इस प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए मैं मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करता हूं। मोदी ने कहा कि गुजरात की इस धरती से मैं सभी देशवासियों को, देश की सभी माताओं-बहनों



को महिला दिवस की शुभकामनाएं भी देता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन तलाक के मामले में मुस्लिम महिलाएं अपनी सुरक्षा के लिए कानून की मांग कर रही थीं। मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 के जरिए हमने उनकी जिंदगी बर्बाद होने से बचाई है। जब कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू था, तो उन्हें कई अधिकार नहीं दिए जाते थे। अगर वे राज्य से बाहर शादी करती थीं तो उनके संपत्ति के अधिकार छीन लिए जाते थे। अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद अब उन्हें देश की हर महिला की तरह समान अधिकार मिले हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए शौचालय (इज्जत घर) उपलब्ध कराकर हमने उन्हें सम्मान दिया है। हमने उनके बैंक खाते खोलकर उन्हें सशक्त बनाया है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से हमने उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिया है। पहले कामकाजी महिलाओं को केवल 12 सप्ताह का मातृत्व अवकाश मिलता था, लेकिन हमने इसे बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया है।

# दिल्ली में महिला समृद्धि योजना लागू, गरीब महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये

### लाभार्थियों का होगा आधार-आधारित ई-केवाईसी सत्यापन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की भाजपा सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को महिला समृद्धि योजना को लागू करने की घोषणा की। इसके तहत दिल्ली की गरीब महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये मिलेंगे। लाभार्थियों के सत्यापन के लिए ई-केवाईसी का उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में इस योजना को लागू करने की मंजूरी दी गयी। कैबिनेट ने प्रारंभिक रूप से इस योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस योजना के कार्यान्वन के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, आशीष सूद और कपिल मिश्रा शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली की माताओं-बहनों से किया गया वादा पूरा करते हुए हमारी सरकार ने महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये करोड़ आवंटित किए हैं। जल्द ही हर पात्र महिला को 2500 रुपये



प्रति माह दिए जाएंगे, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि मोदी की गारंटी को साकार करने की प्रतिबद्धता है।

योजना की पारदर्शिता, दक्षता और धन के निर्बाध वितरण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार उन्नत प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करेगी। इसके लिए एक पोर्टल बनाया जाएगा। लाभार्थियों के सत्यापन के लिए आधार-आधारित ई-केवाईसी का उपयोग किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि वित्तीय सहायता केवल उन लोगों तक पहुंचे जो पात्र हैं। इसके अतिरिक्त लीकेज और दुरुपयोग को रोकने के लिए मजबूत डिजिटल भुगतान तंत्र लागू किए जाएंगे, जिससे प्रक्रिया सुरक्षित, परेशानी मुक्त और सभी लाभार्थियों के लिए आसानी से सुलभ हो जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य दिल्ली की गरीब महिलाओं को प्रति माह वित्तीय सहायता देकर महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह योजना चुनावों के दौरान हमारे संकल्प पत्र 'विकसित दिल्ली संकल्प पत्र' को दिल्ली की महिलाओ के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करता है। महिलाओं के सशक्तीकरण और वित्तीय स्वतंत्रता के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक निर्णय में सरकार ने महिला समृद्धि योजना को मंजूरी दी है। 5100 करोड़ की यह वार्षिक योजना दिल्ली की महिलाओं को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा कि यह महिलाओं विशेष रूप से गरीब परिवारों की महिलाओं के लिए आर्थिक स्थिरता और सामाजिक उत्थान सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस योजना को मंजूरी मिलने के साथ ही दिल्ली सरकार ने संकल्प पत्र में उल्लेखित अपनी प्रतिबद्धता को सफलतापूर्वक पूरा किया है, जिससे महिला कल्याण और आर्थिक सशक्तीकरण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता, और मजबूत हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### फाल्गुन में एक निशान बाबा श्याम के नाम कल



**रामगढ़(बिभा) :** फाल्गुन एकादशी के अवसर पर समस्त श्याम प्रेमियों द्वारा एक निशान बाबा श्याम के नाम निकाली जाएगी।फाल्गुन सुदी एकादशी में बाबा श्याम को निशान अर्पण करना बहुत ही सौभाग्य की बात है सभी प्रेमी पुनित कार्य में अपना बढ़ चढ़ कर योगदान कर रहे हैं। श्री श्याम निशान यात्रा मां अंपुरणा देवी मंदिर, पुरणी मंड़प से झंडा चौक, चट्टी बाजार, नेहरू रोड, मंदिर पथ हो कर श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी ।इस निशान यात्रा को भव्य बनाने में बंटी अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, विजय प्रकाश, राजेश मोदी, उज्वल बैरलीया, जय अग्रवाल सहित अन्य लोग लगे हैं। फाल्गुन सुदी एकादशी में बाबा श्याम को निशान अर्पण करना बहुत ही सौभाग्य की बात है सभी प्रेमी पुनित कार्य में अपना बढ़ चढ़ कर योगदान कर रहे हैं। इसको लेकर आज एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें में मनीष अग्रवाल, राजेश अग्रवाल (पथरवा),बंटी मोदी, जय अग्रवाल, संतोष सिंह, विजय अग्रवाल, बंटी अग्रवाल, श्याम शर्मा, धरमू अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, गोलू अग्रवाल, आशीष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### मारवाड़ी महिला समिति ने लगाया हेपेटाइटिस बी टीकाकरण शिविर



**रामगढ़(बिभा):** जिले की अग्रणी सेवाभावी संस्था मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रांची रोड स्थित होप हॉस्पिटल में निःशुल्क हेपेटाइटिस बी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत जिले वासियों को निःशुल्क हेपेटाइटिस बी का टीका लगाया गया ।कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया हेपेटाइटिस बी एक अत्यंत संक्रामक बीमारी है। इसकी रोकथाम के लिए टीकाकरण ही एकमात्र उपाय है। इसके साथ ही श्रीमती जैन ने लोगों से अपील कि है उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपने भारतवर्ष को हेपेटाइटिस बी मुक्त करने में अपनी महती भूमिका प्रदान करें। साथ ही उक्त अवसर पर समिति की बहनों द्वारा स्थानीय गौशाला परिसर में जाकर गायों को लापसी एवं चारा वितरण किया गया। उपरोक्त कार्यक्रमों को सफल बनाने में समिति की अरुणा जैन , सचिव रिद्धि जैन, पुष्पा अग्रवाल आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### दरंगकेल महुवाटोली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किया गया कार्यक्रम



**खूँटी(बिभा)** । जिले के कर्रा प्रखंड के कच्चाबारी पंचायत के दरंगकेल महुवाटोली मैदान में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संस्थागत कार्यक्रम किया गया। वहीं संस्था द्वारा 6 मार्च से 8 मार्च तक पतरा टोली , हेसला, कुर्से, तिग्गा, लोहागढ़ा सहित अन्य गाँव में लैंगिक समानता को लेकर विशेष अभियान चलाया गया और इस कार्यक्रम का 08 मार्च शनिवार को समापन महिला दिवस के साथ समापन हुआ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि कच्चा बारी पंचायत मुखिया ज्योति मिंज, उपस्थित होकर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व महिला दिवस हमारे लिए गर्व व सम्मान का प्रतिक है। उन्होंने लैंगिक समानता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बहुत सारी महिलाओं ने अपने काम कर्तव्य का पालन करते समाज प्रेरणा दायक पहचान बनाई है सभी महिलाएँ अपने अपने स्थान पर अच्छा काम कर रही है। मुखिया ज्योति मिंज, मुखिया मंजूला उरांव, पूर्व मुखिया सह समाजसेवी सफिरा कुजूर, रिटायर्ड शिक्षिका भलोरिया कुजूर, सलोमी बारला सहित अन्य लोगों ने विश्व महिला दिवस पर सभा संबोधित करते हुए महिलाओं के योगदान पर विचार दिया। कार्यक्रम का संचालन सफिरा कुजूर व धन्यवाद ज्ञापन किरण धान ने किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता अमिता खलखो लोधमा पंचायत मुखिया मंजूला उरांव, सफिरा कुजूर, संदीप संगा, अलेक्सीयूस परधिया, भदवा धान, भलोरिया कुजूर, सलोमी बारला, सुनील संगा, किशोर कुजूर, बिरसा संगा, हिलारूस कुजूर, अनुपम मिंज, अंजली परधिया, श्रृष्टी मिंज, असीम बारला, सुदर्शन कुजूर, अस्मीता बारला, मनीषा कुल्ला, अंकिता धान के अलावे कच्चा बारी, लोधमा, छाता सहित अन्य पंचायत के सैकड़ो महिला शामिल रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 28977423/-रुपये राशि का हुआ समायोजन




**खूँटी(बिभा)** । जिले के व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। साथ ही डालसा के सभागार भवन में, महिला दिवस के अवसर पर महिला न्यायिक पदाधिकारियों, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विद्यावती कुमारी आदि के द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया। इस शिविर में उपस्थित महिला अधिवक्ता एवं महिला पीएलबी को पौधा वितरण भी किया गया। इस दौरान व्यवहार न्यायालय के प्रांगण में चिकित्सा विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर लगाया गया। वहीं डालसा की अगुवाई में आयोजित इस राष्ट्रीय लोक अदालत का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया। इस दौरान मामलों की सुनवाई करते हुए कुल 5546 मामलों का निष्पादन करते हुए - 2,89,77,423 ( दो करोड़, नवासी लाख, सतहत्तर हजार, चार सौ तेइस) की राशि का समायोजन किया गया। इन निष्पादित मामलों में 02 मामले एम0ए0सी0सी0 का जिसमें कुल 6500000/- (पैंसठ लाख)रु.राशि का सेटलमेंट किया गया। इन निष्पादित मामलों में कुल 447 वाद न्यायालय में लंबित मामलों का निष्पादित हुआ। उपरोक्त जानकारी प्राधिकार के सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर जी द्वारा दी गई।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बिरहू और फूदी पंचायतों में उत्साह के साथ हुआ समारोह

# चलो ऐसी महिलाएं बनें जो अन्य महिलाओं को सशक्त बनाएं: प्रनिधि राज

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खूँटी प्रखंड के बिरहू और फूदी पंचायतों में महिलाओं के बीच मुखिया महिलाओं के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया । जिसका संचालन गांधी फेलो प्रणिधि राज और अखिल ने किया। इस अवसर पर महिलाओं के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान को सम्मानित किया गया और उनके सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, वार्ड सदस्यों, एनजीओ प्रतिनिधियों और स्थानीय महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखी गई। एनआईआरडी रांची की सलाहकार कविता साहू ने भी कार्यक्रम में भाग ली और महिलाओं के नेतृत्व और सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए।

इस मौके पर गांधी फेलो प्रणिधि राज ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि एक क्रांति है। जब महिलाएं शिक्षा, नेतृत्व और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेती हैं, तो पूरा समाज आगे बढ़ता है। हमें अपनी शक्ति को पहचानकर खुद के और अपने समुदाय के लिए बदलाव लाना होगा।

गांधी फेलो अखिल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ंजब एक महिला आगे बढ़ती है, तो वह केवल खुद को ही नहीं, बल्कि अपने पूरे परिवार और समाज को आगे बढ़ाती है। हमें मिलकर ऐसी संरचना बनानी होगी, जहाँ हर महिला को समान अवसर और अधिकार मिल सके।

गांधी फेलो के नेतृत्व में यह आयोजन महिलाओं के प्रयासों को पहचान देने, लैंगिक समानता पर संवाद बढ़ाने और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए एक प्रभावी मंच बना। पंचायत स्तर पर महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के इस आयोजन को सभी ने सराहा।

### झारखण्ड प्रदेश तेली समाज के युवा मोर्चा ने शहीद तिलेश्वर साहु को श्रद्धांजलि दी

**रांची( बिभा)** : ओबीसी समाज के मसीहा व राज्य में पूरे तेली समाज को संगठित करने में अहम भूमिका निभाने वाले व गरीब गुरबा, दबे कुचले पिछड़े व ओबीसी समाज के आवाज को बुलंद करने वाले शेर दिल इंसान व्यक्तित्व के धनी शहीद तिलेश्वर साहु जो झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद (राज्य मंत्री ) के पूर्व अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश तेली समाज (खढळर) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष परमादरणीय स्व.तिलेश्वर साहु के 11 वीं पुण्यतिथि पर झारखण्ड प्रदेश तेली समाज युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुबास साहु के नेतृत्व में के द्वारा राजधानी राँची के मोरहाबादी परिसर में युवाओं के साथ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुबास साहु ने इस श्रद्धांजलि सभा में कहे की शहीद तिलेश्वर साहु एक शेरदिल इंसान के साथ ही साथ बहुत बड़े समाज सेवी थे, समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे है ।

## अंगूठा लगाने वाले हाथों में होगी कलम : बीपीओ मनमोहन

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम शत प्रतिशत साक्षरता के तहत नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत उल्लास नाम से कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसके तहत प्रखंड के सभी विद्यालयों को जन चेतना केन्द्र बनाया गया है। प्रत्येक संकुल के वैसे विद्यालय जहाँ आई सी टी लैब संचालित है दो विद्यालय को मॉडल जन चेतना केन्द्र बनाया जा रहा है। उल्लास कार्यक्रम में 50 से अधिक आयु वर्ग के सभी महिला एवं पुरुषों को साक्षर करने के उद्देश्य से सभी विद्यालयों को जन चेतना केन्द्र बनाकर साक्षर किया जा रहा है जिसका 23 मार्च 2025 को सभी विद्यालयों में मूल्यांकन का कार्य किया जाएगा, इसके लिए प्रखंड के सभी विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, परीक्षा के पूर्व बैठक में उपस्थित सभी सभी शिक्षकों को निरक्षरों का पंजीयन प्रपत्र वितरण करते हुए बीपीओ मनमोहन साहु ने कहा कि अब अंगूठा लगाने वाले हाथों में कलम होगा।

बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों को निदेश दिया गया कि मूल्यांकन के पूर्व सभी विद्यालय प्रभारी अपने -2 अपने पोषक क्षेत्र के सभी निरक्षरों के साथ बैठक कर मूल्यांकन की जानकारी देंगे तथा इसकी महत्ता को बताएंगे , मूल्यांकन में उत्तीर्ण करने वाले सभी निरक्षरों को दुरस्त शिक्षा से प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

### महिला दिवस के अवसर पर खेलकूद का आयोजन

**खूँटी (बिभा)।** प्लान इंडिया के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को डुमरदगा के आदिम जनजाति सेवा मंडल उच्च विद्यालय के मैदान में खेलकूद का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सुशील संगा उपस्थित हुए और प्लान इंडिया के सभी अधिकारी गण थे महिला दिवस के अवसर पर जिला परिषद सदस्य सुशील सांगा ने कहा आज महिलाएँ हर क्षेत्र में अपना पहचान बन चुके हैं। सभी विजय टीमों को आप पुरस्कृत किया गया और महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बहुत तरह का खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें किसी संख्या में महिलाएँ भाग ली। फुटबॉल प्रतिस्पर्धा भी किया गया। जिस प्रतिस्पर्धा में कालामाटी, फुदी, जियारप्पा, चिरुहातु, झुमरदगा, मारंगहादा, पतराटोली ने भाग लिया । वहीं निर्णायक प्रतिस्पर्धा चिरुहातु और जियारप्पा के बीच खेला गया। जिसमें चिरुहातु एक गोल से जियारप्पा को हराकर विजयी हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्लान इंडिया कर्मियों ने योगदान दिया। यह जानकारी सुशील संगा ने दी।

### पति की पिटाई करने वाले बोदा कैंप के पुलिस जवान पर की



बिभा संवाददाता

**चंदवा (लातेहार):** थाना छेत्र के बोदा नदी टोला निवासी राबिया खातुन ने चंदवा थाना में आवेदन देकर पति नसरूद्दीन अंसारी की पिटाई करने वाले बोदा कैंप के पुलिस जवान पर कानुनी कार्रवाई करने की अनुरोध किया है।

दिए आवेदन में कहा है कि मेरा नाम राबिया खातुन है, मैं ग्राम पंचायत बोदा नदीटोला, थाना चन्दवा, जिला लातेहार की रहने वाली हूँ। शुक्रवार को शाम के समय मेरे पति नसरूद्दीन अंसारी, एवं मेरा भतिजा इमरान अंसारी और हसमतुल्लाह अंसारी पास के पुलिस कैंप के तरफ टहलने गए हुए थे । एवं इनलोगों ने वहाँ तैनात पुलिस कर्मी से अनुमति भी ली थी, तभी वहाँ सिविल ड्रेस पहने एक पुनिस जवान जो शराब के नखे में पूरी तरह धुत था मेरे पति एवं साथ के लड़कों को बिना किसी गलती के लाठी से मारने लगा जिसमें मेरे पति नसूरुद्दीन अंसारी को बहुत गंभीर रूप से चोट आई है और वे गंभीर रूप से घायल है। जिसमें तीनों में सबसे ज्यादा चोट मेरे पति को आयी है साथ ही दोनों लड़को को चोट आई है।

अपने आवेदन में घायल अपने पति सहित सभी लड़कों को इंसाफ दिलाने एवं पति की ईलाज के लिए मुआवजा दिलाने एवं इस पुलिस के जवान के उपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करके पति एवं तीनों लड़कों को इंसाफ दिलाने का आग्रह किया है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रंधीर कुमार ने घायल ग्रामीण से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर मुलाकात की, घटना के संबंध में पुछताछ किया है। घायल ग्रामीण का ईलाज प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नीलिमा कुमारी कर रही हैं।

### कुपोषण न हो इसलिए छात्रों को सूची के अनुसार भोजन का प्रबंधन आवश्यक : स्मिता नगेशिया



**खूँटी( बिभा)** । झारखण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मध्याह्न भोजन योजना सभी विद्यालयों में संचालित है जिसमें दोपहर के समय सभी छात्रों को पौष्टिक भोजन मिले, जिसके तहत शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी स्मिता नगेशिया की अध्यक्षता में संचालन सह संयोजन समिति का बैठक किया गया। मौके पर, प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कही कि सभी विद्यालयों के छात्रों को नियत समय पर मेन्यू के आधार पर पौष्टिक भोजन मिले। विद्यालय में साफ सफाई, रसोई उद्यान तथा मोरींगा (मुनगा) का पौधा लगवाने का निर्देश दिया गया। पुरा पोषाहार के तहत सप्ताह में दो दिन अंडा या फल मिले इसे सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। तथा प्रति कार्य दिवस एस एम एस नहीं करने वाले शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई है। वैसे विद्यालय जो कम संसाधनों में भी अच्छा कार्य कर रहें हैं न जैसे रसोई बाग, बायो फैंसिंग से विद्यालय का बाउंड्री एवं साफ सफाई रखने वाले विद्यालय को पुरस्कृत करने का भी निर्देश दिया गया. इसके अतिरिक्त छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए संकुल स्तर पर क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्देश दिया गया. बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजया लक्ष्मी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन साहु , सुजीत कुमार पाढ़ी सहित समिति के अन्य लोग भी शामिल थे।

### हरियाणा संघ व रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने श्री जीण माता के ध्वजा शोभायात्रा का स्वागत किया

**रांची( बिभा) :** महोत्सव के पावन मंगल अवसर पर श्री जीण माता प्रचार समिति द्वारा माता जी की अलौकिक सुंदर नयनाभिराम झांकियां के शोभायात्रा रांची नगर भ्रमण को निकली। इस अवसर पर माता जी की अनुपम ध्वजा के संग सैकड़ो की संख्या में नर नारी भी संग में थे। लोहिया चौक स्थित बजरंग ट्रेडर्स के बाहर हरियाणा संघ एवम रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा सभी मातारानी के भक्तों का अभिनंदन और स्वागत किया गया। इस अवसर पर भक्तों के बीच ठंडे पेय जूस का वितरण किया गया। संस्था की ओर से रथ पर विराजमान मातारानी पर पुष्प वर्षा, आरती और प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से ललित पोद्दार, विनोद जैन, पवन शर्मा, कमल केडिया,प्रमोद सारस्वत ,अनिल अग्रवाल, मनोज बजाज, अंजय सरावगी, कौशल राजगढ़िया,सुरेश चंद अग्रवाल,पवन पोद्दार,राहुल शर्मा, बबलू हरित शर्मा, कमल शर्मा, विनोद बगड़िया , शंकर लाल शास्त्री,विद्याधर शर्मा, राजीव चौधरी,पुरषोत्तम अग्रवाल थे।

### विद्युत विभाग द्वारा अनदेखी किया जाना मरचा के ग्रामीणों के लिए हो सकता है जानलेवा

बिभा संवाददाता

**मरचा मोड़ में बाँस के सहारे 11 हजार धारा प्रवाह विद्युत तार स्थानीय ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी**



**रनिया** । मरचा रनिया मुख्य सड़क पर मरचा मोड़ में विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। यहाँ स्व दिलीप चौधरी का मकान के सामने बाँस में 11हजार धारा प्रवाह विद्युत तार स्थानीय ग्रामीण और राहगीरों के लिए परेशानी के कारण बन गया है। पिछले एक वर्ष से ग्रामीण और राहगीरों को इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों बताया कि फरवरी महीने में बड़े और ओवरलोड वाहनों के विद्युत तार से सटने से तीन बार विद्युत का तार टूट चुका है।स्थानीय ग्रामीणों ने बाँस को हटाकर जल्द विद्युत पोल नहीं लगाए जाने पर मामले को लेकर उपायुक्त से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराने की बात कही है। बता दे की उपसर्ग से हजारों की संख्या में छोटे बड़े वाहनों का आवागमन होता है।और बस स्टैंड होने के कारण से सैकडो लोग प्रतिदिन उक्त स्थान पर पहुंचते हैं।

उक्त मामले को लेकर जब विद्युत विभाग के कनीय अभियंता तोरपा आनंद कुमार से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें अब तक नहीं है।जल्द समस्या को दूर कर लिया जाएगा।

### प्राकृतिक हर्बल गुलाल से होगी इस बार रामगढ़ की होली और खास

## जिले के अलग-अलग 11 स्थलों पर जेएसएलपीएस द्वारा लगाया गया स्टॉल, उपायुक्त ने की खरीदारी

बिभा संवाददाता



**रामगढ़:** इस फाल्गुन में रामगढ़ की होली के रंग कुछ खास होने वाले हैं, क्योंकि जिले की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पारंपरिक विधि से हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं। पलाश के फूल, चुकंदर, हल्दी और पालक जैसी प्राकृतिक सामग्रियों से बने ये रंग न केवल त्वचा के लिए सुरक्षित हैं, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी हैं।

रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों में कई स्वयं सहायता समूह ह्यपलाश ब्रांडह्न के अंतर्गत इस हर्बल गुलाल का निर्माण कर रहे हैं। समाहरणालय परिसर में समूह की दीदियों द्वारा निर्मित पलाश हर्बल गुलाल की बिक्री को बढ़ावा देने हेतु प्रदर्शनी सह बिक्री स्टॉल लगाया गया शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर में जीएसएलपीएस द्वारा लगाए गए स्टॉल से हर्बल गुलाल की खरीदारी की। साथ ही उन्होंने सभी स्वयं सहायता समूह की दीदियों को शुभकामनाएं देते हुए जिले वासियों से बढ़-चढ़कर पलाश ब्रांड के गुलाल खरीदने की अपील की।

रामगढ़ जिला अंतर्गत कुल 11 स्थलों प्रखंड कार्यालय गोला, ब्लॉक मोड़ करमा मांडू, प्रखंड कार्यालय मांडू, मतकमा चौक भुरकुंडा पतरातु, ब्लॉक चौक पतरातु, जिला समाहरणालय अंतर्गत उपायुक्त कार्यालय, उप विकास आयुक्त कार्यालय, रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़, सुभाष चौक रामगढ़, नया मोड़ चौक चितरपुर, प्रखंड कार्यालय दुलमी में हर्बल गुलाल की बिक्री हेतु स्टॉल लगाया गया है।

जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीता सिंह ने बताया कि जिले में हर्बल गुलाल बनाने के लिए आवश्यक सभी कच्ची सामग्री आसानी से उपलब्ध है, जिससे महिलाओं को अतिरिक्त आय का अवसर मिल रहा है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्यवर्धक और सुरक्षित होली खेलने का अवसर भी देगी। इस होली, रामगढ़ के लोग अपने जिले में निर्मित हर्बल गुलाल से प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों के साथ त्योहार का आनंद ले सकेंगे।

### खाटूश्यामजी वार्षिक फाल्गुन मेला में हर और रंग-बिरंगे निशान

# 18 किमी भक्तों का रेला जय श्री श्याम करता श्याम दर्शन को आतुर

प्रकाश पटवारी





**रामगढ़:** बाबा श्याम के वार्षिक सतरंगी फाल्गुनी लक्खी मेले में भक्त अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए अपने-अपने तरीकों से उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। राजस्थान ही नहीं देशभर से श्रद्धालु बाबा श्याम के दरबार में शीष झुका रहे हैं।

इस बार खासकर बात ये है कि फाल्गुन मेला में जिला प्रशासन व श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा श्रृद्धालुओं के लिए बहुत ही सुन्दर व्यवस्था कि गयी है। जिसमें मेला प्रशासन द्वारा सभी अनावश्यक या व्यवस्था बिगाड़ने वाले मार्गों को सील कर दिया गया है। मंदिर के आसपास के धर्मशालाओं में रहने वाले यात्री बार बार दर्शन को नहीं जा पा रहे हैं। श्रृद्धालु व्यवस्था में दर्शन के लिए दो तरफ से लखदातार ग्राउंड पहुंच कर ही जा सकते हैं। श्रृद्धालुओं के अनुसार इस बार दर्शन कि बहुत ही सुन्दर व्यवस्था बताई जा रही है। श्रृद्धालुओं से पुछताछ में ज्यादातर ने कहा कि खाटूश्यामजी में भी सरकार को उज्जैन व काशी जैसा केरीडोर बनाया चाहिए।

मेला में कई क्षेत्रों से श्याम भक्त रंग-बिरंगी विशेष पोशाकों में नजर आए। यात्रियों का बाबा श्याम को रिझाने का अपना अलग-अलग तरीका मेले में देखने को मिला। कुछ भक्तों ने मेले में आकर धर्मशाला में सेवा को ही अपना ध्येय बनाया तो अनेक अपने अंदाज में सेवा दे रहे हैं।

श्याम प्रेम में बंधे चले आए भक्तों में मध्य प्रदेश के सोनू सांवरिया का कनक दंडवत विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 1600 लोहे की कीलों पर लेटकर कनक दंडवत करने हुए सोनू सांवरिया की भक्ति की हर कोई चरण स्पर्श कर रहा है। वे रींगस से खाटूधाम तक बाबा श्याम के जयकारों के साथ अपनी यह कठिन यात्रा कर रहे हैं। सोनू इस प्रकार रोजाना 2 से 3 किलोमीटर चलकर खाटू पहुंचे।

फाल्गुन मेला में रामगढ़ ब्यूरो प्रमुख प्रकाश पटवारी ने सीए रोहित शर्मा, एस एन शर्मा, कैशव शर्मा व आशीष मंगल श्री श्याम गुणगान मंडल कोलकाता के साथ रिंग्स से श्री श्याम निशान पद यात्रा कर आठ घंटे में निशान समर्पण किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जेएलकेएम ने ईईएफ मैदान में मनाया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस



**रांची(बिभा)**: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस राज्य भर में बड़ा ही धूमधाम से मनाया गया। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा आज शनिवार को टाटीसिलवे ईईएफ मैदान में सभा संपन्न किया गया। सभा में भारी भीड़ और जोश देखने को मिला। महिलाओं के हक अधिकार और मजबूती का संकल्प लिया गया। मैदान में विभिन्न खेलकूद व क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सभा के मुख्य अतिथि डूंमरी विधायक जयराम महतो ने संबोधन करते हुए कहा कि राज्य में महिला सशक्तिकरण अति आवश्यक है। नारी शक्ति के साथ ही हम अपने संगठन और राज्य को मजबूत कर सकते हैं। नारी को सम्मान और आरक्षण मिलना चाहिए। वही विशिष्ट अतिथि में पहुंचे संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि झारखंड के ऐतिहासिक आंदोलन में महिलाओं का अहम योगदान रहा है। वर्तमान नवनिर्माण झारखंड में भी महिलाओं को अपने हक अधिकार के लिए आगे बढ़ना होगा। वही सभा संयोजक मोहरी देवी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से दमयंती मुंडा, बेबी कुमारी,मोहरी देवी,पार्वती कुमारी, आलोक उरांव,जलेश्वर मार्शल, अयुब अलि, विमल महतो, रुपेश विराठ, सुमित खतियाणी,जितेंद्र महतो आदि पदाधिकारी सक्रिय रहे।

### बहू बाजार चौक के समीप चलाया गया झामुमो का सदस्यता अभियान



**रांची(बिभा)** : झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान मे आज दिनांक 8 मार्च 2025 को संत पॉल कॉलेज, बहू बाजार चौक के समीप शिविर लगाकर झामुमो का सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख, संयोजक मंडली सदस्यों और रांची जिला व महानगर के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं द्वारा लोगों को पार्टी के नीति सिद्धांतों से अवगत कराते हुए राज्य की लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व मे राज्य सरकार के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पार्टी से जुड़ने वाले नए सदस्यों को सदस्यता रसीद देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई गई और स्वागत किया गया। सदस्यता लेने वालों मे मुख्य रूप से महिलाएं एवं युवा रहे। पार्टी से जुड़ने के लिए महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। सभी ने बताया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं और विशेष रूप से महिलाओं के लिए मईया सम्मान योजना से सभी लोग प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। सदस्यता अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से रांची महानगर के वरिष्ठ नेता जीत गुप्ता, अकबर कुरैशी, मो सन्नी एवं अन्य पार्टी कार्यकताओं का अहम योगदान रहा। मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम जी ने कहा केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार रांची जिला संयोजक मंडली द्वारा सदस्यता अभियान लगातार चलाया जा रहा है आज हमलोग संत पॉल कॉलेज, बहू बाजार चौक के समीप शिविर लगाकर झामुमो का सदस्यता अभियान चला रहे हैं, और पार्टी से जुड़ने के लिए लोगों मे किस तरह का उत्साह है ये सदस्यता अभियान कार्यक्रम मे लग रहे शिविरों मे लोगों के भीड़ से देखा जा सकता है। निश्चिंत तौर पर हेमंत सरकार के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं से लोग प्रभावित है और लोगों का विश्वास पार्टी के प्रति बढ़ रहा है। और इसी का परिणाम है कि पार्टी लगातार मजबूत हो रही है और झामुमो का कुनबा लगातार मजबूत हो रहा है।

### केंद्रीय युवा महावीर मंडल रॉची के नौवीं बार अध्यक्ष बने नन्द किशोर सिंह चंदेल



**रांची(बिभा)** : युवा रॉची महानगर रामनवमी पूजा समिति की बैठक शनिवार को श्री चैती दुर्गा पूजा मंदिर भुतहा तालाब के प्रांगण में हुई.सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर केंद्रीय युवा महावीर मंडल रांची की महिलाओं का सम्मान किया गया.तत्पश्चात इस बैठक में युवा रॉची महानगर रामनवमी पूजा समिति का नाम सर्वसम्मति से बदलकर केंद्रीय युवा महावीर मंडल रॉची किया गया, अब इसी नाम से पूजा समिति जानी जाएगी. इस बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें लगातार नौवीं बार नन्द किशोर सिंह चंदेल को केंद्रीय युवा महावीर मंडल रॉची का अध्यक्ष चुना गया. इस अवसर पर अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि केंद्रीय युवा महावीर मंडल रांची लगातार 9 वर्षों से राजधानी रांची में सबसे विशाल कार्यक्रम करता आ रहा है.इस बार भी झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुख्य अतिथि के रूप में सादर आमंत्रित किया जाएगा, साथ ही मंत्री गण, सांसद गण, विधायक गण, बोर्ड निगम के अध्यक्ष, प्रशासनिक पदाधिकारी, शहर के तमाम पत्रकार गण सहित रांची शहर के विशिष्ट और आमजनों को आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया जाएगा. रामनवमी के शुभ अवसर पर शहर को बैनर पोस्टरों से पाटा जाएगा, दिनांक 5 अप्रैल महाअष्टमी को संध्या बेला में केंद्रीय युवा महावीर मंडल रांची के मंच का शुभ उद्घाटन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और अतिथियों के द्वारा किया जाएगा. रात में आने वाली झांकियो.के बीच शहर का सबसे बड़ा पुरस्कार प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार सहित अन्य पुरस्कार दिया जाएगा, साथ ही सभी राम भक्तों का फूलमाला अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया जाएगा. 6 अप्रैल रामनवमी के दिन लाखों की संख्या में आने वाले श्रीराम भक्तों और अखाड़ा धारीयों का पूरे जोश खरोश के साथ स्वागत किया जाएगा.गर्मी को देखते हुए हर साल की भांति इस साल भी स्वागत मंच से मिनरल वाटर बोतल,बिस्कुट,चॉकलेट और चना गुड का वितरण किया जाएगा.

**रांची जिला में पहली बार टॉक-टू-डीसी कार्यक्रम का आयोजन**

# जिले के विभिन्न पंचायतों के लोगों ने उपायुक्त को बताई अपनी समस्याएं

बिभा संवाददाता



**रांची** : रांची जिला में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने पंचायत भवन से ही जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री को अपनी समस्याएं बता रहे थे, मौका था टॉक-टू-डीसी कार्यक्रम का। जिसमें समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार से जिलास्तरीय पदाधिकारी थी जुडे थे।

कार्यक्रम के दौरान जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने विभिन्न पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित पदाधिकारी से अपडेट लेते हुए समस्या के समाधान के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिन ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याएं बतायी गयी उनका संपर्क नंबर भी जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा लिया गया ताकि आवश्यक कार्यवाही के संबंध में उन्हें जानकारी दी जा सके।

टॉक टू डीसी कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री को पेंशन, राशन, पानी एवं बिजली की समस्या से अवगत कराया। सुदूर लापुंग प्रखण्ड के दानेकेरा पंचायत के महेन्द्र महतो ने बताया कि उन्हें दो महीने से पेंशन नहीं मिल रहा है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को जांच करते हुए पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

बुढ़मू प्रखण्ड के सारले पंचायत से आशीष बेसरा द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत जलापूर्ति के लिए लगाया गये पाइप के टूटने की समस्या बतायी गयी, इस संबंध में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा अभियंता को यथाशीघ्र जलापूर्ति में सुधार का निर्देश दिया गया।

तमाड़ के ओझासाड़म पंचायत की मायावती कुमारी ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत लगे नल से एक महिला द्वारा पानी नहीं लेने दिया जाता, महिला द्वारा पास के स्कूल भवन में भी कब्जा किया गया है। इस संबंध में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा मामले की पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक को स्कूल भवन में कब्जे की भी जांच के निर्देश दिये गये।

कार्यक्रम के दौरान कई पंचायतों के ग्रामीणों द्वारा अबुआ आवास स्वीकृति में विलंब की जानकारी दी गयी। ग्रामीणों से बातचीत करते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने उनका सीरियल नंबर पूछा और बीडीओ सहित जिला स्तर से पोर्टल पर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चयनित लाभुकों को यथाशीघ्र योजना का लाभ सुनिश्चित करायें।

बुढ़म प्रखण्ड के चकमे की बिंदिया देवी ने बताया शादी के बाद वो अब ससुराल के राशन कार्ड में अपना नाम दर्ज कराना चाहती हैं, इसके लिए उन्होंने ऑनलाइन आवेदन भी किया है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा वन नेशन वन राशन के तहत महिला का नाम स्थानांतरित करने के निर्देश दिये।

इसके अतिरिक्त ग्रामीणों की अन्य समस्याओं सुनते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने जिला के सभी पंचायतों के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास के लोगों को टॉक-टू-डीसी कार्यक्रम की जानकारी दें ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके।

## उपायुक्त ने शिशु गृह का किया शुभारंभ

बिभा संवाददाता



**रांची** : जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने समाहरणालय भवन में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए क्रेच की सुविधा और उनके बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए समाहरणालय ब्लॉक बी कमरा संख्या -211 शिशु गृह का विधिवत फीता काट कर शुभारंभ किया गया।

इस दौरान डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, श्री चंदन कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, श्री उत्कर्ष कुमार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी, श्रीमती शाइनी तिग्गा, श्री जफर हसनत एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 में 2017 के संशोधन के बाद कार्यस्थलों पर क्रेच (पालनाघर) सुविधा अनिवार्य को देखते हुए जिला प्रशासन ने क्रेच सुविधा शुरू कर दी है।

**महिलाएँ अपने काम और मातृत्व के बीच संतुलन बना सकेंगी**

जिसमें महिला कर्मचारी को कार्य समय के दौरान क्रेच में बच्चे को रखने की सुविधा मिलेगी। जिससे बच्चों को स्वस्थ आहार और आरामदायक माहौल मिलेगा।

मातृत्व लाभ अधिनियम में क्रेच की सुविधा कार्यरत माताओं को सहयोग देने और उनके बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए जोड़ी गई है। इससे महिलाएँ अपने काम और मातृत्व के बीच संतुलन बना सकती हैं।

जिसमें शिशु गृह में महिला कर्मचारी अपने नवजात शिशु की देखभाल करते हुए अपने शिशु को स्तनपान के साथ अपने बच्चों को रख सकती है।

इस गृह में 0 से 06 वर्ष के बच्चों को रख सकती है, जहाँ छोटे बच्चों के लिए खेल के साधन उपलब्ध है।

**नन्हे-नन्हे बच्चों को देख कर काफी खुश हुए**

जिला दण्डाधिकारी -सह-उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री शिशु गृह (उफएउलए) में नन्हे-नन्हे बच्चों को देख कर काफी खुश हुए, उन्होंने उन्हें अपने गोद में लेकर खूब स्नेह दिया। बच्चें भी उनकी गोद में जा कर काफी खुश हो रहें थे।

**मंईयां सम्मान योजना में फजीर्वाड़ा करनेवाले पर एफआईआर**

## अपात्र व्यक्ति आवेदन देकर स्वयं हटायें अपना नाम नहीं तो होगी कार्रवाई : उपायुक्त

बिभा संवाददाता

**रांची** : राज्य सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का सत्यापन एवं फजीर्वाड़ा करनेवालों पर कार्रवाई जारी है। रांची जिला में सत्यापन के दौरान एक ही बैंक खाते में 112 लाभुकों की सम्मान राशि का भुगतान किये जाने का मामला सामने आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा आरोपी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज किया गया है।

**प्रज्ञा केन्द्र संचालक के साथ मिलकर किया फजीर्वाड़ा**

तमाड़ प्रखण्ड के पंडराजी गांव के कार्तिक पातर ने प्रज्ञा केन्द्र संचालक के साथ मिलकर 112 आवेदकों के बैंक खाता को बदलकर सभी में एक ही बैंक खाता नंबर इनपुट कर दिया। प्रज्ञा केन्द्र संचालक कार्तिक पातर का



भाई है।

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने अपील की है कि जो अपात्र व्यक्ति मंईयां सम्मान योजना का लाभ ले रहे हैं वो आवेदन देकर अपना नाम हटवा लें,, अन्यथा नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि योजना में फजीर्वाड़ा करनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**रांची प्रेस क्लब में पांच महिला पत्रकारों का सम्मान समारोह**

## महिलाओं के विकास के लिए समान अवसर देने की जरूरत : मंत्री दीपिका पांडे सिंह

बिभा संवाददाता



**रांची** । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रांची प्रेस क्लब में सम्मान समारोह का आयोजन कर महिलाओं को सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह और वरिष्ठ पत्रकार अनूज सिन्हा उपस्थित थे। रांची प्रेस क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में महिला पत्रकारों को मंत्री दीपिका पांडे सिंह द्वारा महिला पत्रकारों को मोमेंटो, और शॉल पहना कर सम्मानित किया।

संचालन प्रेस क्लब के महासचिव अमरकांत ने किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह पांडे ने कहा कि महिलाओं के विकास के लिए समान अवसर देने की जरूरत है उन्होंने कहा कि पूर्व के समय में पत्रकारिता के क्षेत्र में सिर्फ पुरूष ही रहते थे लेकिन अब समय बदल गया है। अब इस क्षेत्र में महिलाएं भी आगे आ रही है। यह पत्रकारिता के लिए बहुत अच्छी बात है। अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण कार्य है। और इस कार्य में महिलाओं की बढ़ती संख्या पत्रकारिता के लिए गौरव की बात है।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने कहा कि क्लब का उद्देश्य है कि पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनका मनोबल को बढ़ाया जा सके। क्लब के अमरकांत ने कहा कि महिला पत्रकार समाज के लिए और मीडिया हाउस में कार्य करने वाली दीदी पत्रकारों के लिए सेवा देती है। ऐसे में दोनों वर्ग के महिलाओं को सम्मानित करना हमारे लिए गर्व की बात है। इस मौके पर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र गिरी, पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व सचिव अखिलेश सिंह, पूर्व सचिव जावेद अख्तर , पिन्टू दूबे, सजय सुमन, चंदन भट्टाचार्य,शकील अख्तर मोनू, आदि लोग उपस्थित थे।

## कृषकों तक जानकारी पहुंचाने में सेरीकल्चर रिसोर्स केंद्र उपयोगी: डॉ एनबी चौधरी

बिभा संवाददाता



**रांची** : बनबासी सेवा आश्रम गोविंदपुर सोनभद्र उत्तर प्रदेश में केंद्रीय रेशम बोर्ड वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित एवं रेशम विकास विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से स्थापित ह्लसेरीकल्चर रिसोर्स सेंटरह्व का उद्घाटन बनवासी आश्रम परिसर में किया गया। सचिव सुश्री शुभा प्रेम एवं हेल्दी पीपुल प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक श्री चंदन शुक्ला, खादी ग्रामोद्योग के मैनेजर श्री लाल बहादुर कुशवाहा एवं रेशम विकास विभाग सोनभद्र के सहायक रेशम विकास अधिकारी श्री पंकज कुमार एवं खैराही क्षेत्र के कृषकों, आश्रम परिवार के श्री विमल भाई, देवनाथ भाई, कृष्णा , श्री रामबरन आदि बनवासी सेवा आश्रम के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में महिला कृषक श्रीमती शीला देवी द्वारा फीता काटकर सेंटर का शुभारंभ किया । इस सेरीकल्चर रिसोर्स सेंटर पर तसर कृषकों को तसर संवर्धन की नवीनतम तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है ताकि रेशम का उत्पादन एवं उत्पादकता बढे एवं लोगों को तसर आधारित आजीविका जैसे तसर कोया उत्पादन, धागाकरण, कपड़ा बुनाई से अधिक से अधिक लाभ मिल सके एवं और अधिक गुणवत्तापूर्ण रेशम का उत्पादन हो सके. डा एन.बी. चौधरी निदेशक सीएसबी-सीटीआरटीआई,रांची ने बनबासी सेवा आश्रम एवं राज्य रेशम विभाग उत्तर प्रदेश को इस कार्यक्रम के सफल संयुक्त आयोजन हेतु बधाई दिया है, साथ ही रेशम विकास विभाग उत्तर प्रदेश के निदेशक श्री सुनील कुमार वर्मा को राज्य रेशम विभाग की तरफ से इस प्रशिक्षण हेतु हर संभव मदद करने एवं सहायक निदेशक रेशम सोनभद्र श्री रनबीर सिंह को सोनभद्र में तसर रेशम को आगे बढ़ाने के लिए बनवासी सेवा आश्रम के साथ मिलकर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन सफल बनाने हेतु एवं सेरीकल्चर रिसोर्स सेंटर पर तसर कृषकों के प्रशिक्षण की सफलता हेतु बधाई दिया। इस सेंटर के संयोजन में सीएस बी सीटीआरटीआई रांची के वैज्ञानिक डा विशाल मित्तल एवं डा जयप्रकाश पांडेय ने भी योदगान दिया।

**उषा मार्टिन फाउंडेशन की पहल : मानसिक रूप से 20 दिव्यांग के लिए संबल योजना शुरू**

## दिव्यांग समाज के बिना संपूर्ण विकास संभव नहीं: डॉ मयंक मुरारी

बिभा संवाददाता




**रांची**। समाज के सभी लोगों की सहभागित और प्रगति से ही समग्र विकास हो सकेगा। इसमें मानसिक और शारीरिक रूप से दिव्यांग को विकास की मुख्यधारा में जोड़ना एक अहम कड़ी है। दिव्यांग समाज के बिना संपूर्ण विकास की परिकल्पना ही अधूरी है। उक्त बातें उषा मार्टिन के महाप्रबंधक डॉ मयंक मुरारी ने कहीं। वह आज मानसिक रूप से दिव्यांग युवतियों के लिए सिलाई, टेलरिंग और कढ़ाई के प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर विचार व्यक्त कर रहे थे। उषा मार्टिन फाउंडेशन ने दीपशिखा के समन्वय से मानसिक रूप से दिव्यांग महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए संबल परियोजना की शुरूआत की है। एक वर्ष के प्रशिक्षण के बाद कुल 20 बौद्धिक रूप से अक्षम लड़कियों को प्रशिक्षित किया जाएगा और उन्हें रोजगार दिया जाएगा।

दीपशिखा की हेड सुधा लीला ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य सिलाई, टेलरिंग और कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर विकलांग व्यक्तियों को सशक्त बनाना है। यह पहल प्रतिभागियों को नए कौशल हासिल करने, उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने और वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में सक्षम बनाएगी। एक सहायक वातावरण को बढ़ावा देकर, परियोजना विकलांगता के इर्द-गिर्द कौशल अंतर और सामाजिक कलंक दोनों को संबोधित करेगी, कार्यबल में समावेश के लिए एक मार्ग का निर्माण करेगी। मंजू गुप्ता ने कहा कि दिव्यांग महिलाओं के विकास के लिए ऐसी योजना बहुत लाभकारी होगा।

उषा मार्टिन के माध्यम से गांवों में दिव्यांग को सहयोग एवं समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक गांवों के 15 दिव्यांगों को जांच के बाद व्हिलचेयर, ट्राईसाईकिल, ईयर मशीन आदि मुहैया कराया गया है। प्रोजेक्ट संबल के तहत जिन दस लोगों का पहले चरण में प्रशिक्षण दिया जायेगा। उनके नाम है- अमर चैधरी, छोटी रानी, सुनिधि कुमारी, रिया कुमारी, बुलबुल कुमारी, अबु रेहान, हेमा कुमारी, सुनीता कुमारी, शिल्पा एक्का और श्वेता शिल्पी है। इसे राहील कच्छप और बिना लिंडा के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। मनीषा एक्का इस परियोजना का समन्वय करेंगी।

## कोयले के अवैध व्यापार में कितने निर्दोष की जान लेगी राज्य सरकार : मरांडी

बिभा संवाददाता

**रांची** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज अपराधियों द्वारा एनटीपीसी हजारीबाग के डीजीएम गौरव कुमार की अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने पर राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा।

श्री मरांडी ने कहा कि हजारीबाग में एनटीपीसी कोयला परियोजना के डीजीएम गौरव कुमार की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से स्तब्ध हूं। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जिस प्रकार भड़काऊ बयान देकर कोयला कारोबार को प्रभावित करने की धमकी दी गई, उसके बाद से अपराधियों के हौसले और बुलंद हैं। कल 7 मार्च को रांची में एक कोयला कारोबारी के ऊपर जानलेवा हमले के बाद भी पुलिस सचेत नहीं हुई। अंततः अपराधियों ने एक युवा होनहार अधिकारी की जान ले ही ली। हेमंत सोरेन ने अपराधियों को उकसा कर कोयला कारोबार में खूनी संघर्ष का आगाज कर दिया है। न जाने कोयले के काले कारोबार में कितने निर्दोष लोगों की जान लेगी यह सरकार? झारखंड में धनबाद, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा के इलाके से प्रतिदिन हजारों ट्रक कोयले की चोरी ह्ल सरकारी तंत्रह्व के संरक्षण में हो रही है, जिसके वसूली का पैसा नीचे से ऊपर तक बंट रहा है। यदि इस चोरी पर रोक नहीं लगी, तो इसी तरह रोज हत्याएं होंगी,निर्दोष लोगों की जानें जाती रहेंगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केलिए यह उपयुक्त समय है कि सबसे पहले वे कोयले की चोरी बंद कराएं। अपराधियों को पकड़ने के लिये एसआईटी बनाकर कार्रवाई करना अच्छी बात है। लेकिन इससे भी जरूरी है कि कोयला चोरी पर अंकुश लगाने के लिये ईमानदार अधिकारियों के नेतृत्व में एसआईटी बनाया जाए क्योंकि जबतक रक्षक ही भक्षक बने रहेंगे तबतक कोयला चोरी और इसको लेकर हो रहे अपराध पर अंकुश कैसे लगेगा?

# संक्षिप्त खबरें

## समाज व देश को सबल व समृद्ध बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका



**बोकारो(बिभा) :** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में शनिवार को महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उप प्रधानाध्यापक राखी बनर्जी व हेड मिस्ट्रेस सपना जोशी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप प्रधानाध्यापक राखी बनर्जी ने कहा कि प्रत्येक महिला को स्वयं पर विश्वास होना चाहिए, तभी वह कुछ बड़ा कर सकती है। महिला केवल घर-परिवार ही नहीं संभालती है, अपितु समाज व देश को सबल व समृद्ध बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। शिक्षिकाएं बच्चों को नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रदान करती हैं। विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। शिक्षा के जरिए बच्चों की तकदीर संवारने की दिशा में सकारात्मक काम कर रही हैं। हेड मिस्ट्रेस सपना जोशी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सम्मान दिया गया है। जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। इसलिए नारी का सम्मान करना चाहिए। कहा कि महिलाएं शिक्षा, राजनीति, खेलकूद सहित अन्य क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। शिक्षिकाओं ने गीत प्रस्तुत किए। इस दौरान शिक्षिकाओं व महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## डीएवी 6 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाई गई



**बोकारो(बिभा) :** डी ए वी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 बोकारो में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाई गई। इस अवसर पर सभी महिला शिक्षकों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या अनुराधा सिंह ने सभी को शुभकामनाएँ दी और कहा कि समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनना होगा। समाज में बदलाव लाना जरूरी है ।यह दिन महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता और उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरुकता फैलाने वाले दिन का है। मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक अखिलेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर शिक्षक भोलांचल स्वेन, विद्यासागर झा , राजेश ने भारतीय संस्कृति में नारी के महत्व को विस्तार से बताया ।यस्य पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवताः। प्राचीन वैदिक काल और वर्तमान समय में नारियों की स्थिति की भी चर्चा की। वरीय शिक्षिका जाह्नवी बनर्जी ने समाज में कहा कि नारी को सृष्टि की अनमोल रचना माना। इस अवसर पर संगीत शिक्षिका झूमा चक्रवर्ती ने मधुर स्वर में गीत की प्रस्तुति दी। हिंदी शिक्षिका नीलम झा ने 'कभी मेरी भी सुन लो ना ' कविता की प्रस्तुति की। शिक्षिका ममता कुमारी ने महिला के आगे बढ़ने में परिवार और समाज भूमिका पर प्रकाश डाला। शिक्षिका सोनिया ने नारी सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त की। इस अवसर पर किरण सिंह, सोनिया, अराधना कुमारी,सरोज कुमारी, रूपा सिंह, विभा झा,मनीषा सहाय,स्वरूप नाथ, सुनीता कुमारी, भावना घले,रूबी कुमारी, रूबी यादव, आभा कुमारी, ज्योति बाला श्यामभूषण श्रीवास्तव, अमित कुमार, रंजन कुमार सहित शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## चीरा चास में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का आयोजन



**बोकारो(बिभा) :** बोकारो के चीरा चास की कविता सिंह मेयर प्रत्याशी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह चास के आशियाना गार्डन 4 के निकट डोसा कॉर्नर में मनाया है। आज देश ही नहीं संपूर्ण विश्व में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। उसी कड़ी को जोड़ते हुए आज हर क्षेत्र से महिलाएं शामिल हुई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देश के सभी माताओं, बहनों एवम बेटियों को ढेर सारी शुभकामनाएं व हार्दिक बधाई दिया है। इस अवसर पर महिलाएं सिर्फ अपने सपनों को ही नहीं, बल्कि समाज के भविष्य को भी एक नई दिशा देती हैं, उनकी मेहनत, उनकी नेतृत्व क्षमता न सिर्फ आर्थिक विकास को गति देती, बल्कि सामाजिक संरचनाओं में सकरात्मक बदलाव लाती है। महिलाएं आत्मनिर्भरता सशक्तिकरण और समानता की वह किरण है, जो नये भारत के तश्वीर को रौशन कर रही हैं। समिति की महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दीं। होली गीतों का गायन भी हुआ। सभी ने होली गीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अध्यक्ष कविता सिंह, नीलम, गरिमा, सुधा कुमारी ,बबीता ,अनीता सिंह ,आरती सिंह, विनीत कंचन सुषमा सुषमा रेखा आदि उपस्थित रहीं।

## बोकारो डेंटल एसोसिएशन ने मनाया विश्व महिला दिवस, महिला दंत मित्रों को किया सम्मानित



**बोकारो(बिभा) :** बोकारो क्लब में बोकारो डेंटल एसोसिएशन के तत्वाधान में विश्व महिला दिवस मनाया गया। महिला दिवस की खास बातें महिलाओं को उनके संघर्ष, शक्ति, प्रेम,ममत्व और विशिष्टता के लिए सभी महिला दंत मित्रों को सम्मान दिया गया। साथ ही नृत्य एवं संगीत का समागम भी हुआ। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अनुप्रिया पंकज, सचिव आईएमए बोकारो, एवं मुख्य अतिथि डॉ. मैत्री, डॉ. क्षमा, एवं डॉ. अनु. थीं। यह दिन सभी महिलाओं के योगदान को नहीं, बल्कि उनकी मेहनत, समर्पण और संघर्ष की भावना को भी सलाम करने का है। वर्तमान में महिलाओं, पुरुषों की तरह हर क्षेत्र में अपनी मेहनत और उत्कृष्टता से दुनिया को एक नई दिशा मिलती है, त्याग वह घर की जिम्मेदारियां हो या इतिहास में अपनी पहचान बना रही है। मौके पर डॉ. ऋचा, डॉ. शीला विजेता, डॉ. विजयलक्ष्मी, डॉ. लता मंजरी, डॉ. तूलिका, डॉ. विशाखा, डॉ. तान्या गोयल, डॉ. शालू, डॉ. प्रियंका बोकारो डेंटल एसोसिएशन के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# महिलाएं अब कई क्षेत्रों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है : निदेशक, डीपीएलआर

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर 2 डी कला केंद्र के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक, डीपीएलआर मेनका, अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढांडा एवं जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने मातृ शक्ति का वंदन किया और महिलाओं को देश प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक, विकास में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाने के लिए कृतज्ञता व्यक्त किया गया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता ने सभी महिलाओं को एक पेन दिया। साथ ही उन्होंने आवाह्न किया कि अपने बच्चों को पढ़ाए, आर्थिक रूप से सशक्त बनाएं एवं आत्मनिर्भर बनाएं। उन्होंने आगे कहा कि सशक्तिकरण का मतलब सिर्फ आर्थिक रूप से सक्षम बना होना नहीं बल्कि महिलाएं तब सशक्त होगी। जब घर के हर निर्णय में उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो। आज के इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से इस महिला दिवस पर एक पेन के माध्यम से संदेश देने का छोटा सा प्रयास किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि बेटियों के हाथों की सुंदरता बढ़ाने के लिए चूड़ी नहीं बल्कि कलम दे ताकि वो अपना हाथ नहीं अपना भविष्य सवार सके।

इस दौरान कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता ने सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के विकास एवं कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है जिनका लाभ दिलाने का प्रयास निरंतर जारी है। साथ ही सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना, सर्वजन पेंशन योजना एवं किशोरी समृद्धि योजना की विस्तार से जानकारी दिया*। इसके अलावे बेटियों की जन्म की खुशी में महिलाओं को मेडिकल किट दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक, डीपीएलआर मेनका ने कहा कि महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए राज्य और केंद्र सरकार अनेक कार्यक्रम चला रहे हैं। बिना किसी भेदभाव के मातृ शक्ति को उनका हक दिलाने कई अभूतपूर्व निर्णय भी सरकार ने लिए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अब तक 50% आरक्षण मिल रहा है, जिससे घर की चारदिवारी से बाहर निकाल कर महिलाएं अब कई क्षेत्रों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। उन्होंने आगे बताया कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आत्मसम्मान से जीने की राह दिखाई है।

वहीं कार्यक्रम में भूमि सुधार उपसमाहर्ता प्रभाष दत्ता ने कहा कि महिलाओं के लिए समर्पित एक दिन है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस दुनिया भर में महिलाओं के सम्मान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। उन्होंने महिलाओं के संदर्भ में कहा कि माँ के रूप में जन्म देती, बहन बनकर स्नेह लुटाती।

पत्नी बनकर साथ निभाती, बेटी बन आँगन महकाती। मौके पर सभी सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जेएसएलपीएस की दीदी सहित अन्य उपस्थित थे।

### महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है : प्रांजल

अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढांडा ने कहा कि आज के जमाने में महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है। महिलाओं की सहभागिता से ही आज हम अपने प्रदेश और देश को विकास के रास्ते पर बहुत आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि महिला शक्ति की अनेको कहानियां है। एवरेस्ट फतह हो या आईआईटी, आईआईएम में पढ़ाई हो या बड़ी फैक्ट्रियां और कार्यालय संस्थान चलाने की बात हो, महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है। उन्होंने जिले में विभिन्न क्षेत्रों में आज अच्छा काम करने वाले महिलाओं को आगे लाने, उन्हें प्रोत्साहित करने के साथ कमजोर वर्ग की महिलाओं को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा। इसके लिए विस्तृत योजना बनाई जाएगी और महिलाओं को उचित मदद भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### सभी महिलाओं को बेटी बेटे पर सम्मान रूप से ध्यान देने पर जोर दिया : सुमन गुप्ता

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता ने कहा कि सरकार ने महिलाओं लड़कियों को सशक्त करने के लिए अनेक सरकारी योजनाएं चलाई है। जरूरत है, आपको आगे बढ़ कर उसका लाभ लेने के लिए हम इसे अपने विभाग से शुरूआत करते है। साथ ही सभी महिलाओं को बेटी बेटे पर सम्मान रूप से ध्यान देने उनका पालन-पोषण, शिक्षा-दीक्षा करने पर जोर दिया। उन्होंने बेटियों को परिवार बढ़ाने वाली सबसे पहली सामाजिक कड़ी बताया। उन्होंने बेटियों को किसी से कम नहीं समझने, मान-सम्मान देने और उसमें आत्मविश्वास जागृत करने की शुरूआत अपने घरों से ही करने का आवाह्न कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से किया। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि *यूं ही नहीं मिलती राही को मंजिल, एक जुनून सा दिल में जगाना होता है। पूछा चिड़िया से कैसे बना आशियाना वह बोली भरनी पड़ती है उड़ान बार-बार..... तिनका तिनका उठाना होता है।

### समाज को एक नई दिशा और दशा दिखाने का काम कर रही है : वंदना

जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने कहा कि आज कोई भी ऐसा काम नहीं जो आज महिलाएं ना कर पाए बस करने का जुनून और हौसला बुलंद और इरादा पक्का होना चाहिए तो मुकाम खुद व खुद चलकर सामने आ जाती है और इसकी मिसाल है बोकारो जिला है आज बोकारो जिले के कई उच्च पदों पर महिला पदाधिकारी विराजमान है और अपनी कड़ी मेहनत और लगन से आज समाज को एक नई दिशा और दशा दिखाने का काम कर रही है।

## रोटरी क्लब चास की पहल: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 16 महिलाओं को किया गया सम्मानित

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** रोटरी क्लब चास द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोल्डन हट में आयोजित इस कार्यक्रम में 16 महिलाओं को सम्मानित किया गया ।

रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदान का सम्मान करने और लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।

कार्यक्रम की संयोजक डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी महिलाओं के अधिकार एवं सशक्तिकरण की हितेषी है। डिंपल ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने एवं समाज में उनकी भागीदारी को और मजबूत करने की जरूरत है।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्वेता सिंह विधायक बोकारो ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं और हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। श्वेता सिंह ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि प्रेरणा देता है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि महिलाओं को बराबरी एवं अधिकार सुनिश्चित करने के लिए हमें लगातार प्रयास करने हैं। श्वेता सिंह ने कहा महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना समृद्ध एवं न्याय संगत समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। श्रीमती श्वेता सिंह ने सम्मानित महिलाओं की समाज में उनके योगदान के लिए प्रशंसा की तथा आशा व्यक्त की अन्य के लिए आदर्श बनेगी। सम्मानित पाए गए सदस्यों में चिकित्सक डॉ अनु कुमारी,डॉ अनुपमा वर्मा शिक्षिका लीना मिश्रा,मंजू कुमारी, गैर शिक्षण कर्मचारी ललिता देवी, हेमंती देवी उपचारिक बहन मधु कुमारी,बहन रूबी कुमारी, घरेलू कार्य करने वाली सुमन कुमारी, साधना कुमारी होम्योपैथि चिकित्सालय सहायिका सरिता कुमारी महिला व्यवसायी डिम्पल कौर, रेखा चांडक, स्वीटी कोठारी , सिद्धि बेगवानी,प्रिया केजरीवाल ।

रोटरी क्लब चास के सचिवालय मुकेश अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सा, शिक्षा, व्यापार और घरेलू कार्य जैसे विभिन्न क्षेत्र की 16 महिलाओं को सम्मानित किया गया?। मुकेश ने कहा कि अपनी मेहनत और लगनशीलता से इन महिलाओं ने समाज को प्रेरित किया है। इसके पूर्व बोकारो की पहली महिला विधायक श्वेता सिंह को बिनय सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्वेता सिंह ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बैद, नरेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, धनेश बंका, पूजा बैद,ललिता चोपड़ा, कुमार अमरदीप, रितु अग्रवाल,माधुरी सिंह, संजय रस्तोगी, शैल रस्तोगी, प्रेम शंकर सिंह, अर्चना सिंह, पूनम अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, किरण कुमार, कविता बंका, प्रिया केजरीवाल, मंजीत सिंह, आरती पारख, अंजना झांझरिया आदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## प्रगति सेवा आश्रम ने महिला दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** प्रगति सेवा आश्रम के तत्वावधान में रेडक्रॉस ब्लड बैंक एवं बोकारो रक्तवीर परिवार के सहयोग से महिला दिवस के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। क्षेत्र की माननीय विधायक श्वेता सिंह महोदया भी इस पुनीत कार्य में सहभागी बने और रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया।

रक्तदान शिविर में महिलाओं युवाओं, समाजसेवियों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना है।

प्रगति सेवा आश्रम की टीम ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रेडक्रॉस ब्लड बैंक के विशेषज्ञों ने रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बोकारो रक्तवीर परिवार के अध्यक्ष संजय शर्मा जी ने अपना 52वां रक्तदान किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा, रक्तदान एक महादान है। इससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। मैं प्रगति सेवा आश्रम को इस सराहनीय पहल के लिए धन्यवाद देती हूँ और समाज के प्रत्येक नागरिक से आग्रह करती हूँ कि वे नियमित रूप से रक्तदान करें।

प्रगति सेवा आश्रम की सचिव ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों रेड क्रॉस के चेयरमैन,सचिव, एवम उनकी पूरी टीम बोकारो रक्तवीर परिवार के सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों का आयोजन करने का संकल्प लिया। मौके पर इंस्पेक्टर संगीता कुमारी, प्रगति शंकर,सोनी कुमारी, रुबी, सुष्मिता,अनुपमा,अनिता,सुधा मिश्रा मीनल दीप,आनंद,अंकित, डॉ.शैलेश,अमन गर्ग विनय,राजा,आदि लोगों ने रक्तदान किया ।

## महिलाओं के लिए अधिकार, समानता व सशक्तिकरण में लाना होगा तेजी : श्वेता



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** प्रो बारी सहकारी गृह निर्माण समिति लि. तेतुलिया बोकारो की ओर से शनिवार को बारी को-ऑपरेटिव के अभिनंदन हाल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया.

बतौर मुख्य अतिथि बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि महिला सुरक्षा आज भी बड़ा मुद्दा है. महिलाओं को सशक्त करने की बात सिर्फ महिला दिवस पर ही नहीं वरन हर दिन होना चाहिए. कहा कि महिलाओं के लिए अधिकार, समानता व सशक्तिकरण में तेजी लाना होगा. मैं महिला दिवस के अवसर पर हर महिला को अपनी शुभकामनाएं देती हूं.

मुख्य वक्ता सिविल कोर्ट चास की वरीय अधिवक्ता अनु मिश्रा ने कहा कि नारी के लिए मेरा कहना है तू शक्ति, तू भक्ति, तू संगिनी, तू सहचर, फिर क्यूं पूछती है किससे बेहतर है तू. अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष जेएन सिंह ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी कार्य मे पुरुषों से कम नहीं है. पुरुषों के साथ महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम कर रही है.

संचालन पीपी प्रसाद ने की. धन्यवाद ज्ञापन सचिव एबी सिंह ने की. कार्यक्रम को सफल बनाने में माला हेमरोम, प्रमिला देवी, कमला देवी, पुनम सिंह, सुधा पांडेय, आरके सिंह, पुनम सिंह, रतन कुमार सिंह, बिमल कुमार सिन्हा, आरपी सिंह, कामेश्वर प्रसाद, डीएन सिंह, एसपी सिंह, डॉ अश्विनी कुमार कुशवाह, गुरुनानक प्रसाद, जितेंद्र कुमार, अशोक प्रसाद, नीतीश प्रसाद सहित अन्य सोसायटी के सदस्य मौजूद थे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस: बोकारो विधायक श्वेता सिंह को मिला सम्मान



**बोकारो :** अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर कविता सिंह बृजवासी गौ रक्षक प्रदेश अध्यक्ष ने बोकारो विधायक श्वेता सिंह को समानित की और बोकारो के सेक्टर और चीरा चास क्षेत्र के बोकारो निवास के पीछे अधूरा रोड को पूरा करने पांडे पूल तक लाइटिंग के व्यवस्ता के लिए बात हुई।

## अग्नि पिड़ित परिवार से मिले कुमार अमित ज़िला प्रशासन से किया मुआवजे की मांग

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** चास प्रखंड के चाकुलिय पंचायत अंतर्गत चीतामी गाँव में शक्रवार को शाम एक घर में आग लग गई जिसमें वहाँ के निवासी बिन्दु महतो का खपरैल का पुरा घर, सामान, राशन, कागजात, नगद सब जल कर राख हो गया। भाजपा नेता कुमार अमित और चास अनुमण्डलाधिकारी के पहल से मौके पर अग्निशमन की टीम घटना स्थल पर पहुँच कर आग पर काबू पायी। तब तक सारा समान जल चुका था। शनिवार को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित इस गाँव का दौरा करके पिड़ित परिवार से मिले एवं परिवार को हुए नुकसान का जायजा लिया। अब तक इस परिवार को ज़िला प्रशासन से किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिलने पर नाराजगी कुमार अमित ने नराजगी जतायी एवं प्रशासनिक अधिकारियों से फोन पर बात कर आपदा राहत कोष से उचित मुआवजे की माँग की। इस परिवार को अब तक किसी सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिला है। मजबूरन परिवार कच्चा खपरैल घर में रहने को मजबूर है। इस परिवार तक अब तक बिजली भी नहीं पहुँच पायी है। यह परिवार अब भी ढिबरी की रोशनी में अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। कुमार अमित ने प्रशासनिक अधिकारियों से इस परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजन, बिजली कनेक्शन, शौचालय आदि का लाभ भी दिलाने की माँग की है। भाजपा नेता ने सामाजिक स्तर से तत्काल राहत हेतु कुछ आर्थिक सहयोग भी किया। इस अवसर पर भाजपा पिण्ड्राजोड़ा मंडल महामंत्री रतन महतो, विनय महतो, लालबाबू, करण गोराई, चन्द्रप्रकाश, शान्तिराम महतो आदि भी मौजूद थे।

## बोकारो पुलिस ने शुरू की जांच: बालीडीह थाना क्षेत्र में ज्वेलरी दुकान में चोरी की घटना

बिभा संवाददाता




**बोकारो :** बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र के ज्वेलरी दुकान में तीन से चार लाख रुपए के आभूषण की हुई चोरी। दुकान में देर रात सेंधमारी करके चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम। जांच में जुटी पुलिस। घटना के बारे में बीरेंद्र ज्वेलरी दुकान के मालिक ने कहा की रात को दुकान बंद करके घर चले गए जहां देर रात अपराधियों ने दुकान में सेंधमारी कर दुकान को तोड़कर दुकान के अंदर प्रवेश किया और करीब 3 से 4 लाख रुपए के आभूषण पर हांथ साफ कर दिया । उन्होंने कहा की थाना को सूचना दिए है। बताते चले की ये दुकान बालीडीह थाना क्षेत्र के बालीडीह मार्केट में है जहां चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। वही बोकारो के मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता ने कहा कि ढाई से तीन लाख रुपए की चोरी हुई है पूरे मामले को लेकर वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान किया जा रहा है, बहुत जल्द अपराधी सलाखों के पीछे होंगे।


# संक्षिप्त खबरें

## मेगा सर्विस एवं एक्सचेंज कार्निवाल का आयोजन



**हजारीबाग(बिभा):** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लक्ष्मी ऑटोबाइक्स चानो द्वारा एक मेगा सर्विस एवं एक्सचेंज कार्निवाल का आयोजन किया गया है जो 10 मार्च 2025 तक चलेगी। इसमें ग्राहकों को सिर्फ 49 रुपए में सर्विसिंग किया जा रहा है इस के साथ फ्री प्रदूषण चेकअप सर्टिफिकेट, फ्री पॉलिश, वॉशिंग, नाइट्रोजन फिलिंग एवं जॉयराइड कार्ड दिया । महिलाओं के लिए यह सारा बिल्कुल मुफ्त किया जा रहा है। कैंप में मुफ्त आई चेकअप की भी व्यवस्था की गई है। इस कार्निवल में नई गाड़ियों गाड़ियां भी खरीद सकते हैं और अपनी पुरानी बाइक का एक्सचेंज की भी व्यवस्था की गई है। हीरो की नई इलेक्ट्रिक स्कूटर विडा खरीदने पर 16000 रुपए तक का डिस्काउंट एवं इसके साथ 12500 हजार रुपए का सरकारी सब्सिडी की भी व्यवस्था है।

## श्री राणी सती दादी मंदिर में भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन कल



**हजारीबाग(बिभा):** आगामी 10 मार्च सोमवार को रंग भरी एकादशी के पावन अवसर पर श्री राणी सती दादी मंदिर में एक भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के मुख्य प्रेरक श्री श्याम टाबरिया हैं, जिन्होंने इस धार्मिक आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था संभाली है। यह भव्य संकीर्तन कार्यक्रम संध्या 7:00 बजे से प्रारंभ होकर प्रभु इच्छा तक चलेगा, जहां बाबा श्याम जी के पावन नाम का गुणगान होगा। इस कार्यक्रम में भक्तजन भक्ति भाव में डूबकर भजनों और संकीर्तन का आनंद उठाएंगे।रंग भरी एकादशी का विशेष महत्व है। यह एकादशी फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष में आती है और इसे बाबा श्याम जी के विशेष दिन के रूप में मनाया जाता है। भक्तों का मानना है कि इस दिन बाबा श्याम के श्री चरणों में रंग और गुलाल अर्पित कर भक्ति का रस प्राप्त किया जाता है। इस अवसर को होली के शुभ पर्व से भी जोड़कर देखा जाता है, जहां भक्त प्रेम और भक्ति के रंगों में रंगकर बाबा श्याम जी के नाम का गुणगान करते हैं।इस आयोजन के दौरान भक्तों के लिए प्रसाद वितरण की भी विशेष व्यवस्था रहेगी, ताकि सभी भक्त इस पावन अवसर का पुण्य लाभ प्राप्त कर सकें। आयोजक श्री श्याम टाबरिया ने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का हिस्सा बनने और बाबा श्याम जी के पावन नाम का आनंद लेने का आग्रह किया है।भक्ति, प्रेम और भजन के रंगों से सराबोर इस पावन संध्या में आप सादर आमंत्रित हैं।

## श्री रामकृष्ण शारदा आश्रम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**हजारीबाग(बिभा):** श्री रामकृष्ण शारदा आश्रम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मां शारदा और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय की सभी महिला कर्मियों को प्राचार्य एवं अन्य सदस्यों के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक दयानंद कुमार यादव ने स्वागत भाषण दिया। इस कार्यक्रम में बीएड सत्र 2024-26 की प्रशिक्षु शिक्षक अंजली यादव, मुस्कान अल्वी, अनम फातिमा तथा प्रिया उपाध्याय ने अपने वक्तव्य दिए तथा सोनिया परवीन, सत्यव्रत पांडे, सुचेता रंजन तथा पल्लवी रानी ने कविता सुनाई। महाविद्यालय की सभी महिला शिक्षिकाओं ने केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समाप्ति पॉल ने महिला की महत्ता को बताते हुए कहा की संसार में मां से बढ़कर कोई दूसरा शिक्षक नहीं और मां के आंचल से बढ़कर कोई दूसरा संरक्षण नहीं है। कार्यक्रम में वरीय प्राध्यापिका डॉ. अपोलिना बाखला तथा प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ. दीपंकर मैती ने आशीर्वचन दिए तथा धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्य डॉ. परीक्षित लायक ने दिया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन छात्रा कोमल कुमारी तथा प्रशंसा कुमारी ने निभाई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जन जागरण केंद्र द्वारा आयोजित नारी शक्ति का अभिवादन समारोह हुआ आयोजन



**हजारीबाग:(बिभा)** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शहर के पीटीसी चौक स्थित जन जागरण केंद्र में नारी शक्ति का अभिवादन समारोह में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता बतौर अतिथि कार्यक्रम में हुई। जहां जन जागरण केंद्र द्वारा अंग वस्त्र एवं सोहराय की आकृति भेंटकर सहर्ष स्वागत एवं अभिनंदन काफी किया गया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण एवं अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर उपस्थित महिलाओं को संबोधित किया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि सुसंस्कृत समाज व सशक्त राष्ट्र को आकार देने में अद्वितीय योगदान दे रही नारीशक्ति को नमन करती हूँ। आज के समय में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि नारी की पूजा जहां की जाती है, वहां देवताओं का निवास होता है। किसी भी देश के विकास में महिलाओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। इसके बाद भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने भाजपा महिला मोर्चा, हजारीबाग द्वारा सदर विधायक कार्यलय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला वित्तीय सशक्तिकरण कार्यक्रम में शामिल हुई। महिला मोर्चा की साथियों ने उनका तिलक चंदन एवं अंगवस्त्र के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण पर मुख्य मंच पर संबोधित किया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर एवं अंगदान जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन

# महिलाएं समाज का आधार स्तंभ हैं, उनका स्वस्थ और सशक्त होना समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है : प्रदीप प्रसाद

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा हजारीबाग सदर विधायक कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ-साथ अंगदान जागरूकता अभियान भी आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अंगदान के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में पारस हॉस्पिटल की टीम ने विशेष रूप से महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट, बीएमआई चेकअप, आंखों की जांच, स्त्री रोग संबंधी जांच और अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस शिविर का लाभ उठाया और चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। इस अवसर पर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के चिकित्सकों ने अंगदान की प्रक्रिया, उसके महत्व और उससे होने वाले लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति का अंगदान कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन दे सकता है। जागरूकता अभियान के अंत में भाजपा महिला मोर्चा की कई सदस्यों ने अपने अंगदान का संकल्प लिया, जो समाज के लिए प्रेरणादायक पहल रही।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा महिला मोर्चा का यह प्रयास स्वास्थ्य जागरूकता और मानव सेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा की महिलाएं समाज का अभिन्न अंग हैं और उनका स्वास्थ्य और कल्याण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। भाजपा महिला मोर्चा का यह प्रयास समाज में स्वास्थ्य और सेवा भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष साक्षी राणा ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम केवल स्वास्थ्य जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और अंगदान जैसे पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। कार्यक्रम के अंत में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पारस हॉस्पिटल और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की टीम को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और समाज सेवा के क्षेत्र में एक सफल पहल के रूप में संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाया।

# एनटीपीसी अधिकारी की सरेआम गोली मारकर हत्या

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग:** झारखंड के हजारीबाग में अपराधियों ने एनटीपीसी के सीनियर मैनेजर कुमार गौरव की गोली मारकर हत्या कर दी। यह दिल दहला देने वाली घटना शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतहा के पास हुई, जब वह अपने कार्यालय जा रहे थे। पीठ में गोली लगने के बाद उन्हें हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इस मामले में तीन संदिग्धों से पूछताछ जारी है। मामले का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। कुमार गौरव बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले थे। उनकी पोस्टिंग 6 माह पहले ही केरेडारी में हुई थी। इधर एनटीपीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों में इस हत्या के बाद भारी डर का माहौल है। बड़कागांव और केरेडारी क्षेत्र में एनटीपीसी के कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जहां अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन बढ़ते अपराध के कारण वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ज्ञात हो कि यह पहली बार नहीं है जब किसी अधिकारी को निशाना बनाया गया हो। वर्ष 2019 के दिसंबर महीने में हजारीबाग में एनटीपीसी के लिए काम करनेवाली त्रिवेणी कंपनी के एजीएम गोपाल सिंह की हत्या हुई थी। उस वारदात में उदय साव का नाम मुख्य साजिशकर्ता के तौर पर सामने आया था और वह कई महीने तक जेल में बंद रहे थे। वही 10 मई 2023 को जिले के बड़कागांव चट्टी बारियातू कोल माइंस (करेडारी) के अंतर्गत काम करने वाली रित्विक कंपनी के डिप्टी जीएम शरद कुमार की अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी. डिप्टी जीएम को आईडीबीआई बैंक, बड़कागांव के समीप बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी थी. कभी हजारीबाग में स्थानीय लोग और अधिकारी खुलकर अपनी समस्याएं रख सकते थे, लेकिन अब अपराधों की बढ़ती घटनाओं ने हालात बदल दिए हैं। एनटीपीसी अधिकारियों की सुरक्षा इतनी सख्त कर दी गई है कि स्थानीय लोग अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलना भी मुश्किल समझने लगे हैं। उनसे मिलना आज की तारीख में नानमुकिन ही है. इस हत्याकांड ने हजारीबाग और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन अपराधियों को जल्द पकड़ पाता है या नहीं, और एनटीपीसी अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

### एनटीपीसी अधिकारी की हत्या पर कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह की कड़ी प्रतिक्रिया, न्याय और सुरक्षा का दिलाया भरोसा



**हजारीबाग(बिभा)** : शनिवार को एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक (डीजीएम) कुमार गौरव की नृशंस हत्या के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक दुखद और गंभीर घटना है, लेकिन हमें न्याय प्रणाली और प्रशासन पर विश्वास रखना चाहिए। पुलिस पूरी तत्परता से जांच कर रही है, और मुझे भरोसा है कि अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा, हम सरकार से मांग करते हैं कि औद्योगिक क्षेत्र और वहां कार्यरत अधिकारियों की सुरक्षा को मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। मैं खुद इस मुद्दे पर लगातार प्रशासन से संपर्क में हैं और न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। मुन्ना ने एनटीपीसी कर्मचारियों और स्थानीय लोगों से संयम बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा, हमें डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि एकजुट होकर प्रशासन का सहयोग करना होगा ताकि अपराधियों को शीघ्र पकड़ा जा सके। उन्होंने कुमार गौरव के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और हरसंभव सहायता देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय की लड़ाई में उनका पूरा सहयोग रहेगा।

### दामोदर घाटी निगम ने महिलाओं के सम्मान में भव्य कार्यक्रम का किया आयोजन

## महिला सृजन की शक्ति, सम्मान की प्रतीक: संजय कुमार



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दामोदर घाटी निगम द्वारा महिलाओं के सम्मान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की हजारीबाग सेवाकेंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी हर्षा दीदी और देवांगना सेवाकेंद्र की संचालिका तृप्ति दीदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में कॉलोनी की महिलाओं को सम्मानित किया गया। दामोदर घाटी निगम के निर्देशक संजय कुमार, सहयोगी एस.के. शर्मा और राहुल कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। निर्देशक संजय कुमार ने ब्रह्माकुमारी बहनों को शॉल, बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया और कहा कि महिला केवल एक दिन के सम्मान की हकदार नहीं, बल्कि वह हर दिन सम्मान की अधिकारी है। वह सृजन की शक्ति है, जो समाज की दशा और दिशा बदलने की क्षमता रखती है। एस.के. शर्मा ने कहा कि बिना नारी के सृष्टि की उत्पत्ति भी संभव नहीं होती। ब्रह्माकुमारी हर्षा दीदी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हर महिला को पहले स्वयं का सम्मान करना सीखना चाहिए। जब हम खुद को स्व-सम्मान में रखते हैं, तो फिर किसी और के सम्मान या अपमान से प्रभावित नहीं होते। स्वतंत्रता का अर्थ उदंडता नहीं होना चाहिए। हमें अपनी सभ्यता, संस्कृति और कर्तव्यों की स्मृति रखनी होगी। उन्होंने महिलाओं को समाज की धुरी बताते हुए उन्हें अपनी गरिमा बनाए रखने और आत्म-सम्मान को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं को प्रेरणादायक उपहार भेंट किए गए। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि महिला केवल सम्मान की हकदार नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाली शक्ति भी है।

## स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**हजारीबाग(बिभा)** : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीएड सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, उनके अधिकारों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना था।प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं ने अपने रचनात्मक और प्रभावशाली पोस्टरों के माध्यम से समानता, नारी शक्ति और जागरूकता का संदेश दिया। रंगों और विचारों के इस खूबसूरत संगम ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।प्राचार्या डॉ. सारिका कुमारी ने इस अवसर पर कहा, महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण केवल उनका अधिकार ही नहीं, बल्कि समाज की प्रगति के लिए भी आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम युवा पीढ़ी में जागरूकता और सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक होते हैं। वहीं, उप-प्राचार्या फैजिया खानम ने भी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि, ₹कला अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है, जो समाज में बदलाव लाने का प्रभावी जरिया बन सकता है।₹कार्यक्रम के अंत में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी मंजू दास ,साक्षी वर्मा, प्रिया कुमारी, अभय कुमार एवं मोहम्मद अंसारी को पुरस्कृत किया गया, जिससे उनका उत्साहवर्धन हो ,इस आयोजन को सफल बनाने में कॉलेज के सहायक प्राध्यापकगण और प्रशिक्षुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।यह प्रतियोगिता न केवल एक रचनात्मक आयोजन था, बल्कि यह एक सशक्त संदेश भी था कि जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी समाज आगे बढ़ेगा।

## परिवार और कर्तव्य के बीच संतुलन बना रही हैं मनीषा - घर के बच्चे और स्कूल के बच्चों को देती हैं समान प्यार और शिक्षा

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम आपको मिलवा रहे हैं एक ऐसी महिला से, जो अपने परिवार और पेशे दोनों के प्रति समान रूप से समर्पित हैं। हम बात कर रहे हैं मनीषा की, जो एक समर्पित शिक्षिका होने के साथ-साथ एक जिम्मेदार गृहिणी और माँ भी हैं। मनीषा ने अपनी भूमिका को इस तरह संतुलित किया है कि वे घर के बच्चों और स्कूल के बच्चों को एक समान प्यार, देखभाल और मार्गदर्शन देती हैं।मनीषा हर दिन सुबह जल्दी उठती हैं, पहले अपने परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा करती हैं और फिर पूरे समर्पण के साथ स्कूल के लिए रवाना हो जाती हैं। उनके लिए घर के बच्चे और स्कूल के बच्चे दोनों ही उनके अपने परिवार के समान हैं। मनीषा का मानना है कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों के नैतिक और मानसिक विकास के लिए शिक्षकों का योगदान सबसे अहम होता है।मनीषा जब स्कूल पहुंचती हैं तो वहां के बच्चे उन्हें एक शिक्षिका के रूप में कम, बल्कि एक माँ के रूप में अधिक महसूस करते हैं। वे बच्चों के बीच बैठकर उनके मन की बात समझने, उन्हें प्रेरित करने और सही मार्गदर्शन देने का प्रयास करती हैं। उनका उद्देश्य है कि हर बच्चा आत्मविश्वास से भरा हो और अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करे।स्कूल से घर लौटने के बाद मनीषा फिर से अपने परिवार की जिम्मेदारियों में जुट जाती हैं। उनके घर में भी बच्चे हैं, जिन्हें वे उतना ही प्यार और मार्गदर्शन देती हैं, जितना स्कूल के बच्चों को। उनके लिए कोई भेदभाव नहीं है – चाहे स्कूल के बच्चे हों या घर के बच्चे, सभी उनके लिए समान हैं।मनीषा के लिए यह आसान नहीं था। परिवार और पेशे दोनों को संतुलित करना कभी-कभी बेहद चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन मनीषा ने कभी हार नहीं मानी। वे सुबह से शाम तक अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाती हैं। उनका मानना है कि एक महिला के लिए उसका परिवार और पेशा दोनों ही महत्वपूर्ण होते हैं, और यदि नीयत सच्ची हो तो दोनों में संतुलन बनाया जा सकता है।

मनीषा की यह निष्ठा और समर्पण आज अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है। वे यह संदेश देती हैं कि यदि मन में इच्छाशक्ति हो और दिल में समर्पण हो, तो एक महिला हर क्षेत्र में सफल हो सकती है।

# भक्ति और उल्लास से सराबोर हुई श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव की भव्य ध्वजा निशान यात्रा

## जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठी सड़कें, सांसद मनीष जायसवाल ने की सहभागिता

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग :** श्याम भक्त परिवार द्वारा आयोजित श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के प्रथम दिन भव्य ध्वजा निशान यात्रा का आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। इस शुभ अवसर पर राणी सती मंदिर में प्रभु श्री श्याम की विशेष पूजा-अर्चना मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा कराया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा के चरणों में पुष्प अर्पित कर आरती की और निशान यात्रा के सफल आयोजन के लिए मंगल कामना की। इसके बाद मंदिर प्रांगण से यात्रा का शुभारंभ हुआ। इसके बाद महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा में शामिल सभी लोगों का स्वागत व अभिनंदन किया. यात्रा में आगे-आगे हनुमान जी के दिव्य स्वरूप ने भक्तों का ध्यान अपनी ओर खींचा। भक्तगण हनुमान जी के स्वरूप के दर्शन कर भाव-विभोर हो उठे। उनके पीछे बालक-बालिकाएं प्रभु श्री श्याम के भजनों पर उल्लासपूर्वक नृत्य कर रहे थे।

इसके बाद बाबा श्याम का भव्य दरबार सुसज्जित रथ पर विराजमान था। रथ पर सजे बाबा श्याम के शीश के दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। भक्तगण हाथ जोड़कर बाबा का आशीर्वाद लेते हुए नजर आए। यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं लाल और पीली साड़ियों में नजर आईं, जिन्होंने अपने हाथों में रंग-बिरंगे निशान थाम रखे थे। ये महिलाएं भक्तिरस में झूमते हुए आगे बढ़ रही थीं। उनके पीछे पुरुष श्रद्धालु कुर्ता-पायजामा में बाबा के भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। सभी के गले में बाबा श्याम नाम का पट्टा नजर आ रहा था, जिससे यात्रा का दृश्य अत्यंत मनोहारी प्रतीत हो रहा था। पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालु जय श्री श्याम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों और समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। राधा-कृष्ण का सुंदर स्वरूप लिए कलाकारों ने अपने नृत्य के माध्यम से यात्रा को और भी भव्यता प्रदान की !पूरी यात्रा भक्तिरस और उमंग से सराबोर थी।

फूलों की होली के बीच भक्तगण बाबा के भजनों पर नृत्य करते हुए बाबा की भक्ति में लीन हो गए।

निशान यात्रा के प्रारंभ से पूर्व राणी सती मंदिर में सांसद मनीष जायसवाल ने विशेष रूप से उपस्थित होकर प्रभु श्री श्याम की पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं से भेंट किया,उन्होंने निशान यात्रा के आयोजन के लिए श्याम भक्त परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा की इस भव्य श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के प्रथम दिन आयोजित ध्वजा निशान यात्रा का साक्षी बना। श्याम भक्त परिवार द्वारा इस दिव्य आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने का जो कार्य किया गया है, वह सराहनीय है।

निशान यात्रा में भारी मात्रा में उपस्थित हुए श्याम भक्तों की बाबा श्याम के प्रति लोगों की गहरी आस्था और प्रेम को दर्शाता है। मैं श्याम भक्त परिवार के समर्पण और आयोजन समिति के उत्कृष्ट प्रबंधन की सराहना करता हूं। ऐसे आयोजन समाज में प्रेम,भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने का कार्य करते हैं,मेरी कामना है कि बाबा श्याम अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें और समस्त भक्तों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार करें.

## श्री राम परिवार एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह 9 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ की बैठक



**हजारीबाग** : शनिवार को दोपहर 3 बजे गायत्री शक्तिपीठ गायत्री नगर खजांची तालाब हजारीबाग में ब्रजकुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में भगवान सूर्य नारायण प्रभु श्री राम परिवार एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह 9 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ के संदर्भ में परिजनों की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में यज्ञ समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया तथा पुन: अगली बैठक 16 मार्च को करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्राण प्रतिष्ठा को भव्य रूप से मनाने को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। चर्चा में परिवार के सभी लोगों ने अपना अपना मंतव्य रखा। साथ ही इस प्रार्थना प्रतिष्ठा में शहर के सभी लोगों के शामिल होने और प्रसाद वितरण को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में राजेंद्र प्रसाद, संजय कुमार, अरविंद कुमार, मनोज सागर राणा, राजेंद्र विश्वकर्मा, चंद्रकांत सिंह, कृष्ण किशोर प्रसाद, हेमराज साहू, मनोज नारायण भगत एवं शंभू शरण गुप्ता उपस्थित हुए।



# रहस्यमयी कमरुनाग झील

भारत का पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश अपने पौराणिक महत्त्व के साथ-साथ रहस्यों का गढ़ भी माना जाता है। बर्फ की चादर ओढ़े यहां कई ऐसी जगहें मौजूद हैं, जिनका प्राचीन इतिहास अपने अंदर कई गहरे राज्य समेटे हुए है। यही नहीं यहां के कुछ स्थलों की पहचान तो महाभारत काल से की गई है, वहीं कुछ स्थल अब भी रहस्यमयी बने हुए हैं। इन रहस्यों में छिपे अरबों-खरबों के खजाने के राज।
हिमाचल प्रदेश में ऐसी एक झील है, जिसमें अरबों-खरबों का खजाना छिपा हुआ है। हालांकि, अब तक किसी ने इस झील से खजाना निकालने की कोशिश नहीं की है।
हम किसी भूखंड की नहीं, बल्कि हिमाचल में मौजूद एक ऐसी झील की बात करेंगे, जहां अरबों-खरबों का खजाना गढ़े होने की बात कही जाती है। कमरुनाग झील हिमाचल की प्रमुख झीलों में से एक है। यह मंडी घाटी की तीसरी प्रमुख झील है। इस झील का नाम घाटी के देवता कमरुनाग के नाम पर पड़ा है। जहां जून माह में विशेष मेले का आयोजन होता है। धार्मिक मान्यता है कि प्रतिवर्ष 14-15 जून को बाबा कमरुनाग पूरी दुनिया में दर्शन देते हैं। यूं तो दुनियाभर से लोग हिमाचल प्रदेश की खूबसूरत वादियों को देखने के लिए आते हैं। यहां ऐसे कई खूबसूरत नजारें मौजूद है, जिन्हें देखने के बाद विदेशी क्या देसी लोग भी दीवाने हो जाते हैं। मण्डी से करीब 60 किलोमीटर की दूरी पर रोहांडा के घने जंगलों में स्थित कमरुनाग झील में अरबों का खजाना छुपा है। हालांकि झील के गर्भ से अब तक किसी ने इस खजाने को निकालने की हिम्मत नहीं की। इसका कारण बेहद ही चौंकाने वाला है। दरअसल, यहां एक बहुत ही मशहूर मंदिर है और इसी मंदिर के पास कमरुनाग झील है।

**हिमाचल प्रदेश में ऐसी एक झील है, जिसमें अरबों-खरबों का खजाना छिपा हुआ है। हालांकि, अब तक किसी ने इस झील से खजाना निकालने की कोशिश नहीं की है। हम किसी भूखंड की नहीं, बल्कि हिमाचल में मौजूद एक ऐसी झील की बात करेंगे, जहां अरबों-खरबों का खजाना गढ़े होने की बात कही जाती है।**



## जून माह में विशेष महत्व

इस स्थल का जून माह में विशेष महत्व है। दरअसल जून के महीने में यहां एक विशेष मेले का आयोजन होता है। धार्मिक मान्यता है कि प्रतिवर्ष 14-15 जून को बाबा कमरुनाग पूरी दुनिया में दर्शन देते हैं। इस खास मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन को पहुंचते हैं।

## मनोकामना के लिए चढ़ाए जाते हैं हीरे-जवाहरात

कहा जाता है कि जो भी भक्त मंदिर में दर्शन करने आते हैं, वो इस झील में सोने-चांदी के गहने और रुपये-पैसे डालते हैं। दूर-दूर से आए लोग मनोकामना पूरी होने पर झील में करंसी, नोट, हीरे-जवाहरात चढ़ाते हैं। महिलाएं सोने चांदी के जेवर इस झील को अर्पित कर देती हैं। यह झील आभूषणों से भरी है। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसी परंपरा के आधार पर यह माना जाता है कि इस झील में अरबों का खजाना है।

## भेंट चढ़ाने का भी निश्चित समय

झील में अपने आराध्य के नाम से भेंट चढ़ाने का भी एक शुभ समय है। जब देवता को कलेबा लगेगा अर्थात भोग लगेगा, तब ही झील में भेंट डाली जाती है।

## अरबों का खजाना, फिर भी नहीं सुरक्षा का प्रबंध

झील में अरबों की दौलत होने के बावजूद सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं है। लोगों की आस्था है कि कमरुनाग इस खजाने की रक्षा करते हैं। देव कमरुनाग मंडी जिला के सबसे बड़े देव हैं।

# फूलों की अनूठी परेड



नीदरलैंड का छोटा-सा कम आबादी वाला शहर है जनडर्ट। यहां राष्ट्रीय स्तर की फ्लावर परेड और प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। ट्यूलिप का मौसम आते ही नीदरलैंड में मानों फूल ही फूल नजर आने लगते हैं। देश का प्रसिद्ध बल्ब फ्लावर सेलिब्रेशन होता है जिसमें हर साल फूलों की परेड निकाली जाती है और यह सिर्फ परेड नहीं होती बल्कि सबसे बेहतर मॉडल तैयार करने का कॉम्पीटिशन भी होता है। यह कॉम्पीटिशन 1936 से ही इसी तरह हर साल आयोजित होती रही है। वैसे तो यह कार्यक्रम सितंबर महीने के फर्स्ट वीक में होता है, लेकिन इसकी तैयारियां मई और जून से ही शुरू हो जाती है। पूरे नीदरलैंड से लोग इसमें हिस्सा लेने तो पहुंचते ही हैं लेकिन जनडर्ट शहर के लोगों के लिए यह किसी फेस्टिवल से कम नहीं होता। इसमें हर एज ग्रुप के लोग चाहे बच्चे हों या बूढ़े, बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

**नीदरलैंड का छोटा-सा शहर है जनडर्ट, भले ही यह शहर आकार और आबादी में छोटा हो, लेकिन यहां राष्ट्रीय स्तर की फ्लावर परेड और प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, जिसमें पूरे देश के आर्टिस्ट अपने मॉडल के साथ परेड करते हैं और जिनका मॉडल सबसे बेहतर होता है उन्हें प्राइज दिया जाता है।**

## कैसे होती है तैयारियां

- मॉडल्स वायर, कार्डबोर्ड और हजारों डहेलिया फूलों से तैयार किए जाते हैं, जो खासतौर से परेड के लिए उगाए जाते हैं।
- फूलों से जो मॉडल तैयार किए जाते हैं उसकी पहली शर्त होती है कि वो कलरफुल और ब्राइट होने चाहिए। साथ ही जो फूल मॉडल के ऊपर लगाए जाते हैं वो तीन दिन पहले लगाए जाने चाहिए उससे पहले नहीं।
- मॉडल के ऊपर डहेलिया लगाने के काम में हजारों वॉलेंटियर दिन-रात काम करते हैं।
- सबसे बेहतरीन मॉडल चुनने के लिए ज्यूरी होती है जो विनर का नाम सिलेक्ट करती है।

## फूल उगाना बुजुर्गों का काम

मॉडल को तैयार करने के लिए अलग-अलग रंगों के सिर्फ डहेलिया फूलों को ही यूज करते हैं। फूलों को उगाने का काम जहां बुजुर्ग करते हैं वहीं यंगस्टर्स मॉडल की डिजाइनिंग और उसके कंसेप्ट पर काम करते हैं। यानी हर उम्र के लोग इस फेस्टिवल का हिस्सा बनते हैं।





# एक तरह का छलावा है थ्री डी आर्ट

**सालों पहले जब थ्री डी मूवीज थियेटर्स में आईं थीं तब स्पेशल चश्मे से उन्हें देखने वाले दर्शक किसी जादू की तरह फील करते थे।**

सालों पहले जब थ्री डी मूवीज थियेटर्स में आई थीं तब स्पेशल चश्मे से उन्हें देखने वाले दर्शक किसी जादू की तरह फील करते थे। जैसे जादू आंखों का धोखा है ठीक वैसे ही थ्री डी आर्ट भी एक तरह का छलावा है। यानी यहां जो जैसा दिखता है वो जरूरी नहीं कि वैसा ही हो। दुनियाभर में आज इस आर्ट को लेकर कई तरह के प्रयोग हो रहे हैं। पेंटिंग, स्कल्पचर, पेपर और अन्य माध्यमों में थ्री डी आर्ट को प्रस्तुत किया जा रहा है। चलो इस दुनिया की सैर करते हैं।

## जादू भरी करामात

थ्री डी आर्ट के मामले में असल चीज आर्टिस्ट की कल्पना ही है। इसी पर सारा जादू डिपेंड करता है। असली रंग, पेपर और मूर्तिकला के सामान के साथ ये आर्टिस्ट अनोखा संसार रच डालते हैं। जैसे किसी सड़क के बीच में बहती असली सी नदी या पेपर के एक टुकड़े पर रेंग रहा सांप। इसमें चीजों का एंगल जादू क्रिएट करने का काम करता है। यानी सामान्य पेंटिंग्स को भी कलाकार ऐसे एंगल के साथ प्रस्तुत करते हैं कि वो लाइव और एक्शन में दिखाई देता है। प्रस्तुत हैं ऐसे कुछ आर्टिस्ट-

## चॉक से खड़ी तस्वीरें

लियोन कीर एक ऐसे थ्री डी आर्ट के महारथी हैं जो अपनी कला के जरिए लोगों तक पर्यावरण के संरक्षण से लेकर आम जीवन में भी इमोशंस को बनाए रखने का सन्देश पहुंचाते रहते हैं। नीदरलैंड के रहने वाले लिओन देश-विदेश में कई जगह टू डी और थ्री डी स्ट्रीट आर्ट को प्रेजेंट कर चुके हैं। सैनिकों के वेश में बच्चों के खिलौने लेगो सिटी के जैसी भी आकृतियां उन्होंने बनाई जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। चॉक से बनाई गई यह लेगो टेराकोटा आर्मी एक इंटरनेशनल चॉक फेस्टिवल का हिस्सा रही है।



## इनकी क्रिएटिविटी ने रचा इतिहास

जोए हिल और मैक्स लॉरी, थ्री डी आर्ट की फील्ड में एक ऐसा नाम बन गए हैं जिनकी पेंटिंग गिनीज बुक में भी शामिल की जा चुकी है। इतिहास रचने वाली ये पेंटिंग सबसे लम्बी और सबसे बड़ी पेंटिंग के तौर पर गिनीज बुक में शामिल हुई। ये दोनों ब्रिटिश आर्टिस्ट पिछले लगभग 10 सालों से इस फील्ड से जुड़े हैं। परियों की कहानियों से लेकर प्रिंस विलियम की शादी, निंजा टर्टल जैसे सुपर कैरेक्टर्स और असली दिखने वाले वॉटरफॉल जैसी कई आकृतियां ये दोनों दुनियाभर में घूम कर रचते रहे हैं। इसके अलावा वो कई सारे एड और मूवी प्रोजेक्ट्स के साथ भी जुड़े हुए हैं।

# राजा की परेशानी

**राजा ने मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। विचार होने लगा कि चोर को क्या सजा दी जाए? चोर के हाथों एक व्यक्ति की हत्या हुई थी। काफी विचार होने के बाद भी कुछ तय नहीं हो सका। इससे पहले ऐसा अपराध किसी ने किया भी नहीं था। इसी से किसी की समझ में कुछ नहीं आ रहा था कि उसे क्या सजा दी जाए?**

एक छोटा सा राज्य था। कुल दस-पांच हजार की आबादी रही होगी। जब राज्य था, आबादी थी, तो एक राजा भी था। भले ही छोटा राजा। वैसे भी जब राज्य था, तो सेना, मंत्री, सभासद भी थे। इस राज्य में पहले अदालतें भी थीं। लेकिन वहां का राजा और प्रजा सभी शांतिप्रिय थे। कभी किसी से किसी का लड़ाई-झगड़ा नहीं होता था। इसलिए फिजूलखर्ची समझ अदालतें बंद कर दी गईं। अपने पड़ोसी राज्यों से राजा के बड़े मित्रतापूर्ण संबंध थे। इसलिए सेना के नाम पर केवल सौ-सवा सौ सैनिक थे। किसी के भी पास तलवार-बंदूकें नहीं थीं। सबके हाथ में बस एक बेंत रहती थी। शांति बनाए रखने के लिए इतना काफी था।
एक बार राजा एक विचित्र परेशानी में फंस गया। राज्य में पहली बार एक व्यक्ति किसी के घर में चोरी के लिए घुसा। संयोग से वहां मारपीट हो गई। चोर के हाथों एक व्यक्ति मारा गया। सैनिक चोर को पकड़कर राजा के पास ले गए।
राजा ने मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। विचार होने लगा कि चोर को क्या सजा दी जाए? चोर के हाथों एक व्यक्ति की हत्या हुई थी। काफी विचार होने के बाद भी कुछ तय नहीं हो सका। इससे पहले ऐसा अपराध किसी ने किया भी नहीं था। इसी से किसी की समझ में कुछ नहीं आ रहा था कि उसे क्या सजा दी जाए?
अचानक एक मंत्री बोला, महाराज, पड़ोस के राज्य में अदालतें हैं। जरूर वहां इस तरह के मामले आते होंगे। क्यों न इस चोर को दंड के निर्णय के लिए वहीं भेज दिया जाए।
राजा को यह सुझाव जंच गया। चोर को वहां भेजकर पड़ोसी राजा से एक फैसला लेने की प्रार्थना की गई। राजा की परेशानी टल गई। लेकिन दो दिन बाद ही चोर के साथ राजा की परेशानी फिर लौट आई। पहले से बड़ी होकर। वहां की अदालत ने फैसला दिया, 'चूंकि इस चोर ने हत्या की है। इसलिए इसका सिर कलम कर दिया जाए।' अब राजा के यहां कोई जल्लाद नहीं था। सैनिकों से कहा गया, तो उन्होंने साफ जवाब दे दिया, हमने किसी की इस तरह हत्या करना नहीं सीखा है। फिर हम इसके लिए रखे भी नहीं गए हैं। हमारे पास एक तलवार क्या, चाकू तक नहीं है।
राजा ने परेशान होकर फिर मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। कई दिनों तक विचार मंथन हुआ। अंत में सब लोग इस नतीजे पर पहुंचे कि क्यों न इस चोर की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया जाए। राजा की परेशानी फिर टल गई।
मगर राज्य में कोई जेल नहीं थी, जहां सजा पाए अपराधी को रखा जाए। इसलिए एक कोठरी बनवाई गई। चोर को उसमें रखा गया। एक पहरेदार नियुक्त किया गया। वह चोर की निगरानी करता था। राजमहल से उसके लिए भोजन भी ले आता था।
राज्य की आमदनी बहुत मामूली थी। राजा के लिए इस पहरेदार का खर्च उठाना भारी पड़ गया। अब इस परेशानी से कैसे मुक्ति मिले? राजा ने फिर मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। तय हुआ कि पहरेदार को हटा लिया जाए। चोर जहां जाना चाहे जाए। इस मुसीबत से छुटकारा पाने का यही एक उपाय था। अगले दिन चोर की नींद खुली, तो उसने देखा कि वहां पहरेदार नहीं था। दरवाजे भी खुले हुए थे। जब कोई और उसका भोजन लेकर नहीं आया, तो वह स्वयं थाली लेकर राजमहल पहुंच गया। फिर तो उस का रोज का यही काम हो गया। राजभवन से भोजन ले आता। फिर खा-पीकर चैन की नींद सो जाता। इस खर्च से राजा की परेशानी फिर बढ़ गई। उसने चोर को कहलवाया, अब तुम आजाद हो। जहां चाहो, भाग जाओ। कोई कुछ नहीं बोलेगा।
मगर चोर ने जवाब दिया, मैं भागकर अब कहां जाऊं? लोग मुझे देखते ही गालियां देंगे। मुझे मारने दौड़ेंगे। मुझे मौत की सजा क्यों नहीं दी गई?
राजा की परेशानी बढ़ी, तो उसने फिर मंत्रियों से सलाह ली। मंत्रियों ने सोच-विचारकर कहा, महाराज, इस का भोजन-पानी बंद कर दीजिए। भोजन नहीं मिलेगा, तो स्वयं कहीं निकल जाएगा। लेकिन चोर भी जाने को तैयार नहीं हुआ। वह भूखा-प्यासा ही रहने लगा। चोर ने लोगों से गुहार लगाई। वहां के लोगों को लगा कि उस व्यक्ति को इस तरह भूखा रखना तो सचमुच राजा का अन्याय है। उन्होंने राजा से इस बारे में पूछा। राजा ने स्वयं की परेशानी बताई।
बहुत सोच-विचार के बाद लोगों ने राजा से कहा, राजन, एक उपाय है। इस चोर को भोजन देने में आपको कोई आपत्ति नहीं होगी। इसने गैर इरादतन जो हत्या की है, उसका प्रायश्चित भी हो जाएगा। लोग इसका सम्मान भी करेंगे।
वह क्या? राजा ने प्रसन्नता से पूछा।
राजन, पिछले दो साल हमारे यहां अच्छी वर्षा नहीं हुई। इससे मार्गों के किनारे लगे अधिकांश वृक्ष सूख गए। जनता को यात्रा में बड़ा कष्ट होता है। आप इससे मार्गों के किनारे छायादार और फलों वाले वृक्ष लगवाएं। उसके बदले इसे रोजी-रोटी मिलेगी और पूरे राज्य का भला होगा। प्रजा भी इसको यह नेक काम करते देख, गालियां नहीं देगी। इसका आदर करेगी। इसके मन में भी फिर कभी अपराध न करने की भावना पैदा होगी।
राजा और उसका मंत्रिमंडल इस सुझाव से पूरी तरह संतुष्ट हुए। चोर को भी अच्छा लगा। काम मिला, रोटी मिली, लोगों का प्यार मिला। राजा को भी एक बड़ी परेशानी से मुक्ति मिल गई।



# सिद्धी मामा- जैसे आए गए हनुमान



ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र

एक बार मुझे ममहर (मामा के गाँव) जाने का मौका मिला। मैं नानी से मिला। पूछा, सिद्धी मामू कहाँ पर हैं?
होगा कहीं गप्प लड़ाते हुए, दोस्तों के साथ। और क्या पढ़ाई कर रहा होगा। लेकिन वे सचमुच घर के अंदर पढ़ाई कर रहे थे।
उन्होंने कहा, चलो भांजे, खेत के पम्प सेट की तरफ चलते हैं।
मैंने केबिन में घुसते ही किताबों और अखबारों की विस्तृत दुनिया देखी थी।
मालिक, आपको कोई ढूढ़ रहे हैं? किसी को लेकर खेतों में काम करने वाला मजदूर पम्प के केबिन के दरवाजे पर खड़ा था। सिद्धी मामू ने झट से उसको अंदर खींचकर केबिन बंद कर लिया। मैं तो पहचान गया। मेरे ही गाँव का एक लड़का था वह। किसी ने देखा तो नहीं? बाबूजी देख लेंगे तो तुम्हें भी सुनाएंगे, गिनगिनकर और मुझे तो सुनाएंगे ही। सिद्धी मामू ने पूछा था।
नहीं, नहीं, मुझे पहले ही सरोजकुमार जी बता दिए थे, उनके घर पर जाकर मत मिलना। पता लगाकर वे कहाँ हैं, वहीं जाकर मिलना।
अच्छा बोल?
सिद्धी जी आझे मैच है बुधगेरे के रेलवे लाइन के बगल वाला फिल्ड में। तोरा जरूर - से - जरूर आवे ल कहलथुन हे।
अच्छा ठीक हउ.. तू जो, हम कोशिश करबौ। ।जल्दी से यहाँ से फुट। अब बाबूजी आ गेलथुन तब सब काम गड़बड़ा जइतो ...
नाना जी को सिद्धि मामू का फुटबॉल खेलना बिल्कुल नहीं सुहाता था।
सिद्धी मामू मन - ही - मन सोच रहे थे कि आज बाबूजी (मेरे नानाजी) से क्या बहाना बनाया जाये। बाबूजी के चश्में का एक ग्लास दरक गया था। उसी को बदल करके लाने का प्लान मामू ने सोच लिया। घर पर पहुंचते ही नानाजी ने उनसे पूछा, सिद्धी कोई तुमको खोज रहा था। फिर कोई फूटबाल खेलने का निमंत्रण लेकर



नहीं आया था न?
नहीं, बाबूजी फुटबाल खेलना तो हम छोड़ ही दिए हैं (आपके कहने पर, ऐसा उन्होंने कहा नहीं, सिर्फ सोचा) थोड़े विराम के साथ वे बोले, बाबूजी, सोच रहे थे कि आपके चश्मे का गिलास जो टूट गया, उसे बनवा देते। और वो जो मुझे खोजने आया था, उसे मुझे एक दोस्त ने भेजा था। हमलोगो का ह्यआई एह्ल का फॉर्म भराना शुरू हो गया है। कल ही लास्ट डेट है। तो उसके लिए भी आज ही 'गया' जाना होगा।
वे प्रश्नवाचक मुद्रा में नानाजी के सामने खड़े हो गए थे।
जाओ जल्दी देख क्या रहे हो? पैसा माँ से मांग लेना। नाना जी ने मौके को अत्यंत महत्वपूर्ण समझते हुए आदेश दिया।
सिद्धी मामू को तो मन की मुराद मिल गई। जल्दी - जल्दी किसीतरह खाना खत्म किया। साईकिल उठाई, चल दिए फूटबाल मैच के मैदान की ओर....
वहां मैदान में दोनों टीमें फूटबाल ग्राउंड पर आ चुकी थी। मेरे गाँव की टीम में, जिस ओर से सिद्धी मामू खेलने वाले थे मायूसी का वातावरण छाया हुआ था क्योंकि उससमय तक सिद्धी जी का कहीं पता नहीं था। यह सेमीफइनल मैच था। इसे जीतना जरूरी था। सब लोग बार - बार उस रास्ते की तरफ देख रहे थे जिस तरफ से सिद्धी जी आने वाले थे। इतने में सिद्धी जी साईकिल से आते हुए दिखाई दिए। किसी ने कहा सिद्धी जी आ गए। टीम के कप्तान को खबर कर दी गई। उसने आयोजक से बात की। रेफरी से कहकर मैच को शुरू करने में थोड़ा विलम्ब करने की इजाजत ली गई। सिद्धी जी के पहुँचने पर वैसा ही लगा जैसे हनुमान जी संजीवनी बूटी लेकर लंका पहुँच गए हो, मूर्छित लक्ष्मण को जीवन दान देने..।
..आइ गए हनुमान, जिमि करुणा मँह वीररस।
मैच हुआ .. जमकर सिद्धी मामू खेले .. और मेरे गाँव की टीम ने दो गोलों से मैच जीत लिया। यह सब सिद्धी मामू की बदौलत ही हुआ।
मैच के खत्म होने पर सिद्धी मामू को लोग धन्यवाद देने के लिए खोज ही रहे थे कि सिद्धी मामू कहीं नजर नहीं आये। किसी ने कहा वे तो सायकिल से गया के रास्ते पर जाते हुए मिले। उन्हें निकलना जरूरी था नहीं तो गया में डॉ तिवारी का क्लीनिक बंद हो जाता और बाबूजी का चश्मा नहीं बनवाने पर सारी पोल खुल जाती। इसीलिये बिना किसी से मिले और कृतज्ञता ग्रहण किये सिद्धी मामू निकल लिए।
लेकिन लोग तो कह रहे थे आदमी सिद्धी जी जैसा निःस्वार्थ नहीं हो सकता जिन्होंने धन्यवाद ग्रहण करने का भी समय नहीं लिया और न धन्यवाद देने वालों को ही समय दिया।

## होली



निर्मला कर्ण

प्रेम स्नेही के मेल का, होली है त्यौहार।
दुश्मन भी मिलते गले, भूल दोष तकरार।।

फागुन मास बसंत का, धरती पर उल्लास।
स्वागत में ऋतुराज के, सज्जित धरती खास।।

अमराई में भर रही, मधुर मदिर सुवास।
महुआ फूल विहँस उठे, फूलन लगे पलाश।।

करें प्रतीक्षा वर्ष में, आये फागुन मास।
फागुन ही पूरा करें, प्रेमी दिल के आस।।

दो प्रेमी के दिल भरे, होली नवल उमंग।
रंगों के त्योहार में, प्रकृति भयी बहुरंग।।

प्रिय आये परदेस से, हुई प्रतीक्षा अन्त।
कजरारे नैना कहे, आया अभी बसंत।।

आँगन रौशन हो गयी, आया घर का लाल।
मस्तक सुत का चूमकर, ममता हुई निहाल।।

# होली का रंग



चारुमित्रा



सविता हर साल की तरह इस बार भी तय कर चुकी थी कि वह होली नहीं खेलेगी। रंगों से उसे बचपन से ही नफरत थी,और अब तो उम्र और जिम्मेदारियों ने उसे और रूखा बना दिया था। घर में मेमसाब और साहब अपने दोस्तों के साथ होली की तैयारियों में व्यस्त थे।गुजिया,ठंडाई और पकवानों की खुशबू पूरे घर में फैली थी।
काम निपटाने के बाद जब सविता ने जाने की इजाजत मांगी, तो मेमसाब ने प्यार से कहा,अरे सविता! आज होली है, ऐसे कैसे जा सकती हो? चलो तुम्हें रंग भी लगा दूँ।
सविता घबरा गई। उसने हाथ जोड़कर कहा ₹ना मेमसाब मुझे रंग अच्छे नहीं लगते।₹
मेमसाब मुस्कुराई और बोली ₹रंगों से नहीं, कुछ यादों से भाग रही हो? सविता के चेहरे पर एक दर्द झलक उठा। होली उसे उसके बीते दिनों की याद दिला देती है -वो दिन जब उसका पति रंग लगाने के बहाने उसे मारता -पीटता था,उसे दारु पीने के पैसे नहीं देने पर।
मेमसाब ने धीरे से गुलाल का टीका उसके माथे पर लगाया और कहा, रंग सिर्फ तकलीफ नहीं देते,ये ज़िंदगी में खुशियाँ भी घोलते हैं। चलो, आज से तुम्हारी होली की नई शुरूआत करते हैं।
सामने उसका पति साहब के दोस्तों को नाश्ता सर्व कर रहा था। आज से इसे भी हमने काम पर रख लिया है।अब यह तुम्हारे साथ मार -पीट नहीं करेगा।
सविता के आँखों में आँसू थे, लेकिन इस बार वे दर्द के नहीं किसी नए एहसास के थे। पहली बार जब धीरे से पति ने उसके गालों में अबीर लगाया तो उसे महसूस हुआ कि होली का रंग प्रेम से भरा है।

# अत्र तत्र सर्वत्र पलाश



सुखबीर कौर



गुलाब तो उपवन सजाते हैं,
पलाश पूरी प्रकृति सजाते हैं।
झारखंड में शहर छोड़ गाँवो में, वन क्षेत्रों में एवं हाईवे के किनारे लगे वृक्षों पर सभी जगह लालिमा लिए हुए पलाश के वृक्ष यूं खड़े हैं,जैसे समस्त वन क्षेत्र में अग्नि प्रज्वलित हो रही है। इन दिनों प्राकृतिक की छटा देखते ही बनती है ।होली के पूर्व पलाश के पत्ते झड़ जाते हैं एवं संपूर्ण वृक्ष पलाश के फूलों से लद जाता है ।इन्हीं पलाश के फूलों को एकत्रित कर ( इको फ्रेंडली कलर ) होली के लिए रंग बनाया जाता है, जिससे त्वचा को कोई नुकसान नहीं होता । पलाश की लकड़ी, छाल, तने का भी विभिन्न कामों में प्रयोग होता है।
कहा जाता है कि - हर सुंदर वस्तु पर कोई ना कोई दोष अर्पित होता है चांद पर भी दाग होने का दोष है । उसी प्रकार इन सुंदर पलाश के फूलों पर गंधहीन होने का दोष है ।काश यह पलाश गन्धहीन ना होकर सुगंधित होते,तो देवताओं के सर पर चढ़ने,सुंदर रमणियों की बालों में गूंथने और घर की सजावट के काम आते ।

कहा गया है - रूपयौवन संपन्ना
विशाल कुलसंभवा
विद्याहीना न शोभन्ते निर्गन्धा इव
किंशुका

अर्थात रूप यौवन से संपन्न होने पर विशाल कुल में जन्म लेने पर विद्याहीन उसी प्रकार सुशोभित नहीं होता जैसे गन्धहीन पलाश के फूल ।

# बुढ़ापा अभिशाप नहीं



पूनम सिन्हा भाव शिखा



अवकाश प्राप्त प्रमिला जी आज दोपहर,जबसे बृद्धाश्रम के दौरे से लौट कर आई वे बहुत ही बेचैन थीं। उन्होंने ठीक से खाना तक नहीं खाया, बार-बार उन्हें बृद्धाश्रम में रहने वाले बेबस बुजुर्गों की याद आ रही थीं, जिनकी आँखों में सुनापन और चेहरे पर उदासी थीं,उन बुजुर्गों को देख कर ऐसा लग रहा था, जैसे उनकी कोई बहुमूल्य चीज खो गईं हो,और जिसके पा जाने का उन्हें बेसब्री से इंतजार हो!
अभी प्रमिला जी की चहेती पोती सोना के स्कूल से लौटने में दो घंटे बाकी थे, प्रमिला जी बैठक में ही सोफे पर लेट,उसका इंतजार करने लगीं। पिछले वर्ष, पति के देहांत के बाद वे पटना के अपने घर में अकेली रह गईं तो बेटा विशाल ने किसी हाल में भी उन्हें अकेला नहीं रहने दिया और अपने साथ दिल्ली ले आया, यहाँ बेटा, बहु और सोना सब उनका बहुत खयाल रखते, सबसे ज्यादा मजा तो उनकी पोती सोना को दादी के साथ आती थी। सोना नौवीं की ।त्रा थीं। बच्चों के ऑफिस और स्कूल जाने के बाद घर में वे अकेली रह जातीं अतः उन्होंने बहुत सारे सोशल आगेर्नाइजेशन का हिस्सा बन लोगों की सेवा करना आरम्भ कर दिया था। आज बृद्धाश्रम में उनकी सोसाइटी की महिलाएं फल आदि वितरण करने गईं थीं।
चिंतन करते न जाने कब उनकी आँखे लग गईं, अचानक दरवाजे की घंटी बजने से उनकी नींद खुली, दरवाजे पर सोना खड़ी थीं। उन्हें देखते सोना का चेहरा खिल गया दादी माँ.... बोल सोना उनसे लिपट गईं। अब जल्दी हाथ मुँह धो लें बेटा!... मैं खाना लगाती हूँ,
बोल प्रमिला जी रसोई में चली गईं। पर वे अपने चेहरे की बेचैनी सोना की नजर से नहीं छिपा सकी।
यह देख सोना तो उनके पीछे ही पड़ गईं बताओ दादी !!!आज तुम इतनी उदास और बेचैन क्यूं हो?..
कुछ तो नहीं बेटा.. मैं क्यूं कर उदास होउंगी प्रमिला जी ने सफाई दी पर सोना यह मानने को तैयार नहीं थीं, वह दादी के साथ टहलते हुए सामने पार्क में गईं और वहां एक बेंच पर बैठ दोनों बातें करने लगीं। प्रमिला जी ने अपनी मन की बात सोना को बतलाई पर बोलीं बेटा तू अभी ।टी है, आज के समाज में बुजुर्गों की अवस्था क्या है! कैसे समझेगी...!!
पर सोना सोच में पड़ गईं!!! उसने सुझाव दिया कि क्यूं ना पढ़ी लिखी बुजुर्ग महिलाऐं और पुरुष एक साथ जुड़ कर एक कोचिंग क्लास आरम्भ करें जहाँ आस-पास के बच्चे टट्यूशन पढ़ें ताकि उन्हें दूर-दूर ट्यूशन के लिए न जाना पड़े। और इससे जो आमदनी होगी उसे जरुरतमंद बुजुर्गों को देकर उनकी मदद की जा सके। आर्थिक मदद पाकर बुजुर्ग सक्षम हो अपनी बाकी की जिंदगी जी पाएंगे उन्हें किसी पर आश्रित होने की जरुरत नहीं होगी।
अरे !! मेरी ।टकी सी गुड़िया तुझे इतनी दिमाग कहाँ से आई ! तूने तो चुटकियों में मेरी पीड़ा हर ली बिटिया! प्रमिला जी का चेहरा खिल गया। और इसकी शूरुआत, मैं इसी रविवार, अपनी सहेलियों के साथ बैठक कर,करुँगी, शाम में बेटा -बहु को भी दादी पोती ने इसके बारे में बतलाया , उन लोगों ने भी माँ के साथ देने की इक्षा व्यक्त की।
प्रमिला जी आज ऐसा परिवार पा कर निहाल हो उठी थीं। उन्होंने सबको गले लगा आशीर्वाद दिया और शाम का दीपक जलाने पूजा घर की तरफ चली गईं।

## जाकी जैसी भावना



डॉ0 यमुना तिवारी व्यथित

महाकुंभ व्यवस्था पर
विपक्ष के तीखे सवाल,
खुलकर करते भर्त्सना
बजा रहे हैं झूठे गाल।

हो रहा केवल दुष्प्रचार
सनातन पर भी प्रहार,
हादसे पर गंदी सियासत
विपक्ष की मंशा तार तार।

भक्त आस्था में सराबोर
चर्चा विश्व में चहुंओर,
बेचैन हो रहे सेकुलर दल
दे गाली बहा रहे हैं लोर।

कुंभ की यह लड़ाई
सुअर गिद्धों पर आई,
जाकी जैसी भावना
उसे वैसी पड़ी दिखाई।

गंगा जल को कहते गंदा
भक्तों के लिए शुचि अमृत,
त्रिवेणी जल पर टिपणी नीच
अल्पसंख्यक वोटश से प्रीत।

लगी डूबकी कोटि जनों की
फिर भी गंगाजल नहीं दूषित,
जाँच में भी तो हुआ प्रमाणित
किसी का नहीं होगा अहित।

कुंभ विरोध विपक्ष को
बहुत ही पड़ेगा महंगा,
वोटबैंक में अंधे होकर
धर्म और संस्कृति से पंगा?

# कोमल हूँ, कमजोर नहीं



रंजना वर्मा उन्मुक्त

नेहा का आज दफ्तर में पहला दिन था ।वह बहुत उत्साहित थी ।जैसे ही उसने दफ्तर में पहला कदम रखा,उसकी खूबसूरती,उसकी आधुनिक वेश-भूषा पर सबकी आँखें टिक गयी ।सब काम छोड़ उसे ही निहार रहे थे ।उसने मुस्कुरा कर बड़ी शालीनता के साथ सभी का अभिवादन किया ।थोड़ी देर बाद नजारा बदला हुआ था ।अब सभी उसके सुमधुर व्यवहार,मीठी बोली और उसकी शालीनता की चर्चा कर रहे थे ।लेकिन नेहा उसका साक्षात्कार लेने वाले और नौकरी पर रखने वाले अपने बॉस से मिलने का इंतजार कर रही थी ।
शाम के छह बजे गये ।सभी घर जाने की तैयारी करने लगे ।वह भी उठने वाली थी कि बॉस का चपरासी आया और बोला,₹बॉस आपको अपने कमरे में बुला रहे हैं ।₹उसे थोड़ा अटपटा लगा ।लेकिन वह बॉस के रूम में चली गयी ।बॉस ने उसे बैठने का इशारा किया ।₹एक रिपोर्ट तैयार करनी है,उसके बाद ही तुम जाना ।₹बॉस ने कहा ।फिर वे रिपोर्ट के बारे में समझाने लगे ।समझाते समझाते उन्होंने अपना हाथ नेहा के कंधे पर रख दिया ।नेहा ने जोर से उनके हाथों को झटक दिया ।इस पर नाराज होकर उन्होंने बोलना शुरू किया,₹देखने में तो बड़ी आधुनिक दिखती हो,जरा सा हाथ रख दिया तो बुरा मान गयी ।मैंने तुम्हे नौकरी पर इसलिए ही रखा था कि काम के साथ साथ मन भी लगा रहे ।₹कहकर उन्होंने उसे बाहों में दबोचना चाहा ।लेकिन क्षण भर में ही वे जमीन पर पड़े थे।
₹ सर, मैं जुडो -कराटे में 'ब्लैक बेल्ट ' हूँ ।वैसे आपको मेरे साथ काम करने में अभी भी मजा आयेगा ।बस आपको अपनी सीमा में रहना होगा ।₹नेहा ने बोलना जारी रखा,₹आज की नारी दिखने सुकोमल है पर कमजोर नहीं ।आप जबरदस्ती उसके साथ कुछ नहीं कर सकते,न घर में,न बाहर ।₹वह मंद मंद मुस्करा रही थी।

## नारी: एक अनमोल उपहार



रीति झा

अलग अलग लकड़ियों की तरह ही, परिवार के सदस्य गण होते है। महिला रूपी रस्सी से बंधे जो, आपस में तब मजबूत होते हैं। ये जानकर भी लोग महिलाओं का उपहास करते हैं, की जहां नारियां पूजी जाती हैं वहां स्वयं भगवान वास करते हैं। जहां एक पुरुष शिक्षा पाकर स्वयं में ही सिमट जाता है , महिलाएं शिक्षित होकर पूरे समाज को बदल देती हैं। तिनका तिनका सहेजकर अपना आशियां बना लेती हैं, मोल भाव करके भी परिवार निर्वहन करती हैं। आए जो बात मयार्दाओं की , फिर काल से भी ना डरती हैं। पति और बच्चों पर कोई आंच न आने देती हैं। घर को बनाती स्वर्ग कभी उफ तलक न करती हैं, मिल जाए थोड़ा सम्मान बस उसी में खुश हो लेती हैं। कंधे से मिलाकर कंधा पुरूषों के साथ चलती हैं, घर लौट कर पुनः गृहणी भी कहलाती हैं। नही रखती कोई अपेक्षा घर और बाहर किसी से , हर जिम्मेदारियां निभाकर दोहरा जीवन वे जीती हैं। श्रृष्टि की सृजनकर्ता संपूर्ण प्रकृति हैं वो, बस प्यार के लिए जीती हैं और सम्मान के लिए मरती हैं। नौ माह पाल गर्भ में फिर शिशु को जन्म जब देती हैं, सारा सौंदर्य खोकर भी सहजता से वो मुस्कुराती हैं। जी हां ,वे महिलाएं ही है जो हर मोड़ पर कोसी जाती हैं, अपनी होठों की मुस्कान देकर जो औरों के दुख ले लेती हैं।

## स्त्रीशक्ति



सुनीता अग्रवाल

नाजुक है वो मासूम भी,
कमजोर नहीं जरा भी वो।
हो चाहे कितनी ही उसपर ज़िम्मेदारियाँ
जी-जान से निभाती हर एक रिश्तों को।
हौसले बुलंद होते,होंठों पर मुस्कान
अड़चनो से झुंझने की लेती ठान।
ख्वाहिशें मे जीती अरमान पूरे करती।
ममता की मूरत वो ममता ही लुटाती।
प्यार दुलार से बच्चों को पालती।
बाल भी बाँका न हो साया बन रहती।
पीछे मुड़ना,झुकना जानती नहीं वो
उम्र कोई भी हो हालात कैसे ही हो।
अथक कोशिश करती नहीं हार मानती
दृढ़ इरादों को साकार रूप वो है देती।
घर की चारदिवारी ही नहीं मंजिल
सपनें को पूर्ण करने नभ है नापती।

## आई फिर होली



रीना सिन्हा सलोनी

लाल गुलाबी नीले पीले, रंगों से
भर कर झोली।
फागुन नें आवाज लगाई, भागी
आई फिर होली॥

हुई अबीरी दसों दिशाएँ, मन
आँगन टेसू फूले,
रंग धरा का हुआ बसंती, खेतों में
सरसों झूले
पवन बसंती सरसर झूमे, पिए भाँग
की ज्यों गोली
फागुन नें आवाज लगाई, भागी
आई फिर होली॥

हर गोरी है राधा रानी, कान्हा मारे
पिचकारी।
कजरा, गजरा, चुनरी चोली, भींज
गई साड़ी सारी।
धरी बाँह तो देगी गाली, नहीं
गुजरिया है भोली
फागुन नें आवाज लगाई, भागी
आई फिर होली॥

दहीबड़ा इमली की चटनी, ठंडइ
पीकर हुए मगन
ऐसी भंग चढ़ी रे भइया, घूमे धरती
और गगन
प्रेम भरा गुझिए सा मन में, पूए सी
मीठी बोली
फागुन नें आवाज लगाई, भागी
आई फिर होली॥

ऊँच नीच ना जात पात हो, हृदय
नेह का हो बंधन
होली सबको गले लगाती,
धनवाला हो या निर्धन
एक रंग में रंगने सबको, आई
मस्तों की टोली
फागुन नें आवाज लगाई, भागी
आई फिर होली॥

## गजल



मनीष सिंह वंदन

पेट की आग....दिमाग जला देती है
राज जो भी हो.....सब बता देती है ।।

माटी की देह से...तौबा-तौबा करके
लज्जा का आँचल... सरका देती है ।।

बड़े-बड़े सूरमा,महारथी,योगी को भी
जठराग्नि...एक समान बना देती है ।।

भूख कभी कच्चा-पक्का नहीं मानती
अग्नि तो लोहे को भी...गला देती है ।।

रोज-रोज बढ़ती मंहगाई वाली सुरसा
थाली से रोटी की गिनती घटा देती है ।।

भूखों को भोजन कराने का फायदा
पांच किलो राशन सरकार बना देती है ।।

पेट की आग का अंकगणित ₹वंदन₹
समझदारी का तमगा...दिला देती है ।।

## संकल्प



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

सुधीर चौधरी,आइ. ए. एस परीक्षा में अव्वल आये। ये खबर हवा की तरह चारो ओर फैल गई। मिडिया वाले भी उनका इन्टरव्यू लेने के लिये दौड़ लगाने लगे।
किसी तरह एक मिडिया वाले पहूँच ही गये। इन्टरव्यू का सिलसिला शुरू हुआ।
राजेश - सर मैं मिडिया से हूँ मेरा नाम राजेश है। मैं आपका इन्टरव्यू लेना चाहता हूँ प्लीज सर आप थोड़ा समय हमें दे, आपकी बड़ी कृपा होगी।
सुधीर - ठीक हैं, मैं तैयार हूँ पूछिये क्या पूछना चाहते हैं? पूछिये।
राजेश - सर आप तैयार हैं, तो मैं शुरू करूँ। ठीक है , सर तो मैं आपसे पहला सवाल ये पूछना चाहता हूँ कि आपको इतनी बड़ी कामयाबी मिली, जाहिर हैं बहुत खुशी हुई होगी । आप अपनी खुशी किस तरह महसूस कर रहे हैं?
सुधीर- ये हमारी बहुत बड़ी उपलब्धि हैं इसलिये स्वभाविक है कि मुझे बहुत खुशी हो रही है। हमारे परिवार वाले भी मेरी इस कामयाबी से बहुत खुश हैं।
राजेश - सर एक प्रश्न मेरे दिल में है, हालांकि ये प्रश्न व्यक्तिगत हैं फिर भी मैं पूछने कि हिमाकत कर रहा हूँ। अगर आपकी इच्छा हो तो आप मेरे प्रश्न का उत्तर दे, या ना दे, ये आप के उपर निर्भर करता हैं।
सर, मैं सुना हूँ कि आप और आप के परिवार वाले गांव में रहते हैं। आपकी शिक्षा गाँव से प्रारम्भ हुई थी।
सुधीर - ठीक सुना है, मैंने शुरू की शिक्षा अपने गाँव से ही प्रारंभ की और बाद में हम शहर आये। वहाँ आगे की पढ़ाई की, ऐसा हम हीं नही बल्कि मेरे सभी भाई और बहनों ने भी पहले गाँव में पढ़ाई की फिर शहर आकर पढ़ाई की।
राजेश - सर मैंने सुना हूँ। क्या गाँव में रहते हुये भी आपके परिवार के सभी सदस्य उच्च शिक्षा प्राप्त किये हैं और आज सभी उच्च पद पर भी आसीन हैं। ऐसा सर आज थोड़ा अस्वभाविक सा लगता है।
सुधीर - जी हाँ, आप ने बिल्कुल ठीक सुना है। देखिये आपने कहा न कि ये हमारा व्यक्तिगत मामला है फिर भी जब आपने शुरूआत की है तो मुझे आप के प्रश्न का उत्तर देना होगा, ये मेरा फर्ज बनता है कि मैं पूरी बात बताउं।
तो दरअसल काफी पहले की बात है मेरे दादाजी की अच्छी खासी जमींदारी थी, खेती-वेती तो दादाजी देख लेते थे, पर बात ये थी कि मेरे दादाजी पढ़ें लिखे नहीं थे इसलिए खेती वारी का हिसाब किताब देखने के लिए एक मुनीम जी थे। पहले तो वो बहुत इमानदारी से दादाजी का काम करते रहे, उनकी इमानदारी देख कर मेरे दादाजी बहुत खुश रहते थे। बस ये समझ लिजिये कि अपने से भी ज्यादा मुनीम जी पर विश्वास करते थे। पर ना जाने कब उनके मन में बेइमानी और धोखाधड़ी ने घर कर लिया और कई सालों बाद, एक दिन धोखा से कुछ पेपर पर दादाजी से हस्ताक्षर करा कर काफी जमीन अपने नाम करवा लिए। जब इस बात का पता चला तब दादाजी को बहुत ही गहरा सदमा लगा। वो अस्वस्थ रहने लगे, उनका सभी पर से विश्वास ही उठ गया। तभी एक दिन दादाजी ने पुरानी परम्परा के अनुसार हाथ में जल लेकर ये प्रतिज्ञा की कि अब से हमारे घर का एक-एक बच्चा पढ़ाई करेगा ताकि कोई भी मेरी तरह अनपढ़ नहीं रहेगा ना ही कोई मेरी तरह ऐसे धोखाधड़ी का शिकार होगा। उसी वक्त से हमारे यहाँ शिक्षा पर विषेश ध्यान दिया जाने लगा। जैसे भी हो हर हालत में शिक्षा दी जाती है। अगर रुपये पैसे की परेशानी होती है तो भी धन जायदाद बेच कर भी पढ़ाई कराई जाती है। लड़का हो या लड़की हमारे घर के सभी सदस्य पढ़ें पढ़ते हैं और पढ़ते रहेगें।
मैं समझता हूँ राजेश जी, आपके प्रश्न का उत्तर मिल गया होगा ।
राजेश - बिलकुल सर, बहुत-बहुत धन्यवाद सर, आपना समय देने के लिये और अपनी बातें हम से शेयर करने के लिये। सुधीर- तो अब मैं जा सकता हूँ क्योंकि मुझे किसी जरुरी काम से बाहर जाना है मुझे माफ करें मैं चलता हूँ। आशा है फिर मुलाकात होगी। नमस्कार।
राजेश- नमस्कार।

## शक्ति रूपिणी नारी हो



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

तुम प्रबल बनो, सबल बनो!
पीड़ा तुम अंदर रखती हो।
पर कुछ न मुख से कहती हो,
अंदर हीं कुढ़ती रहती हो।
तुम शक्ति रूपिणी नारी हो,
हाँ, नारी हो, तुम नारी हो!

तुम बनो कालिका बन दुर्गा,
जी में क्यों घुलती रहती हो?
क्यों अनाचार को सहती हो?
हर दमन झेल क्यों लेती हो?
तुम शक्ति-रूपिणी नारी हो,
हाँ, नारी हो, तुम नारी हो!

तुम सती बनो, सावित्री बनो,
क्यों अब सिसकती रहती हो?
क्यों अबला तुम बन जाती हो?
निर्बला सी क्यों हो जाती हो?
तुम शक्ति रूपिणी नारी हो,
हाँ, नारी हो, तुम नारी हो !

## कल कल बहती निर्मल धारा



डॉ. मीनाक्षी कर्ण

कल कल बहती निर्मल धारा ...
मधुमय संगीत सुनाती है....
देती है संदेश हमें वह....
बहना ही जीवन की गति है......
सागर.नदियाँ .झरना ...
देती जीवन दान हमें..
धरती के आंचल में बहता.
जल ही है वरदान हमें. .
हर मानव का बनी.सहारा
कल कल बहती निर्मल धारा...
बिखराती सौंदर्य धरा पर.
सृष्टि का संचालन करती....
सतत कर्मरत.रहकर जग में
अविरल अविचल राह दिखाती
जल की पावन उज्जवल धारा ...
कल कल बहती निर्मल धारा...
.रूकना मृत्यु सिखाती जग को .
चलती जाती जीवन धारा ...
..निर्मलता भी पंकिल होगी.
अगर थम जाये बहती धारा .
कल कल बहती निर्मल थारा।



नरेश अग्रवाल
साहित्य संयोजक, बिहान भारत

## यूनुस पर भड़के भारत ने कहा– आतंकियों को रिहा कर बांग्लादेश को आग में झोंक दिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। पड़ोसी देश बांग्लादेश में बिगड़ती कानून–व्यवस्था की स्थिति को लेकर भारत चिंतित है, जो गंभीर अपराधों के लिए सजा पाए हिंसक चरमपंथियों की रिहाई से और भी खराब हो गई है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार चरमपंथी तत्वों को बरी और दोषमुक्त करने के लिए कड़ी आलोचना का सामना कर रही है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, हम एक स्थिर, शांतिपूर्ण, और प्रगतिशील बांग्लादेश का समर्थन करते हैं जिसमें सभी मुद्दों का समाधान लोकतांत्रिक तरीकों से और भागीदारीपूर्ण चुनावों के माध्यम से किया जाता है। जायसवाल ने कहा, हम बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में चिंतित हैं, जो गंभीर अपराधों के लिए सजा पाए हिंसक चरमपंथियों की रिहाई से और भी खराब हो गई है ।जायसवाल ने कहा, जैसा कि अब तक देखा गया है, 5 अगस्त 2024 और 16 फरवरी 2025 के बीच रिपोर्ट की गई 2374 घटनाओं में से केवल 1254 की ही पुलिस द्वारा पुष्टि की गई है। इसके अलावा, इन 1254 घटनाओं में से 98 प्रतिशत राजनीतिक प्रकृति की मानी गईं। हम उम्मीद करते हैं कि बांग्लादेश पूरी तरह से जांच करेगा, हत्या, आगजनी और हिंसा के सभी अपराधियों को बिना किसी भेदभाव के न्याय के कटघरे में लाएगा। 5 अगस्त 2024 को तत्कालीन पीएम शेख हसीना को अपनी सत्ता छोड़ भारत भागना पड़ा था। इसके बाद से बांग्लादेश में कानून व्यवस्था लगातार खराब होती जा रही है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदू और अहमदिया समुदायों के सदस्यों पर हमलों का सिलसिला अभी भी जारी है, ऐसे में विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बार फिर इस गंभीर मुद्दे को उठाया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हमने बार–बार इस बात को रेखांकित किया है कि हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ–साथ उनकी संपत्तियों और धार्मिक संस्थानों की सुरक्षा करना बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है।

## दिल्ली अयोध्या एक्सप्रेस में बम की सूचना, तलाशी के बाद की गई रवाना

बाराबंकी (एजेंसी)। इस ट्रेन को लखनऊ चारबाग स्टेशन पर बम से उड़ा दिया जाएगा। मिनी आरडीएक्स रखा है। संदेश को फेक न समझें। 7 मार्च दोस्त मैं मजबूर हूं, पुलिस को बता दो, हजारों जाने जा सकती हैं। अब्दुल्ला अंसारी मुरादाबाद, बम डबल बैग में रखा है। ये डरावनी पंक्तियां दिल्ली अयोध्या एक्सप्रेस के कोच एस 8 के टॉयलेट में लिखी हुई देखी गई थीं। इसके बाद हड़कंप मचा और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना की तलाशी के दौरान सभी डिब्बों को चेक किया गया। इस दौरान एस 5 में डबल बैग रखा मिला और उस पर तकिया भी रखा था। पर उसके साथ कोई था नहीं। इस पर पुलिस ने फिर से कवायद शुरू की और उसके आसपास सीट पर बैठे लोगों को तलाशा। एक यात्री ने बताया कि इस बैग पर सिर रखकर एक व्यक्ति सो रहा था। वह नीचे उतर गया है। इस पर उसकी तलाश की गई, तो वह व्यक्ति भी मिल गया।

## पेट्रोल के लिए पैसा नहीं दिया तो विदेशी टूरिस्ट और होमस्टे मालकिन से किया दुष्कर्म

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के हम्पी में एक इजरायली महिला टूरिस्ट और एक होमस्टे मालिकन के साथ तीन लोगों ने गैंगरेप किया। घटना 6 मार्च की रात करीब 11:30 बजे तुंगभद्रा नहर के किनारे हुई जब महिलाएं नहर के किनारे बैठीं थी। तभी तीन आरोपी बाइक पर वहां पहुंचे। पहले उन्होंने पूछा कि पेट्रोल कहां मिलेगा और फिर इजरायली महिला से 100 रुपए मांगने लगे। जब टूरिस्ट ने मना कर दिया, तो आरोपियों ने हमला कर दिया और महिलाओं के साथ रेप कर बाइक से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की तलाश जारी है कोप्पल के एसपी राम एल अरासिद्दी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी गई। दो विशेष टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने रेप और लूटपाट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। महिला के साथ मौजूद तीन अन्य टूरिस्ट भी मौजूद थे, इनमें से एक डेनियल अमेरिका से था, जबकि दो अन्य महाराष्ट्र और ओडिशा से थे। आरोपियों ने तीनों को नहर में धक्का दे दिया। जिसमें ओडिशा में रहने वाला शख्स की पानी में डूबकर मौत हो गई। होमस्टे की मालकिन ने शिकायत में बोलीं की वह और उसके चार मेहमान उस रात देर से खाना खाने के बाद तुंगभद्रा लेफ्ट बैंक नहर के किनारे तारों को देखने गए थे।

## महिलाएं हो रही आर्थिक रूप से स्वतंत्र, केरल लिख रहा इसकी नई कहानी

नई दिल्ली (एजेंसी)। आज विश्व महिला दिवस के मौके पर ये कहने में कोई गुरेज नहीं हैं कि देश की महिलाएं अब पहले के मुकाबले अपने अधिकारों को लेकर ज्यादा सजग हैं। महिलाएं सशक्त होने के साथ आर्थिक रूप से भी स्वतंत्र हो रही हैं। हालांकि, इस मामले में केरल की महिलाएं सबसे आगे हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि नीति आयोग की एक रिपोर्ट कह रही है। नीति आयोग की रिपोर्ट में देश भर में महिलाओं के बीच बढ़ रही वित्तीय स्वतंत्रता पर प्रकाश डाला गया। रिपोर्ट में बताया गया कि किस तरह से केरल की महिलाएं बेहतर तरीके से अपने क्रेडिट प्रोफाइल को संभाल रही है। देश की महिला उधारकर्ताओं में इनकी हिस्सेदारी 6 प्रतिशत है। जबकि इस मामले में पूरे देश में ये छठवें स्थान पर हैं। वित्तीय समावेशन और सशक्तिकरण के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दिखाता है, जबकि केरल की जनसंख्या अन्य कई बड़े राज्यों के मुकाबले अपेक्षाकृत कम है। इससे साफ है कि लोन बाजार में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ रही है। महिला कर्जदारों की संख्या महाराष्ट्र में सबसे अधिक 15 प्रतिशत है। इसके बाद 11 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ तमिलनाडु दूसरे स्थान पर, 9 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ कर्नाटक तीसरे स्थान पर हैं। उत्तर प्रदेश और तेलंगाना की हिस्सेदारी 7 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया हैं कि राज्य में 44 फीसदी महिलाओं ने छह महीने में अपने क्रेडिट स्कोर में सुधार देखा है।

महिला दिवस के मौके पर उनकी हिम्मत को सलाम

# चार साल में पांच करीबियों की मौतें, फिर डिप्रेशन... लेकिन आठ साल बाद राष्ट्रपति बनी द्रौपदी मुर्मू

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। साल 1983, घने जंगलों के बीच बसे आदिवासी गांव की एक महिला सिंचाई विभाग में क्लर्क थीं और उनके पति निजी बैंक में जॉब करते थे। दोनों की नौकरी अलग-अलग राज्यों में थी। इसकारण नौकरी के साथ-साथ 3 साल की बेटी की देखभाल करना महिला के लिए परेशानी भरा काम था।

इसी बीच एक रोज निमोनिया से बेटी की जान चली गई। इसके बाद ससुराल वाले महिला पर लगातार नौकरी छोड़ने का दबाव बना रहे थे। ससुरालवालों के दबाव में आकर आखिरकार महिला ने सरकारी नौकरी छोड़कर पति के साथ रहने लगी। 27 साल बाद यानी 25 अक्टूबर 2010 की बात है। उस महिला का बड़ा बेटा रात को पार्टी से लौटा, सुबह उसकी तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल पहुंचते-पहुंचते बेटे ने दम तोड़ दिया। करीब ढाई साल बाद जनवरी 2013 में महिला का छोटा बेटा भी सड़क हादसे में गुजर गया। कुछ महीने बाद महिला के मां और भाई भी मौत हो गई। 19 महीने



बाद यानी अगस्त 2014 में महिला के पति की मौत हो गई। चार साल के भीतर पांच मौतें होने से महिला डिप्रेशन में चली गईं, लेकिन आठ साल बाद यानी 25 जुलाई 2022 को वहीं महिला भारत के सबसे ऊंचे पद पर पहुंचीं। उस बुलंद हौसले वाली महिला कोई और नहीं हमारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू है।

ओडिशा के मयूरभंज जिले के रायरंगपुर से करीब 25 किलोमीटर दूर गांव है उपरबेड़ा है। घने जंगलों के बीच बसे गांव की आबादी करीब 3 हजार होगी। 1958 की बात है। उपरबेड़ा और आसपास के इलाकों में मानसून ने दस्तक दे दी थी, लेकिन वहां कई दिनों से बारिश नहीं हो रही थी। संथाली परंपरा के मुताबिक बारिश के लिए बिरंची नारायण ने घर के पिछवाड़े बरगद के पेड़ के नीचे एक मिट्टी का बर्तन रखा। लोग उसे पुति कहते हैं। पुति रखने के ठीक एक हफ्ते बाद 20 जून 1958 को बिरंची टुडू को एक बेटी हुई। संयोग से बच्ची के जन्म के बाद इलाके में बारिश भी होने लगी। एक साथ बिरंची को दोहरी खुशी मिली। उन्होंने बेटी का नाम रखा पुति।

एक इंटरव्यू में राष्ट्रपति मुर्मू बताती हैं कि संथाली परिवार में बेटी का नाम दादी के नाम पर रखा जाता है, ताकि दादी के मरने पर भी उनका नाम जिंदा रहे। इसलिए मेरा एक नाम दुर्गी भी था, लेकिन ये नाम मेरे शिक्षक को पसंद नहीं था, तब उन्होंने मेरा नाम द्रौपदी रख दिया।'

## दिल्ली सरकार की महिला समृद्धि योजना को आतिशी ने पीएम मोदी का जुमला करार दिया

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी की रेखा गुप्ता सरकार ने दिल्ली में महिला समृद्धि योजना लागू करने का ऐलान किया है। इसके साथ लाखों पात्र महिलाओं को योजना के तहत हर माह 2500 रुपये मिलने है। लेकिन योजना पर अब आम आदमी पार्टी की प्रतिक्रिया आ गई है। नेता प्रतिपक्ष



आतिशी ने इस योजना को पीएम मोदी का जुमला करार दिया है। आतिशी का कहना है, दिल्ली चुनाव से पहले पीएम मोदी ने महिलाओं से वादा किया था कि 8 मार्च से हर महीने उनके बैंक खाते में 2500 रुपये आएंगे। उन्होंने कहा था कि यह मोदी की गारंटी है। 8 मार्च को महिलाएं फोन पर संदेश आने का इंतज़ार करती रहीं। बीजेपी सरकार ने साबित कर दिया कि वहां मोदी की गारंटी नहीं बल्कि एक जुमला था। सिर्फ पैसे नहीं बल्कि एक योजना तक नहीं मिली। रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल तक नहीं मिला। सिर्फ 4 सदस्यों की एक कमेटी मिली। बीजेपी पर हमलावार आतिशी ने कहा, एक कहावत है खोदा पहाड़ निकली चुहिया। आज दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने साबित कर दिया कि पीएम मोदी ने दिल्ली की महिलाओं से झूठ बोला था। शायद ये शुरुआत है। दिल्ली के लोगों को आगे ये पता चलेगा कि जिस घोषणापत्र के वादे पर लोगों ने बीजेपी को वोट दिया वहां सब झूठ निकलेगा। आतिशी ने कहा, दिल्ली की महिलाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ है। उन्हें झुनझुना पकड़ा दिया गया है।

## औरंगज़ेब विवाद पर महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना एकजुट, बिहार में जदयू से तकरार

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। औरंगज़ेब को लेकर उठा विवाद महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना को करीब ले आया है। जबकि बिहार में भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) के बीच तकरार पैदा कर रहा है। महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना ने समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अबू आजमी की टिप्पणी के खिलाफ एकजुटता दिखाई, वहीं बिहार में जेडी(यू) के कुछ नेताओं के बयान ने भाजपा की रणनीति पर सवाल खड़े कर दिए।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने औरंगजेब की प्रशंसा करने के लिए आज़मी के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की। आज़मी ने अपनी सफाई में कहा कि उनके शब्दों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया, लेकिन फिर भी अगर किसी को ठेस पहुंची हैं तब वे अपने बयान वापस लेते हैं। बावजूद इसके, भाजपा और शिवसेना इस मुद्दे को भुनाने में जुटी रही, जिससे हिंदुत्व समर्थकों में उनकी पकड़ मजबूत होती दिखी।

वहीं, बिहार में जेडी(यू) एमएलसी खालिद अनवर ने औरंगजेब को क्रूर शासक नहीं बताया, जिससे भाजपा नेताओं ने कड़ी आपत्ति जाहिर की। भाजपा विधायक हरि भूषण ठाकुर ने अनवर को देशद्रोही बताकर उन्हें सदन से निष्कासित करने और पाकिस्तान भेजने तक की मांग कर डाली। भाजपा के मंत्रियों ने भी मुद्दे को उठाकर शहरों के नाम बदलने तक की वकालत की। हालांकि, जेडी(यू) ने आधिकारिक रूप से अपने एमएलसी के बयान का समर्थन किया। प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को अपनी बात कहने का अधिकार है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा की हिंदुत्व राजनीति से दूरी बनाए रखना चाहते हैं और मुस्लिम वोट बैंक को सुरक्षित रखना उनकी प्राथमिकता है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना का गठबंधन हिंदुत्व के मुद्दे पर और मजबूत हो सकता है, जबकि बिहार में भाजपा और जेडी(यू) के बीच यह मतभेद आगामी विधानसभा चुनावों में नई रणनीति की ओर इशारा करता है। भाजपा हिंदुत्व की राजनीति को हवा देकर बिहार में अपने पैर जमाना चाहती है, जबकि जेडी(यू) सामाजिक समरसता को प्राथमिकता दे रही है। बिहार के मुस्लिम वोट बैंक को साधने के लिए राजद और एआईएमआईएम जैसी पार्टियां भी विवाद में कूद पड़ी हैं। राजद नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी और एआईएमआईएम प्रमुख अख्तरुल ईमान ने भाजपा पर इतिहास के राजनीतिकरण का आरोप लगाया।

# लालू अपने लाल तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए महारणनीति बनाने में जुटे

**–युवाओं और महिलाओं को साधने में जुट गई राजद**

**पटना (एजेंसी)**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी तेज हो गई है। बिहार की मुख्य विरोधी पार्टी राजद ने भी जोर लगा दिया है। लालू यादव ने ऐलान कर दिया है कि उनके बेटे तेजस्वी यादव ही इस बार बिहार के मुख्यमंत्री जरुर बनने वाले है। खुद तेजस्वी ने भी दावा किया है कि आरजेडी की सरकार बनेगी और मैं सीएम बनूंगा। उन्होंने जनता से अपील भी की है। वहीं राजद ने महिला और युवा वोटरों को साधने का फॉर्मूला भी तैयार किया है।

दरअसल बिहार चुनाव में महिला वोटरों की बड़ी भूमिका रहती है। महिला वोटर यह तय करने



में निर्णायक होती हैं कि प्रदेश में सरकार किस गठबंधन की बनेगी। महिलाओं का वोट प्रतिशत पुरुष वोट से अधिक रहा था। राजद ने महिला वोटरों को साधने के लिए खुला ऐलान किया है कि अगर राजद की सरकार बनती है तब महिलाओं को 'माई-बहिन मान योजना' के अंतर्गत 2500 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। इतना ही नहीं राजद इसका प्रचार जोर-शोर से कर रही है।

वहीं युवा वोटरों को साधने की भी पूरी तैयारी राजद में अंदर खाने चल रही है। तेजस्वी यादव ने रोजगार को शुरू से मुद्दा बनाया है। वे दावा करते रहे हैं कि बिहार में महागठबंधन सरकार में निकली बंपर बहाली और बांटे गए रोजगार उनके ही प्रयासों के देन हैं। हाल में बीपीएससी रीएग्जाम को भी उन्होंने मुद्दा बनाया है। तेजस्वी ने डोमिसाइल नीति को भी उठाया है। उन्होंने कहा है कि राजद सरकार में आते ही वे 100 प्रतिशत डोमिसाइल लागू कर दूंगा। इसी कड़ी में बुधवार को पटना में युवा चौपाल कार्यक्रम हुआ। इसमें अन्य जिलों से भी आए युवाओं का जुटान हुआ। दरअसल, 'माई-बहिन मान योजना' का कांसेप्ट झारखंड चुनाव में हेमंत सोरेन की 'मैया सम्मान योजना' के असर से आया है। झारखंड में सोरेन की सरकार ने भी महिलाओं को 2500 रुपए प्रति माह देने का ऐलान किया था जिसका असर भी दिखा है। झारखंड चुनाव परिणाम आने के बाद ही राजद ने बिहार में 'माई-बहिन मान योजना' का जिक्र शुरू किया। बिहार में 100 प्रतिशत डोमिसाइल की मांग ने तब जोर पकड़ा जब बिहार में बीपीएससी के जरिए शिक्षकों की बंपर वैकेंसी निकली। लेकिन इस परीक्षा में बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों ने भी अप्लाई किए। इसका विरोध भी दिखा। तेजस्वी यादव सहित राजद कुनबा युवाओं को 100 प्रतिशत डोमिसाइल का वादा करके अपने पक्ष में लाना चाहेगी।

## भारत ने रावी नदी का पानी रोका, पाकिस्तान के किसान खेती को तरसे

नई दिल्ली। भारत ने रावी नदी का पानी रोका तो पाकिस-?तान में बचाव मच गया। भारत की तर्ज पर पाकिस-?तान भी एक कृषि प्रधान देश है। इंडो–वाटर ट्रीटी के तहत भारत के पास रावी नदी के पानी पर 100 फीसदी अधिकार है। अब पाकिस-?तान की तरफ से अपने देश के किसानों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी में कहा गया है कि इस साल किसानों को फसलों को मिलने वाले पानी में 30 से 35 फीसदी की कमी आ सकती है। पाकिस्तान सरकार का कहना है कि कृषि क्षेत्र में जल संकट गहराने वाला है, क्योंकि देश के प्राथमिक जल नियामक, सिंधु नदी प्रणाली प्राधिकरण ने जल संकट की चेतावनी दी है। पाकिस्तान के दो सबसे बड़े जलाशय तरबेला और मंगला बांध सूख रहे हैं। इरसा ने पंजाब और सिंध में फसलों के लिए पानी की उपलब्धता में संभावित 30–35 फीसदी की कमी का अनुमान लगाया है। मुख्य फसल अपने अंतिम चरण के करीब है, जिसके लिए पर्याप्त सिंचाई की जरुरत है। इरसा के ताजा डेटा पाकिस-?तान में एक निराशाजनक तस्वीर पेश करते हैं, जिसमें पता चलता है कि 1,550 फीट की अधिकतम भंडारण क्षमता वाले तरबेला बांध में वर्तमान में मात्र 73,000 एकड़ फीट पानी बचा है, जिसका स्तर खतरनाक रूप से 1,409 फीट पर है, जो मृत स्तर से मात्र नौ फीट ऊपर है। इसी तरह 1,242 फीट के अधिकतम संरक्षण स्तर के साथ मंगला बांध वर्तमान में 1,088 फीट पर है, जिसमें 235,000 एकड़ फीट पानी है, जो इसके मृत स्तर से मात्र 28 फीट ऊपर है। इन महत्वपूर्ण जल स्रोतों के तेजी से खत्म होने से इरसा ने प्रांतों को चेतावनी जारी की गई है, जिसमें जलाशयों के कुछ ही दिनों में अपने मृत स्तर तक पहुंचने की आसन्न संभावना पर जोर दिया है। यह खतरनाक स्थिति गेहूं की फसल के महत्वपूर्ण अंतिम पानी के चरण से मेल खाती है, जो पहले से ही सरकारी नीतियों में बदलाव के कारण अनुमान से कम बुवाई से जूझ रही है।

# वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ 13 मार्च को जंतर मंतर पर होगा हल्ला बोल प्रदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने जा रहा है। पहले यह प्रदर्शन 10 मार्च को होना था जिसमें संशोधन कर इसे 13 मार्च कर दिया गया है। प्रदर्शन सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। बोर्ड के प्रवक्ता और प्रदर्शन के आयोजक डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने बताया कि तकनीकी कारणों के चलते तिथि में बदलाव किया गया है।

केंद्र सरकार वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को संसद के आगामी सत्र में पारित कराने की तैयारी में है। इसे लेकर मुस्लिम समाज में गहरी चिंता व्याप्त है। बोर्ड का मानना है कि यह विधेयक मुस्लिम समुदाय की वक्फ संपत्तियों, मस्जिदों, कब्रिस्तानों, दरगाहों, मठों और मदरसों पर कब्जा करने और उन्हें नष्ट करने के इरादे से लाया गया है। इसलिए इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। बोर्ड और अन्य धार्मिक संगठनों ने इस विधेयक के खिलाफ संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को कई ईमेल भेजे और उनसे मुलाकात कर अपना विरोध दर्ज कराया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री से भी इस मुद्दे पर विस्तार




से चर्चा की गई, जिसमें स्पष्ट किया गया कि मुस्लिम समाज इस विधेयक को पूरी तरह अस्वीकार करता है।

बोर्ड की मजलिस (कार्यकारिणी समिति) ने निर्णय लिया है कि 13 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर सुबह 10 बजे प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें बोर्ड का पूरा केंद्रीय नेतृत्व, धार्मिक संगठनों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस प्रदर्शन में दलित, आदिवासी, ओबीसी समुदायों के सामाजिक-राजनीतिक नेताओं के साथ-साथ सिख और ईसाई धर्मगुरु भी शामिल होंगे। इसी के तहत 8 मार्च को आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में भी विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और मेवात के मुसलमानों से प्रदर्शन में भारी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. इलियास ने कहा कि अगर यह संशोधन विधेयक पारित हुआ, तो मुस्लिम समाज की वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा पर गंभीर संकट आ सकता है।

## पप्पू यादव का बड़ा दावा बोले- जेडीयू एमएलसी ने लॉरेंस के नाम पर दिलवाई थी धमकी

**पूर्णिया (एजेंसी)**। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने बड़ा दावा करते हुए आरोप लगाया कि उन्हे लॉरेंस के नाम पर पिछले दिनों जो धमकी दी गई थी उसके पीछे जेडीयू एमएलसी का हाथ था। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) से एमएलसी नीरज कुमार पर गंभीर आरोप लगाया है। पप्पू यादव ने कहा कि जेडीयू एमएलसी ने ही उन्हें धमकी दिलवाई थी। इस मामले में पूर्व में आरा से गिरफ्तार हुए रामबाबू को नीरज कुमार ने ही पैसे देकर उन्हें धमकी देने के लिए कहा गया था। ताकि लॉरेंस बिश्नोई गैंग से मिल रहीं धमकियों के मुद्दे को डायवर्ट किया जाए।



पप्पू यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्हें धमकी देने के मामले में पूर्व में गिरफ्तार हुआ रामबाबू भी मौजूद रहा। सांसद ने आरोप लगाया कि जेडीयू एमएलसी नीरज कुमार ने पूर्णिया के एसपी पर प्रेशर देकर पीसी करवाई थी। पप्पू यादव ने दावा किया कि रामबाबू को नीरज कुमार ने जेडीयू ऑफिस में बुलाया था। इसके सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद हैं। जेडीयू दफ्तर में रामबाबू को ट्रेनिंग दी गई। सिक्योरिटी हॉल में वीडियो बनाया गया और फिर वहीं से धमकी दी गई।पप्पू यादव ने दावा किया कि फर्जी धमकी देने की एवज में रामबाबू को जेडीयू एमएलसी ने चुनाव लड़वाने का भी ऑफर दिया था। सांसद ने दावा किया कि धमकी दिलवाकर रामबाबू को छोड़ दिया गया। पूर्णिया एसपी को फोन कर इनका मोबाइल नंबर दिया गया। वहां के पदाधिकारियों ने इनसे बातचीत की। फिर पटना आकर गाड़ी से रामबाबू को पूर्णिया लेकर गए। आधा घंटा लॉकअप में रखा गया। रामबाबू को कहा गया कि पप्पू यादव के किसी करीबी का नाम ले लो, नहीं तो जेल में बंद कर देंगे।

# बरसाने की रंगीली गली में शुरू हुई होली: हेलिकॉप्टर से की गई पुष्प वर्षा

**मथुरा (एजेंसी)**। मथुरा में बरसाने की रंगीली गलियों में जब हुरियारिन परंपरागत तरीके से सज-धजकर निकलती हैं तो होली की उमंग आसमान छूने लगती है। चेहरे में घूंघट लेकिन हाथों में तेल लगी लाठी इनके इरादों को उजागर करती हैं। इनकी लाठी से बचने और होली खेलने के लिए सभी हुरियारे भगवान कृष्ण के गांव नंदगांव से ढाल लेकर 50किमी दूर बरसाना पहुंचते हैं, तो नजारा देखने लायक हो जाता है। हेलिकॉप्टर से रंगीली गली के ऊपर पुष्प वर्षा करके हुरियारों के जोश को कई गुना बढ़ा दिया गया।

बरसाना में हुरियारिन नंदगांव से आए सखाओं पर लाठी बरसाती हैं और होली का आनंद लेती नजर आई हैं। ऐसे में हुरियारे गीत गाते हैं और अपनी ढाल से बचाव करते दिखे हैं। इस बार विश्वप्रसिद्ध बरसाने की होली देखने देश-विदेश से करीब 10 लाख लोग मथुरा पहुंचे हैं। होली के चलते बरसाने की तमाम गलियां भरी हुई हैं। सभी ओर अबीर-गुलाल उड़ता दिख रहा है। अलग-अलग टुकड़ियों में बंटी हुरियारिनों की टोलियां अलग-अलग जगहों पर लट्ठ लिए नजर आई हैं।

बरसाने की होली खेलने वालों का तो यही मानना है कि जब वो होली खेलते हैं, तो स्वयं राधा रंग-गुलाल खेलती प्रतीत होती हैं, फिर ठाकुरजी तो साक्षात हुरियारों के सामने बैठे होते हैं। लट्?ठमार होली हर कोई नहीं खेल सकता है, बल्कि बहुएं ही इसे खेलती हैं, यहां पर कुंवारी लड़कियां लट्ठमार होली नहीं खेल सकतीं हैं। यहां की मशहूर रंगीली गली की बहुएं तो श्रृंगार ही ऐसा करती हैं मानों उन्होंने श्रीजी की ही तरह अपने ठाकुरजी के लिए खुद को सजाया हो। इस श्रृंगार को ठाकुरजी के नाम किया जाता है।

होली के दौरान बरसाने में बढ़ती भीड़ को देखते हुए हर प्वाइंट पर पुलिस की तैनाती की गई है। भीड़ के चलते बरसाने में भारी वाहनों की एंट्री बंद है। प्रशासन ने बरसाने में गाड़ियों की आवा-जाही जहां बंद की वहीं भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग का इंतजाम किया गया है। पुलिस वाले ऊंचे-ऊंचे मचान से निगरानी कर रहे हैं।



# फरवरी में ईवी बिक्री में 18 फीसदी गिरावट

## - तिपहिया और यात्री वाहनों में मामूली बढ़त

**नई दिल्ली ।**

देश में फरवरी के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में कुछ मु श्किलों की वजह से सालाना आधार पर 1.9 प्रतिशत और मासिक आधार पर 18.2 प्रतिशत की गिरावट आई और यह घटकर 1,39,026 रह गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि ईवी की सभी चार श्रेणियों की बिक्री में मासिक आधार पर दो अंकों में गिरावट दर्ज की गई। लेकिन तिपहिया वाणिज्यिक और यात्री वाहनों में सालाना आधार पर एक अंक में वृद्धि देखी गई। फरवरी के दौरान टीवीएस मोटर, एथर एनर्जी और ओला इलेक्ट्रिक की बिक्री घटकर 18,762, 11,807 और 8,647 रह गई जिससे देश में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 22.1 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि इसी श्रेणी में बजाज ऑटो की मासिक बिक्री में कुछ सुधार नजर आया। सालाना आधार पर बिक्री में 8 प्रतिशत की गिरावट आई। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री में मासिक आधार पर 11.4 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि सालाना आधार पर इसमें 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और कुल बिक्री 53,116 रही। ओमेगा सेकी को छोड़कर सभी मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) ने मासिक आधार पर तिपहिया वाहनों की अपनी बिक्री में भारी गिरावट देखी। यात्री वाहनों के मामले में फरवरी के दौरान बिक्री घटकर 8,968 रह गई जबकि एक महीने पहले यह 11,266 थी। हालांकि एक साल पहले की 7,539 बिक्री की तुलना में इसमें इजाफा हुआ है। केवल ह्युंडै मोटर और बीएमडब्ल्यू इंडिया ने मासिक और सालाना दोनों आधार पर खासा इजाफा दर्ज किया। इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री पिछले महीने 856 रही जबकि जनवरी में यह 847 और एक साल पहले 972 थी। इस श्रेणी में मासिक आधार पर 11.9 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, लेकिन सालाना आधार पर इसमें 1.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



# महिला निवेशकों का औसत एसआईपी आकार पुरुषों से 22 फीसदी अधिक: रिपोर्ट

## - महिलाओं की निवेशक भागीदारी 45 फीसदी अधिक

**नई दिल्ली ।**

एक रिपोर्ट के अनुसार महिला निवेशकों का औसत एसआईपी आकार पुरुषों से 22 फीसदी अधिक है। एकमुश्त निवेश के मामले में भी महिलाओं की निवेशक भागीदारी 45 फीसदी अधिक है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, महिला निवेशक न केवल भागीदारी कर रही हैं, बल्कि सक्रियता के साथ निवेश भी कर रही हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि उन्होंने 1 जनवरी 2024 से लेकर 31 दिसंबर 2024 तक 1 लाख महिला निवेशकों के निवेश पैटर्न का अध्ययन किया है। इस अध्ययन में पाया गया कि 90 फीसदी महिला निवेशकों ने एसआईपी के जरिये उनके प्लेटफॉर्म पर म्युचुअल फंड निवेश की शुरुआत की है। इसके साथ ही, रिपोर्ट में दर्ज है कि करीब 72 फीसदी महिला निवेशक बी30 (शीर्ष 30 को छोड़कर) शहरों से हैं, जिससे प्रमुख शहरों के अलावा भी फंडों की बढ़ती पहुंच का पता चलता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वाराणसी, रांची, देहरादून, गुवाहाटी और वड़ोदरा जैसे शहरों में महिला निवेशकों की भागीदारी बढ़ रही है, जो पैसा कमाने में उनकी हिस्सेदारी को उजागर करती है।



# एलन मस्क पर कानूनी शिकंजा! ट्विटर डील को लेकर कोर्ट में होगी पूछताछ

## 2022 में ट्विटर की खरीद से जुड़ा है मामला



**सैन फ्रांसिस्को ।**

एलन मस्क को 3 अप्रैल को वॉशिंगटन डीसी में निवेशकों के वकीलों के सामने पेश होना होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार यह मामला 2022 में ट्विटर की खरीद से जुड़ा है। निवेशकों का आरोप है कि मस्क ने जानबूझकर डील को टालमटोल किया और कंपनी की आलोचना कर ट्विटर के शेयर गिरा दिए। इससे उन्हें सस्ते में सौदा करने का मौका मिला। पहले मस्क के वकील उनकी गवाही को लेकर राजी नहीं थे, लेकिन अब उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। मस्क ने ट्विटर खरीद को लेकर कई बार अपना फैसला बदला, जिससे निवेशकों को नुकसान हुआ। आखिरकार, कानूनी लड़ाई के बाद उन्होंने 44 अरब डॉलर में ट्विटर खरीदा और इसे एक्स क्राप नाम से रीब्रांड कर दिया। इस बीच, मस्क अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के सलाहकार के रूप में भी काम कर रहे हैं और अपनी कई कंपनियों से जुड़े कानूनी मामलों में उलझे हुए हैं। सैन फ्रांसिस्को की एक संघीय अदालत ने दिसंबर 2023 में एलन मस्क की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने एक केस को रद्द करने की मांग की थी। जज ने कहा कि मस्क के बयान वास्तविक स्थिति से काफी अलग थे। अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने जनवरी में मस्क पर केस दर्ज किया था। एसईसी का आरोप है कि मस्क ने ट्विटर में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की जानकारी समय पर नहीं दी और शेयरों को गुपचुप तरीके से कम कीमत पर खरीदते रहे। इस वजह से कई निवेशकों ने अपने शेयर सस्ते में बेच दिए और उन्हें 150 मिलियन डॉलर (करीब 1,200 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ। यह मामला यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया (सैन फ्रांसिस्को) में चल रहा है।

# एनएसई-बीएसई के डेरिवेटिव अनुबंधों में टकराव से बदलाव की संभावना

## - विश्लेषकों का मानना है कि बीएसई के आय वृद्धि के अनुमानों में कटौती की गई

**नई दिल्ली ।**




भारत के दो सबसे बड़े शेयर बाजारों एनएसई और बीएसई के बीच निपटान की तारीख पर हैरानी बनी है। एनएसई ने निफ्टी डेरिवेटिव अनुबंधों की एक्सपायरी तारीख में बदलाव की घोषणा की है, जो बाजार में बड़े बदलाव की संभावना ला सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि बीएसई के आय वृद्धि के अनुमानों में कटौती की गई है और एनएसई के इस कदम से वह अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकता है। ब्रोकरेज ने बीएसई के आने वाले वित्त वर्ष के आय अनुमानों में कटौती की है और उनके कीमत लक्ष्य को भी कम किया है। शेयर की अर्निंग रेटिंग में भी 40 गुना की घटाव देखने को मिला है। इसके चलते बीएसई का शेयर कारोबार में गिरावट का शिकार हो गया है। बीएसई के प्रबंध निदेशक ने इस स्थिति पर अल्पकालिक प्रतिक्रिया की बात कही है, हालांकि एक्सपायरी दिन में बदलाव को लेकर कोई निर्णय अभी तक नहीं लिया गया है। बीएसई के इस सागर के नमूने के साथ, बाजार में एक नया दौर शुरू हो सकता है। ब्रोकरेज ने बीएसई के वित्त वर्ष 2026 और वित्त वर्ष 2027 के आय अनुमानों में क्रमशः 13.4 प्रतिशत और 11.6 प्रतिशत की कटौती की है और कीमत लक्ष्य भी लगभग 30 प्रतिशत घटाकर 5,160 रुपये कर दिया है, जिससे शेयर की अर्निंग रेटिंग घटकर 40 गुना (पहले 50 गुना) रह गई है। बीएसई का शेयर 4,178 रुपये पर बंद हुआ। पिछले 10 कारोबारी सत्रों में यह शेयर करीब 30 फीसदी गिर चुका है। बीएसई के प्रबंध निदेशक का मानना है कि बाजार में इस तरह के घटनाक्रमों पर अल्पकालिक प्रतिक्रिया होती है, लेकिन उन्होंने इस बात का कोई पक्का जवाब नहीं दिया कि बीएसई अपने एक्सपायरी दिन में बदलाव करेगा या नहीं। उन्होंने कहा कि हम बाजार की प्रतिक्रिया को समझने का प्रयास कर रहे हैं और उसके आधार पर कोई निर्णय ले सकेंगे।

# टेक महिंद्रा ने अमेरिका में खोला नया हेडक्वार्टर

## - कारोबार बढ़ाने में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली ।**

टेक महिंद्रा ने अमेरिका के टेक्सास के प्लेनो में नए हेडक्वार्टर खोला है। इससे कंपनी को अमेरिका में उसके कारोबार को बढ़ाने में मदद करेगा। अमेरिका में टेक महिंद्रा का यह 19वां ऑफिस है। यह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण नॉर्थ टेक्सास में है। यह रीजन अपने बिजनेस इकोसिस्टम और डीप टैलेंट पूल के लिए जाना जाता है। 27,000 स्क्वायर फीट में फैली इस सुविधा में 130 सीटें हैं। इस ऑफिस के जरिए कंपनी टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग, कस्टमर सपोर्ट और डिजिटल सॉल्यूशंस उपलब्ध कराएगी। टेक महिंद्रा के इस नए ऑफिस की एक प्रमुख विशेषता इनोवेशन लैब है। यह लैब सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में काम करेगी और इनोवेशन में तेजी लाने के लिए रिसर्च एवं डेवलपमेंट प्रयासों को आगे बढ़ाएगी। प्लेनो के मेयर ने कहा कि टेक इनोवेशन हमारे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। टेक महिंद्रा का नया कार्यालय स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देगा और हमारी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देगा, जो एक संपन्न तकनीकी इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। टेक महिंद्रा के एक अधिकारी ने टेक्सास को टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के लिए एक उभरती हुई शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि नॉर्थ टेक्सास में एक शीर्ष नियोक्ता होने के कारण हम नई सुविधा के खुलने का स्वागत करते हैं। यह ग्राहकों, पार्टनर्स और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सपोर्ट करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




# बाजार में अभी और 10 परसेंट की गिरावट बाकी!

## - निवेशकों को सतर्क रहना जरूरी

**नई दिल्ली ।** भारतीय शेयर बाजार में इस समय महामारी के बाद की सबसे बड़ी गिरावट देखी जा रही है। भारत का बाजार धीरे-धीरे बॉटम आउट हो रहा है, लेकिन वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए अभी सुधार की जरूरत है। बाजार के जानकारों का कहना है कि आगे 10 फीसदी और गिरावट आ सकती है, लेकिन यह लॉन्ग-टर्म निवेशकों के लिए अवसर भी प्रदान करेगी। समग्र रूप से भारतीय बाजार का भविष्य स्थिर नजर आ रहा है, लेकिन निवेशकों को सतर्क रहना जरूरी है। इस गिरावट में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली मानी जा रही है। बाजार के जानकारों ने बताया कि अबर्डीन के बोर्ड मेंबर्स की भारत यात्रा सकारात्मक रही। उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, बढ़ता सरकारी खर्च और तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स सेक्टर को लेकर संतोष व्यक्त किया। एफआईआई निवेशकों की बिकवाली के चलते पिछले 4-5 महीनों में बाजार में करेक्शन देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि फिलहाल भारत में कैपेक्स खर्च में थोड़ी कमी आई है और भारत इनसे अपेक्षाकृत कम प्रभावित होता है। भारत में एफआईआई निवेशकों की बिकवाली के अलावा ट्रंप के टैरिफ बढ़ाने के फैसले का भी असर महसूस हो रहा है।

# अमेरिका के एक्सचेंज ऑपरेटर नेस्डेक इंक में अब 24 घंटे होगी ट्रेडिंग!

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े एक्सचेंज ऑपरेटर नेस्डेक इंक ने अपने इक्विटी एक्सचेंज पर सप्ताह में पांच दिन, 24 घंटे ट्रेडिंग शुरू करने की योजना बनाई है। एक्सचेंज ने यह फैसला अमेरिकी शेयर बाजार की बढ़ती वैश्विक मांग को देखते हुए लिया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को अधिक अवसर हो सिल होंगे। नेस्डेक के प्रेसिडेंट के मुताबिक नियामकीय मंजूरी और इंडस्ट्री के अन्य भागीदारों के साथ तालमेल के बाद यह सुविधा 2026 की दूसरी छमाही तक शुरू हो सकती है। शुरुआत में नेस्डेक कुछ बड़े मार्केट-कैप स्टॉक्स पर एक्सटेंडेड ट्रेडिंग की टेस्टिंग कर सकता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि एक्सचेंज इस सुविधा के लिए अतिरिक्त शुल्क लेता है या नहीं। नेस्डेक ने अपनी योजना की पुष्टि करते हुए कहा है कि वह जल्द ही अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन से अप्रूवल के लिए आवेदन करेगा।

# मलेशियाई पाम ऑयल को बढ़ावा देने एमपीओसी और ओटीएआई में करार


**मुंबई ।** भारत और मलेशिया के बीच व्यापारिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से मलेशियाई पाम ऑयल काउंसिल (एमपीओसी) और ऑयल टेक्नोलॉजिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ओटीएआई) ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। एमपीओसी और ओटीएआई ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि इस सहयोग के तहत भारतीय बाजार में मलेशियाई पाम ऑयल के पोषण संबंधी लाभों और स्वास्थ्य विशेषताओं को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। भारत को मलेशियाई पाम ऑयल का अहम बाजार मानते हुए, इस साझेदारी का उद्देश्य पाम ऑयल से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करना और इसके स्वास्थ्य एवं औद्योगिक उपयोगों को उजागर करना है। यह पहल उपभोक्ता जागरूकता, उद्योग संवाद और वैज्ञानिक अनुसंधान को प्राथमिकता देगी।

# एनबीएफसी पर आरबीआई की कार्रवाई, लगाया भारी जुर्माना

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) पर कुल 76.60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई पीयर-टू-पीयर लेंडिंग प्लेटफॉर्म्स द्वारा आरबीआई के निर्देशों के कुछ प्रावधानों का पालन न करने के कारण की गई है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - पीयर-टू-पीयर लेंडिंग प्लेटफॉर्म (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2017 के उल्लंघन पर फेयरएसेट्स टेक्नोलॉजीज इंडिया पर 40 लाख रुपए, जबकि ब्रिज फिनटेक सॉल्यूशंस और रंग दे पी2पी फाइनेंशियल सर्विसेज पर 10-10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई ने विजनरी फाइनेंसपीयर पर 16.6 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि यह जुर्माना नियामकीय अनुपालन में कमियों के आधार पर लगाया गया है और इसका उद्देश्य संस्थाओं द्वारा ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय लेना नहीं है। आरबीआई ने अलग-अलग विज्ञप्तियों के माध्यम से इस जुर्माने की जानकारी दी।

# जीएमआर एयरपोर्ट्स ने डायल में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई

**नई दिल्ली ।** जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड ने जर्मनी की फ्रापोर्ट से 10 प्रतिशत शेयरधारिता का अधिग्रहण पूरा करने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी डायल में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 74 प्रतिशत कर ली है। पिछले सितंबर में जीएमआर समूह की कंपनी ने दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी 12.6 करोड़ डॉलर में खरीदने के लिए फ्रापोर्ट एजी फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट सर्विसेज वर्ल्डवाइड के साथ शेयर खरीद समझौते की घोषणा की थी। जीएमआर एयरपोर्ट्स ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि अपेक्षित अनुमोदन मिलने और पूर्व शर्तें पूरा करने के बाद कंपनी और फ्रापोर्ट के बीच शेयरों के हस्तांतरण और प्रतिफल के आदान-प्रदान की प्रक्रिया पूरी हो गई है। जीएमआर एयरपोर्ट्स ने कहा कि इस अधिग्रहण के बाद उसकी डायल में हिस्सेदारी 64 प्रतिशत से बढ़कर अब 74 प्रतिशत हो गई है। डायल में शेष 26 प्रतिशत हिस्सेदारी भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के पास है। डायल राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन करती है जो कि देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा भी है।




# एचडीएफसी बैंक का शेयर 1689 रुपये पर हुआ बंद

**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है, जहां कुछ कंपनियों के शेयर तेजी पकड़ रहे हैं, वहीं कुछ में गिरावट देखने को मिल रही है। एचडीएफसी बैंक का शेयर भी निवेशकों के बीच चर्चा में बना हुआ है। शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक का शेयर 1689.25 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। पिछले सप्ताह में इसने मामूली बढ़त दर्ज की, लेकिन पिछले एक महीने में 2.67 फीसदी की गिरावट आई है। हालांकि, दीर्घकालिक नजरिए से देखें तो पिछले 1 साल में 16.69 फीसदी और 5 साल में 51.95 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। जिससे इसका भविष्य सकारात्मक नजर आ रहा है। वर्तमान में एचडीएफसी बैंक के शेयर ने बीएसई पर 0.12 फीसदी की गिरावट के साथ 1689.25 रुपये पर बाजार बंद किया। पिछले कारोबारी दिन इसका मूल्य 1691.20 रुपये था, यानी इसमें 1.95 रुपये की मामूली गिरावट आई। बैंक के शेयरों का 52-सप्ताह का उच्चतम स्तर 1,880 रुपये और न्यूनतम स्तर 1,421.25 रुपये रहा है। इस समय बैंक का कुल बाजार पूंजीकरण 12,92,884 करोड़ रुपये है, जो इसे भारत की सबसे बड़ी वित्तीय कंपनियों में शामिल करता है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि दीर्घकालिक निवेशकों के लिए यह एक मजबूत स्टॉक बना हुआ है। बैंक की वित्तीय स्थिति स्थिर है और इसकी विकास दर भी संतोषजनक बनी हुई है। हालांकि, बाजार की मौजूदा अस्थिरता के कारण इसमें अल्पकालिक उतार-चढ़ाव देखे जा सकते हैं।




# बीते सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार रहा

**- सेंसेक्स 7.51 अंकों की गिरावट के साथ 74,332.58 पर बंद**

**- निफ्टी 7.80 मामूली बढ़त के साथ 22,552.50 स्तर पर बंद**

**मुंबई ।**

वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। बीते सप्ताह शेयर बाजार में तेजी तो कभी गिरावट पर कारोबार होता रहा। बीते पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो शेयर बाजार हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को हरे निशान पर खुला। हालांकि, जल्द ही बाजार लाल निशान पर भी आ गया। बीते हफ्ते गिरावट के सुनामी में फंसे निवेशकों के लिए दिन की शुरुआत तो अच्छी हुई, लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकी। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 429.31 अंक चढ़कर 73,627.41 अंक पर खुला और 112.16 अंक की गिरावट के साथ 73,085.94 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 130 अंक बढ़कर 22,254.70 अंक पर खुला और 5.40 अंक की मामूली गिरावट के साथ 22,119.30 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 347.07 अंक गिरकर 72,738.87 पर खुला और 96.01 अंक गिरकर 72,989.93 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 109.85 अंक गिरकर 22,009.45 पर खुला और 36.65 अंक फिसलकर 22,082.65 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान पर खुला। सेंसेक्स 807.36 अंकों की बढ़त के साथ 73,800.38 रुपये के स्तर पर खुला और 740.30 अंक की छलांग के साथ 73,730.23 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 92.85 अंक चढ़कर 22,175.50 अंक पर खुला और 254.65 अंक की बढ़त के साथ 22,337.30 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 71.90 अंकों की बढ़त के साथ 73,817.34 के स्तर पर खुला और 609.86 अंक उछलकर 74,340.09 पर बंद हुआ। निफ्टी 32.46 अंकों की मजबूती के साथ 22,369.75 के स्तर पर खुला और 207.40 अंक चढ़कर 22,544.70 के स्तर पर पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 62.42 अंक टूटकर 74,296.00 पर खुला और 7.51 अंकों की गिरावट के साथ 74,332.58 स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 7.25 अंक फिसलकर 22,537.45 पर खुला और 7.80 मामूली बढ़त के साथ 22,552.50 स्तर पर बंद हुआ।




# भारत शुल्क कटौती करने पर सहमत: ट्रंप

**न्यूयॉर्क ।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत अपने शुल्क में पर्याप्त कटौती करने के लिए सहमत हो गया है, क्योंकि भारत अमेरिका पर बहुत अधिक शुल्क लगाता है, जिससे वहां उत्पाद बेचना मुश्किल हो जाता है। ट्रंप ने ओवल ऑफिस से दिए बयान में कहा कि आर्थिक, वित्तीय और व्यापारिक दृष्टिकोण से हमारे देश को दुनिया के लगभग हर देश ने पूरी तरह से ठगा है उन्होंने कहा कि कनाडा, मेक्सिको और फिर आप सीधे लाइन में चले जाइए। भारत हम पर बहुत ज्यादा शुल्क लगाता है। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। यह लगभग प्रतिबंधात्मक है। हम अंदर बहुत कम व्यापार करते हैं। ट्रंप ने कहा, वैसे, वे इस बात पर सहमत हो गए हैं कि अब वे अपने शुल्क में कटौती करना चाहते हैं, क्योंकि अब कोई तो उनके किए की पोल खोल रहा है। उन्होंने कहा कि चीन के साथ भी यही बात है। अन्य कई देशों के साथ भी यही बात है, तथा यूरोपीय संघ इस देश का बहुत ज्यादा दुरुपयोग कर रहा है। ट्रंप की यह टिप्पणी उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की उनके अमेरिकी समकक्ष हॉवर्ड लुटनिक के साथ व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका यात्रा के बाद आई है। ट्रंप ने इस सप्ताह तीसरी बार भारत द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क की आलोचना की है। इससे पहले ट्रंप ने कहा कि भारत बहुत उच्च शुल्क वाला देश है और उन्होंने दोहराया कि अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाने वाले देशों पर जवाबी शुल्क दो अप्रैल से लागू होंगे।

# भारत की 116 यूनिकॉर्न कंपनियों में 76 सीटें महिलाओं के पास!

**बेंगलुरु।**

116 भारतीय यूनिकॉर्न कंपनियों की 1,314 बोर्ड सीटों में से 76 सीटें महिलाओं के पास हैं, जो कुल सीटों का 5.8 फीसदी है। शनिवार को जारी ताजा रिपोर्ट में में यूनिकॉर्न इकोसिस्टम में जेंडर डायवर्सिटी को बेहतर बनाने के पर प्रकाश डाला गया है।

इसके विपरीत हाल ही में एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में भारतीय इंक में महिलाओं के पास 18.3 फीसदी बोर्ड सीटें थीं, जबकि वैश्विक औसत 23.3 फीसदी है।

एक प्राइवेट रिसर्च के मुताबिक कंपनी लेवल पर 116 यूनिकॉर्न कंपनियों में से 48 फीसदी के बोर्ड में कम से कम एक महिला निदेशक थीं, जबकि उनमें से केवल 11 फीसदी के पास एक से ज्यादा महिला निदेशक थीं। यह भारतीय यूनिकॉर्न द्वारा बोर्डरूम में जेंडर गैप को पाटने के प्रयासों का नतीजा है। रिसर्च के शोध निदेशक ने कहा कि यह लंबे समय से चला आ रहा है कि वे कंपनियां जिनके पास ज्यादा डायवर्स बोर्ड हैं, वे वित्तीय रूप से बेहतर प्रदर्शन करती हैं। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि ज्यादा डायवर्स बोर्ड वाली कंपनियां बेहतर वित्तीय प्रदर्शन करती हैं।

विश्लेषण के मुताबिक दूसरे क्षेत्र के यूनिकॉर्न की तुलना में वित्त यूनिकॉर्न में महिला निदेशकों (16) का प्रतिनिधित्व सबसे ज्यादा था। इसके बाद सॉफ्टवेयर (8), खुदरा (7), बीमा (5), यात्रा और आतिथ्य (5), और उभरती हुई टेक्नोलॉजी (4) यूनिकॉर्न का स्थान रहा। कई यूनिकॉर्न अपने बोर्ड में एक से अधिक महिला निदेशकों के साथ बोर्डरूम डायवर्सिटी के प्रति अपने कमिटमेंट के लिए आगे आए हैं। उनके बोर्ड में कई महिलाओं की मौजूदगी ब्रॉडर इकोसिस्टम के लिए एक सकारात्मक उदाहरण पेश करती हैं, जो दर्शाती है कि जेंडर-इंक्लूसिव लीडरशिप संभव है और व्यवसाय के विकास के लिए फायदेमंद है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बोर्डरूम में महिलाओं की रिपोर्ट के मार्च 2024 एडिशन के मुताबिक 2022 से बोर्डरूम में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 3.6 फीसदी बढ़ा है और जेंडर पैरिटी प्राप्त करने की अनुमानित समयसीमा भी सात साल कम हो गई है।

# चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में आज होगा भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में रविवार को भारतीय टीम का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। इसमें दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। भारतीय टीम ने इस बार सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल में जगह बनायी है। भारतीय टीम ने अब तक इस टूर्नामेंट में अपने सभी मुकाबले जीते हैं। वहीं न्यूजीलैंड को लीग स्तर पर भारतीय टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं आंकड़ों पर नजर डालें तो कीवी टीम का पलड़ा भारी है क्योंकि उसे इसके पहले हुए तीन आईसीसी नॉकआउट मुकाबलों में जीत मिली है। दोनों टीमों का पिछले कुछ साल में आईसीसी टूर्नामेंट में प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। न्यूजीलैंड की टीम में निरंतरता रही है। वहीं भारतीय टीम ने अपना दबदबा दिखते हुए साल 2011 से अब तक आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा मैच जीते हैं।

भारतीय टीम इस एक दशक से अधिक समय में 86 में से 70 मुकाबले जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड ने 77 मैचों में 49 मुकाबले जीते हैं। इससे साफ है कि , मैच जीतने के मामले में भारतीय टीम अपनी विरोधी से कहीं आगे है पर जब बात ट्रॉफी जीतने की आती है, तो टीम इंडिया और न्यूजीलैंड दोनों के पास ही उम्मीद के अनुसार सफल नहीं रही हैं। साल 2011 से अब तक 14 आईसीसी प्रतियोगिताएं हो चुकी हैं, जिसमें भारत सिर्फ दो बार ही नॉकआउट स्टेज में नहीं पहुंच पाया है। भारत ने इस दौरान चार सेमीफाइनल खेले हैं और पांच बार टीम उपविजेता रही है। तीन बार भारत ने ट्रॉफी जीतने में सफलता हासिल की है।

वहीं न्यूजीलैंड ने भी निरंतरता दिखाते हुए इस दौरान आठ बार नॉकआउट स्तर पर प्रवेश किया है। उसने चार सेमीफाइनल खेले हैं और तीन बार वह उपविजेता रही है। उसने साल 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत को हराया भी है। दोनों टीमों के ये आंकड़े बेहतरीन हैं। इस अवधि में कोई अन्य टीम इतनी बार सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई है। साल 2011 से अब तक सबसे ज्यादा नॉकआउट खेलने वाली टीमों में भारतीय टीम अब तक 12 मैचों के साथ शीर्ष पर है। वहीं न्यूजीलैंड ने इस अवधि में




8 बार आईसीसी नॉकआउट मैच खेले और भारत के बाद वह इस मामले में दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं जबकि ट्रॉफी जीतने के मामले में पहले नंबर पर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस अवधि में सिर्फ 6 ही नॉकआउट मैच खेले हैं। एकदिवसीय प्रारुप की बात करें तो भारत ने साल 2011 से अब तक 38 ग्रुप स्टेज मैच खेले हैं, जिसमें वह केवल तीन बार ही हारी है और एक मैच टाई रहा है। यह आंकड़ा बाकी सभी टीमों से कही बेहतर है। साल 2019 एकदिवसीय विश्वकप में भारत को सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने ही हराया था। इसलिए न्यूजीलैंड के खिलाफ नॉकआउट में भारतीय टीम को सावधान रहते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दोनो ही टीमों के पास बेहतर बल्लेबाज और स्पिनर हैं, ऐसे में मुकाबला रोमांचक होना तय है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत-** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, वॉशिंगटन सुंदर, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड-** मिशेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विलियम ओरोर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी, काइल जेमिसन।

# रोहित शर्मा के आगे नई मुसीबत तैयार, जसप्रीत बुमराह की फिटनेस रिपोर्ट ने लाए पसीने



**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह जनवरी 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान लगी पीठ के निचले हिस्से की चोट से उबर रहे हैं। ताजा खबर है कि उन्हें चोट से पूरी तरह उभरने में अभी समय लग सकता है। इस कारण वह आईपीएल के पहले दो सप्ताह चूक सकते हैं। यह खबर सीधे तौर पर रोहित शर्मा को परेशान करने वाली हो सकती है। भले ही मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या है लेकिन टीम पर अभी भी रोहित का प्रभाव है। ऐसे में मुख्य तेज गेंदबाज के ऐसे बाहर होने से टीम की परफार्मेंस पर सीधा असर पड़ सकता है। मुंबई पिछले सत्र में 10वें स्थान पर रही थी। अगर इस बार भी उनका मुख्य गेंदबाज न हुआ तो मुसीबत और भी बढ़ सकती है।

सिडनी में पांचवें टेस्ट मैच के दौरान बुमराह को पीठ के निचले हिस्से में चोट लगी थी। कहा गया कि उन्हें पीठ में ऐंठन है। इस चोट के कारण उन्हें पहली पारी में 10 ओवर गेंदबाजी करने के बाद बाहर होना पड़ा। वह दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए। नतीजतन वह इंग्लैंड के खिलाफ बाद की सफेद गेंद की श्रृंखला से चूक गए और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए, जो भारतीय टीम के लिए एक बड़ा झटका था।

बहरहाल, बुमराह बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (पूर्व में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में पुनर्वास से गुजर रहे हैं। चोट लगने के तुरंत बाद उन्होंने जिम वर्कआउट और हल्के गेंदबाजी सत्रों सहित शुरुआती गतिविधियों के साथ अपना पुनर्वास शुरू कर दिया। उनपर बीसीसीआई की मेडिकल टीम द्वारा बारीकी से निगरानी की जा रही है।

हालिया अपडेट से पता चलता है कि बुमराह ने गेंदबाजी फिर से शुरू कर दी है, लेकिन वह अभी भी पूरी तीव्रता से गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बीते सप्ताह सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था जिसमें वह नेट्स पर गेंदबाजी करते दिख रहे थे। हालांकि, रिपोर्ट्स बताती हैं कि उनके मेडिकल स्कैन साफ हैं लेकिन मेडिकल टीम उन्हें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के लिए मंजूरी देने से पहले यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वह बिना किसी परेशानी के पूरी क्षमता से गेंदबाजी कर सकें। बुमराह साल 2022 में भी पीठ में फ्रैक्चर से परेशान रहे जिस कारण वह खेल से एक साल बाहर रहे थे। माना जा रहा है कि बुमराह 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2025 सीजन के पहले दो सप्ताह चूक सकते हैं। यही नहीं, आईपीएल के बाद इंग्लैंड का महत्वपूर्ण दौरा है जहां भारत ने 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी : न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में बड़ी पारी खेलना चाहते हैं शुभमन

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का लक्ष्य रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबले में विकेट पर रुककर बल्लेबाजी करते हुए बड़ी पारी खेलना है। शुभमन अपना दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट फाइनल खेलने जा रहे हैं। वहीं इससे पहले साल 2023 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में शुभमन बड़ स्कोर नहीं बना पाये थे और केवल चार रन बनाकर आउट हो गये थे। शुभमन अब एकदिवसीयस बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर पहुंच गये हैं और दबाव को बेहतर तरीके से संभालने तैयार हैं।



शुभमन ने कहा, तब एकदिवसीय मैच के फाइनल में मेरे मन में कुछ घबराहट थी। शुभमन ने कहा, मैंने बहुत सी चीजें सीखीं। यह मेरा पहला आईसीसी फाइनल था। मैं बहुत उत्साहित था इसलिए उस मैच में संयम नहीं रख पाया। मुझे लगता है कि बड़े आईसीसी नॉकआउट मैचों में, आप जितना सोचते हैं, उससे थोड़ा ज्यादा समय अपने को दे सकते हैं।÷

इस क्रिकेटर ने कहा, हम 2023 में विश्व कप फाइनल हार गए और फिर टी20 विश्व कप 2024 में में जीते। इसलिए मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट में हमारे पास अच्छी गति है। यह हमारे लिए वाकई रोमांचक मैच होगा और निश्चित रूप से, अगर हम इसे जीतने में सफल रहेंगे। जिससे हम इस साल इस प्रारूप का शानदार तरीके से समापन कर सकेंगे। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए एक बहुत बड़ा अवसर है हालांकि इस दौरान प्रशंसकों का भी भारी दबाव रहता है।

# आईपीएल ट्रॉफी के बिना अधूरा रहेगा विराट कोहली का करियर: एबी डिविलियर्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली का शानदार करियर तब और खास हो जाएगा जब वह आरसीबी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जिताएंगे। यह मानना है दक्षिण अफ्रीका और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का। विराट कोहली 2008 में आईपीएल की शुरुआत से ही आरसीबी से जुड़े हुए हैं और उन्होंने 140 मैचों में टीम की कप्तानी भी की है। हालांकि, अब तक वह एक भी आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं, जिससे उनकी उपलब्धियों की सूची में यह एक अधूरा सपना बना हुआ है। विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 252 मैचों में 38.67 की औसत से 8,004 रन बनाए हैं, जिसमें 8 शतक और 55 अर्धशतक शामिल हैं। वह इस टूर्नामेंट में 6,769 रनों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद शिखर धवन से काफी आगे हैं। बावजूद इसके, आरसीबी 17 सीजन में एक भी बार चैंपियन नहीं बन सकी है। टीम 2009, 2011 और 2016 में तीन बार फाइनल में पहुंची थी, लेकिन हर बार उसे हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल 2025 की शुरुआत से पहले, डिविलियर्स ने उम्मीद जताई है कि इस बार विराट अपनी टीम के लिए खिताब जीत सकते हैं। उन्होंने एक इवेंट में कहा, ÷विराट के खेल में नयापन और निडरता साफ दिखती है। वह अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर नए शॉट्स आजमा रहे हैं और




अपनी बल्लेबाजी को लगातार बेहतर कर रहे हैं। आरसीबी के साथ आईपीएल जीतना उनके पहले से ही शानदार करियर के लिए परफेक्ट फिनिशिंग टच होगा।÷ डिविलियर्स ने पिछले सीजन में कोहली के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनका स्ट्राइक रेट कोई समस्या नहीं थी, बल्कि उन्होंने वही भूमिका निभाई जो टीम को उनसे चाहिए थी। उन्होंने कोहली की तुलना दिल्ली कैपिटल्स के फ्रेजर मैकगर्क से करते हुए कहा कि विराट को पारी को संभालने की जिम्मेदारी दी गई थी और उन्होंने इसे बखूबी निभाया। आरसीबी आईपीएल 2025 में अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ करेगी।

# डब्ल्यूपीएल : हरमनप्रीत पर मैच फीस का दस फीसदी जुर्माना लगा

लखनऊ ।मुम्बई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर पर यहां के एकाना स्टेडियम में यूपी वॉरियर्स के खिलाफ हुए डब्ल्यूपीएल मुकाबले में आचार संहिता उल्लंघन के लिए जुर्माना लगा है ।हरमनप्रीत पर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना लगाया गया है ।हरमनप्रीत ने यूपी के खिलाफ मुकाबले में फील्डिंग नियमों को लेकर अंपायर के फैसले पर असहमति जतायी थी ।इस मैच में अंपायर ने धीमी ओवर गति के कारण मुंबई इंडियंस को अंतिम ओवर के लिए अंदरुनी घेरे में केवल तीन फील्डर रखने का आदेश दिया था, इससे हरमनप्रीत सहमत नहीं थीं ।हरमनप्रीत के अलावा गेंदबाज कर रही अमेलिया केर ने भी अपनी नाराजगी व्यक्त की थी ।ये दोनों जब अंपायर से बात कर रही थीं तो यूपी वॉरियर्स की बल्लेबाज सोफी एक्लेस्टोन भी अंपायर के पास पहुंच गई ।इससे हरमनप्रीत भड़क गयीं ।बहस बढ़ी तो यूपी वॉरियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा ने किसी प्रकार मामला शांत करवाया ।इस मामले में डब्ल्यूपीएल ने आधिकारिक बयान जारी कर लिखा, हरमनप्रीत ने अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया है, जो मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है ।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : फाइनल में दिखेगा गोल्डन बॉल की रेस रोमांचक

नई दिल्ली ।रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस महामुकाबले में दोनों टीमें ट्रॉफी पर कब्जा जमाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं ।क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह मैच बेहद खास होने वाला है, जहां हर रन और हर विकेट की कीमत होगी ।भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में रही है, वहीं न्यूजीलैंड की टीम भी अपने दमदार प्रदर्शन के साथ फाइनल तक पहुंची है ।इस खिताबी मुकाबले में जहां एक तरफ टीम इंडिया अपने मजबूत बल्लेबाजी क्रम के दम पर खिताब जीतने की कोशिश करेगी, वहीं न्यूजीलैंड अपनी घातक गेंदबाजी से भारतीय टीम को रोकने की रणनीति बनाएगा ।इस मुकाबले में टीमों की जीत के साथ व्यक्तिगत उपलब्धियां भी दांव पर लगी होंगी ।



खासतौर पर गोल्डन बैट और गोल्डन बॉल अवॉर्ड की रेस में कुछ खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है ।गोल्डन बॉल अवॉर्ड उस गेंदबाज को दिया जाता है, जिसने पूरे टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट चटकाए हों ।इस समय न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी गोल्डन बॉल की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं ।उन्होंने अब तक चार मैचों में 10 विकेट झटके हैं ।उनके बाद भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी हैं, जिन्होंने चार मैचों में आठ विकेट लिए हैं ।वहीं, भारतीय टीम के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने सिर्फ दो मैचों में सात विकेट लेकर सभी को चौंका दिया है ।न्यूजीलैंड के कप्तान और ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर भी इस रेस में बने हुए हैं, जिन्होंने अब तक चार मैचों में सात विकेट अपने नाम किए हैं ।

# कैसे माही की एक सलाह ने मुझे आत्मविश्वास दिलाया: राहुल त्रिपाठी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर राहुल त्रिपाठी ने बताया कि कैसे पूर्व कप्तान एमएस धोनी की सलाह ने उन्हें 2017 में आईपीएल में पदार्पण के दौरान मदद की। फ्रैंचाइजी के लिए अपने पहले मैच से पहले माही ने त्रिपाठी को शांत करने में मदद की।

उन्होंने कहा, अपना पहला मैच खेलने से दो दिन पहले, मैं ड्रेसिंग रूम में उन्हें देख रहा था। उन्होंने मुझे बुलाकर कहा कि मैं कुछ भी अतिरिक्त करने या सोचने की कोशिश न करूं और मुझे प्रशिक्षण के दौरान जिस तरह से खेल रहा था, उसी तरह खेलने के लिए माही ने कहा। यह देखते हुए कि यह सलाह उस कद के क्रिकेटर से आई थी और यह तथ्य कि मैं अपना पहला मैच खेलने जा रहा था, इससे मुझे बहुत आत्मविश्वास मिला। माही की इस सलाह ने वास्तव में मेरी घबराहट को शांत किया। उन्होंने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनके साथ समय बिताने का मौका मिला।



क्रिकेट जगत में कई लोगों का सपना होता है कि वे उनके साथ क्रिकेट के अनुभव साझा करें और उनके साथ खेलें। उनके साथ रहकर मैंने देखा है कि वे कितने सरल हैं। लंबे इंतजार के बाद राहुल ने आखिरकार 31 साल की उम्र में जनवरी 2023 में श्रीलंका के खिलाफ टी201 सीरीज के दौरान भारत के लिए अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। राहुल ने कहा, मैंने कभी हार नहीं मानी। कई बार यह कठिन था और ऐसा लगा कि भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना सपना ही रह जाएगा है। लेकिन मैंने कोशिश करते रहने का फैसला किया और हमेशा विश्वास किया कि एक दिन मुझे वह मौका मिलेगा जिसका मैं इंतजार कर रहा था। और मुझे लगता है कि यह विश्वास ही एक कारण था कि मुझे आखिरकार मौका मिला। यह बहुत ही भावुक क्षण था। टीम के साथ 6-7 घंटे की यात्रा करने के बाद मैं आखिरकार अपना टी20आई डेब्यू करने में सक्षम हो गया। संयोग से, मैंने अपना डेब्यू पुणे में अपने घरेलू मैदान पर किया, जहां मैं बचपन से क्रिकेट खेल रहा हूं। इसलिए मुझे लगता है कि यह सब लिखा हुआ था।

राहुल ने अपनी सफलता का श्रेय पूर्व भारतीय क्रिकेटर और भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर को दिया। कोलकाता नाइट राइडर्स कैंप में नायर के साथ काम करने के अनुभव पर त्रिपाठी ने कहा, मुझे लगता है कि नायर ने मेरी यात्रा में सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मैं उन्हें अपना बड़ा भाई मानता हूं। उनसे मिलना मेरे जीवन का बदलाव था।

## 3 मैच बारिश से धुले, सुरक्षा घेरा टूटा, पर पाक विशेषज्ञ बोले– सफल रहा चैम्पियंस ट्रॉफी आयोजन

कराची (एजेंसी)।बारिश के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी के 3 मैच रद्द होने, टीम के बाहर होने के बाद स्थानीय दर्शकों की दिलचस्पी खत्म होने, स्टेडियम तैयार करने पर पानी की तरह पैसा बहाने, हाइब्रिड मॉडल, सुरक्षा के कड़े उपायों के बावजूद पाकिस्तान में विशेषज्ञों का मानना है कि चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन सफल रहा और भविष्य में यहां और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट हो सकेंगे। सुरक्षा कारणों से भारत के पाकिस्तान में खेलने से इनकार के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल पर हुआ जिसमें भारत ने सारे मैच दुबई में खेले। पाकिस्तान की टीम नॉकआउट चरण में भी नहीं पहुंच सकी। क्रिकेट विश्लेषक ओमेर अलावी ने कहा कि लाहौर में सेमीफाइनल से एक दिन पहले बन्नू में आतंकी हमले की घटना हुई जिसे देखते हुए हमें शुक्र मनाना चाहिए कि इतने बड़े टूर्नामेंट में एक भी अप्रिय घटना नहीं हुई। पाकिस्तान ने कराची, लाहौर और रावलपिंडी में 16000 के करीब पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात कर रखे थे। आस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ, दक्षिण अफ्रीका के तेम्बा बावुमा और न्यूजीलैंड के मिचेल सेंटनेर बोल ही चुके हैं कि पाकिस्तान में कड़े सुरक्षा उपायों के बाद दुबई में खेलकर वह कितनी राहत महसूस कर रहे थे। आईसीसी के सुरक्षा मैनेजर डेव मस्कर ने हालांकि टूर्नामेंट को सफल बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों का समन्वय और पेशेवरपन बहुत अच्छा था। मैं कहूंगा कि यह सफल आयोजन था। सुरक्षा विश्लेषक सोहेल खान ने कहा कि पाकिस्तान ने अच्छी मेजबानी की और एक भी अप्रिय घटना नहीं घटी। सभी की नजरें हमारे सुरक्षाकर्मियों पर थीं जिन्होंने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया।

# सभी प्रारूपों में खेलने के लिए तैयार हूं, लेकिन क्लासिकल शतरंज हमेशा राज करेगा : गुकेश

नयी दिल्ली ।शतरंज के बदलते परिदृश्य से बेफिक्र मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश सभी प्रारूपों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि फ्रीस्टाइल शतरंज जहां रोमांच पैदा करता है वहीं अपने समृद्ध इतिहास के साथ क्लासिकल शतरंज हमेशा सबसे महत्वपूर्ण बना रहेगा ।शतरंज में अभी दो वर्ग सामने आ रहे हैं ।इनमें एक वर्ग जहां फ्रीस्टाइल का समर्थक है तो दूसरा वर्ग क्लासिकल शतरंज के प्रति वफादार बना हुआ है ।इससे शतरंज में विभाजन की संभावना बन गई है ।पिछले साल चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियन बनने वाले गुकेश को नहीं लगता है की शतरंज दो गुट में बंट जाएगा। गुकेश ने यहां इंडिया टुडे कॉन्क्लेव 2025 में कहा, ''मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचता। फ्रीस्टाइल काफी रोमांचक है और मैं इसमें खेल कर खुश हूं। लेकिन यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह तेजी से आगे बढ़ रहा है ।फ्रीस्टाइल में अभी तक केवल दो ही बड़े टूर्नामेंट हैं ।'' उन्होंने कहा, ''मैं चाहता हूं कि फ्रीस्टाइल सशक्त हो जाए लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह शतरंज के मूल प्रारूप पर हावी हो जाएगा ।क्लासिकल शतरंज का इतिहास और विरासत इसे और अधिक महत्वपूर्ण बनाती है ।'' गुकेश ने कहा, ''क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज़ के साथ फ्रीस्टाइल का जुड़ना खेल के लिए अच्छा है लेकिन यह देखना बाकी है कि यह प्रारूप कैसे आगे बढ़ता है ।मैं सभी प्रारूपों में खेलने के लिए तैयार हूं ।'' गुकेश ने इसके साथ ही सात से 14 अप्रैल तक होने वाले फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर के पेरिस चरण के लिए अपनी भागीदारी की पुष्टि की ।विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और गुकेश उन चोटी के 12 ग्रैंडमास्टर में शामिल है जिन्होंने 750,000 डॉलर की पुरस्कार राशि वाले पेरिस चरण में भाग लेने की पुष्टि की है ।इस भारतीय खिलाड़ी के लिए विश्व चैंपियन बनने तक की राह आसान नहीं रही और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेलने के लिए उन्हें अपने करीबी लोगों से भी पैसा जुटाना पड़ता था ।गुकेश ने कहा, ''मुझे याद है कि मेरे माता-पिता के दोस्त मुझे विदेश में टूर्नामेंट खेलने के लिए प्रायोजित कर रहे थे ।उस समय यह काफी मुश्किल था और हमें बहुत-बहुत अच्छे और निस्वार्थ लोगों से बहुत मदद मिली ।पिछला साल हमारे लिए आर्थिक रूप से बहुत अच्छा था ।'' उन्होंने कहा कि परिस्थितियों में बदलाव से न केवल उन्हें बल्कि उनके परिवार को भी राहत मिली है ।गुकेश ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है कि मेरे माता-पिता को अब पैसे के बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है ।अब हमें पहले की तरह संघर्ष नहीं करना पड़ रहा है और हम आरामदायक जिंदगी जी सकते हैं ।



# अगर कोई एक टीम भारत को हरा सकती है, तो वह न्यूजीलैंड है: शास्त्री

**दुबई (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से पहले, भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए चेतावनी जारी की, जो टूर्नामेंट में अपने तीसरे खिताब की तलाश में है। भारत के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप स्टेज की जीत सहित अब तक चार मैचों में अपराजित रिकॉर्ड होने के बावजूद, शास्त्री को लगता है कि ब्लैककैप्स एकमात्र टीम है जो उन्हें हरा सकती है।

अनुभवी खिलाड़ी का आकलन गलत नहीं है क्योंकि न्यूजीलैंड ने पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी नॉकआउट में भारत पर जीत हासिल की है, उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में उनके बीच खेले गए चार में से तीन मैच जीते हैं।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, 'अगर कोई एक टीम भारत को हरा सकती है, तो वह न्यूजीलैंड है। इसलिए भारत पसंदीदा के रूप में शुरू होता है, लेकिन केवल थोड़ा सा। शास्त्री ने



फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच के लिए तीन ऑलराउंडर - रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और ग्लेन फिलिप्स को चुना। 'प्लेयर ऑफ द मैच, मैं किसी ऑलराउंडर को चुनूंगा। मैं भारत से अक्षर पटेल या रवींद्र जडेजा को चुनूंगा। न्यूजीलैंड से, मुझे लगता है कि ग्लेन फिलिप्स में कुछ खास है। वह मैदान में शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'वह 40, 50 रन की पारी खेल सकते हैं और शायद एक या दो विकेट लेकर आपको चौंका सकते हैं।'

शास्त्री ने भविष्यवाणी की कि अगर उनकी टीमें खिताब जीतती हैं तो विराट कोहली, केन विलियमसन और रचिन रवींद्र रविवार को अहम भूमिका निभाएंगे। विलियमसन और कोहली दोनों ही शानदार फॉर्म में हैं, दोनों ने अपने चार मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक लगाया है। रवींद्र भी असाधारण रहे हैं, उन्होंने दो शतक बनाए हैं, जिसमें सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच की जीत शामिल है।

शास्त्री ने कहा, ÷अब मौजूदा फॉर्म की बात करें तो कोहली। जब ये खिलाड़ी शानदार फॉर्म में होते हैं और आप उन्हें अपने पहले 10 रन बनाने देते हैं, तो वे मुसीबत बन जाते हैं। चाहे वह विलियमसन हों या कोहली।इसलिए न्यूजीलैंड से मैं विलियमसन का नाम लूंगा। एक हद तक रचिन रवींद्र, वह एक शानदार युवा खिलाड़ी हैं। लेकिन जब ये खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करते हैं और आप उन्हें फाइनल में 10-15 रन बनाने देते हैं, तो वे दोगुने खतरनाक हो जाते हैं।'

दुबई में होने वाले फाइनल मैच के साथ - एक ऐसा मैदान जो पूरे टूर्नामेंट में स्पिनरों के लिए मददगार रहा है - शास्त्री से पूछा गया कि क्या कोई भी टीम अपनी प्लेइंग इलेवन में बदलाव कर सकती है, खासकर न्यूजीलैंड, जो इसी मैदान पर भारत के खिलाफ ग्रुप-स्टेज मैच हार गया था। शास्त्री ने कहा, 'मुझे आश्चर्य नहीं होगा अगर पिच के आधार पर दोनों में से किसी भी टीम के लिए कोई बदलाव हो। क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हमने जो पिच देखी थी, वह टूर्नामेंट में अब तक की सबसे अच्छी पिच थी।' उन्होंने कहा, ÷इसलिए ग्राउंड्समैन के पास पिछले मैच के बाद से सतह तैयार करने के लिए पांच दिन और हैं और अगर यह पिछली बार की तरह 280-300 की सतह है, तो आप इसके बारे में सोचना चाहेंगे। लेकिन आप तब तक टीम में बदलाव नहीं करेंगे जब तक कि जरूरी न हो।'

# रॉयल्स ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पिंक प्रॉमिस जर्सी लॉन्च की

जयपुर ।राजस्थान रॉयल्स ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को पिंक प्रॉमिस जर्सी लांच की है ।रॉयल्स ने आईपीएल 2025 में होने वाले अपने मुकाबले के लिए ये गुलाबी जर्सी लांच की ।रॉयल्स का लक्ष्य इस जर्सी को लांच कर राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले परिवर्तन का समर्थन करना है ।इस प्रतिबद्धता को सबसे बड़े मंच पर ले जाते हुए रॉयल्स की टीम एक मई को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिंक प्रॉमिस मैच की मेजबानी भी करेगी ।रॉयल्स ने इसी को लेकर कहा, रॉयल्स की सीएसआर शाखा रॉयल राजस्थान फाउंडेशन (आरआरएफ) ने भी एक शक्तिशाली पिंक प्रॉमिस अभियान फिल्म, औरत है तो भारत है के लॉन्च के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया ।गौरतलब है कि पिछले साल, पिंक प्रॉमिस अभियान ने ल्यूमिनस कंपनी के समर्थन से 250 से अधिक घरों में रोशनी लाकर हजारों लोगों के जीवन को रोशन किया था ।

# डिप्टी CM ने की वेदनाम उत्सव में शिरकत

## मोतिहारी में जवानों ने किया शानदार प्रदर्शन, सम्राट चौधरी बोले-मोदी सरकार ने सेना को कराई सुविधाएं उपलब्ध





**मोतिहारी।** में आयोजित शौर्य वेदनाम उत्सव के दूसरे और अंतिम दिन उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शिरकत की। सेना के जवानों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत डिप्टी सीएम, सांसद राधामोहन सिंह और ब्रिगेडियर विकास भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर की। सेना के जवानों ने अतिथियों के सामने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनके पिता तीन युद्धों में शामिल रहे हैं। एक समय था जब जवानों के पास पहनने के लिए जूते तक नहीं थे। गलवान घाटी में बर्फ के बीच डयूटी करनी पड़ती थी। डिप्टी सीएम ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद सेना को पूरी छूट मिली। 2014 से पहले जवानों के पास बुलेट प्रूफ जैकेट भी नहीं थे। मोदी सरकार ने सेना को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। पहले सेना को प्रधानमंत्री के आदेश का इंतजार करना पड़ता था। अब जवानों को खुली छूट है। दुश्मन की छेड़छाड़ पर तोप का गोला दाग सकते हैं। महिला दिवस पर उन्होंने कहा कि देश में सबसे अधिक महिलाएं काम कर रही हैं। नीतीश सरकार ने महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया है। आज महिलाएं घर के साथ-साथ सीमा की सुरक्षा भी कर रही हैं।हथियारों की प्रदर्शनी का निरीक्षणकार्यक्रम के बाद उन्होंने सेना की लगाई गई हथियारों की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। नेवी अरेंजमेंट के आशीष श्रीवास्तव ने नौसेना की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। सांसद राधामोहन सिंह ने सेना की प्रशंसा की और महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर खुशी जताई। डेयर डेविल्स की विंग कमांडर डिंपल सिंह भाटी ने कहा कि एक समय उन्हें लग रहा था कि वे देश की सेवा नहीं कर पाएंगी। लेकिन धीरे-धीरे घर से बहार निकाले। इसको लेकर मेरे घर के लोगो ने सपोर्ट किया और आज आप सभी देख रहे है कि किस तरह से आपके सामने खरी हूं।

## सड़क हादसे में 1 की मौत, 3 घायल



**मुजफ्फरपुर।** के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के चांदनी चौक के समीप ओवर टेक करने के दौरान ट्रक ने ऑटो को टक्कर मारी है। जिसमें ऑटो सवार एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई है। तीन लोग गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, ऑटो में पांच लोग सवार थे। घटना में ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। जिसके बाद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया ।पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले छानबीन की। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए आनन फानन में एसकेएमसीएच भेज दिया। वहीं, मृत बच्चे के शव को कब्जे में लेकरपोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायलों और मृतक की पुलिस पहचान कर रही है। पुलिस ने घटना के आरोपी ट्रक चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया है।वाहनों को पुलिस ने जब्त कर लिया है। स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि कांटी के तरफ से ऑटो और ट्रक आ रहा था। ओवर टेक करने के दौरान यह घटना घटी है। एक की मौत मौके पर ही हो गई है। तीन लोग गंभीर रूप से घायल है।

## मस्जिद पर सीसीटीवी लगाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट



**औरंगाबाद।** के देवकुंड इलाके में मस्जिद के ऊपर सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर शुक्रवार शाम को दो पक्षों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हुआ। घटना में दो महिला समेत कुल 8 लोग घायल हो गए। घायलों में से चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल पक्ष का कहना है कि आरोपियों ने उनके ऊपर लाठी-डंडों और तलवार-भाला से हमला किया। घायलों का कहना है कि घटना के बाद हम लोग थाना पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने कहा कि पहले आप लोग इलाज करा लीजिए। घटना हथियारा गांव की है। जानकारी के अनुसार, प्रशासन के निर्देश पर रमजान को लेकर नमाजियों की ओर से मस्जिद के मुख्य दरवाजे पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा था। उसी दौरान मस्जिद के बगल में रहने वाले मुस्ताक अंसारी उर्फ कल्लू ने उक्त लोगों को सीसीटीवी कैमरा लगाने से मना किया। इसी बात पर दोनों के बीच तू-तू-मैं-मैं हो गई और बात बढ़ते-बढ़ते मारपीट हो गई। वहीं दोनों तरफ से जमकर लाठी डंडे व तलवार चली। लड़ाई के दौरान बीच बचाव करने वाली महिला सहित कुछ अन्य लोग भी घायल हो गए। घायल महिला बोली- घर के आंगन की ओर किया जा रहा था फोकस अस्पताल में इलाज करा रही महिला ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा मस्जिद की छत पर लगाया जा रहा था और उसका फोकस हमारे घर की ओर किया जा रहा था। घर में महिलाएं, लड़कियां हैं। ऐसे में घर की ओर फोकस करने का क्या मतलब है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा लगाने है तो अंदर लगाए, मस्जिद के मुख्य गेट पर लगाएं। महिला के मुताबिक, जब हम लोगों ने कैमरा लगाने से इनकार किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और तलवार-भाला से हम लोगों पर हमला कर दिया। मारपीट व तलवारबाजी की घटना में पहले पक्ष के शहाबुद्दीन अंसारी का बेटा कौसर अली, सेराजुद्दीन अंसारी का बेटा हामिद अंसारी, इल्ताफ राजा और पत्नी सायरा बानो तलवार से चोट लगने पर बुरी तरह से जख्मी हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से मुस्ताक अंसारी, पत्नी सकीना खातून, बेटा असलम और फिरदौस भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची देवकुंड पुलिस ने मामले को शांत कराया। वहीं, सभी घायलों को इलाज के लिए पीएचससी भेज दिया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पांच लोगों को मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया। घटना के बाद से पुलिस गांव में कैंप कर रही है।

## धीरेंद्र शास्त्री का दिव्य दरबार, ढाई लाख लोग पहुंचे



**गोपालगंज।** के राम जानकी मठ में पंडित धीरेंद्र शास्त्री का दिव्य दरबार लगा है। श्रद्धालुओं से पूरा पंडाल खचाखच भरा है, लोगों को बैठने की जगह भी नहीं मिल पा रही है। बताया जा रहा है कि करीब ढाई लाख लोग पहुंचे हैं। इनमें बिहार के अलावे यूपी और नेपाल के भी लोग हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने दिव्य दरबार कू शुरूआत करते हुए भोजपुरी ने कहा- 'का हाल बा, हमहु ठीक बा। हमारे सबसे लाडले बिहार के पगलन की जय। मुझे गाली देने वालों की भी जय। जिनको मेरे बिहार आने से पेट में दर्द हो रहा है उनकी भी जय।''लोग कहते हैं कि बिहार आऊंगा तो जेल भेज देंगे। तुम लोग रोहिंग्या को रोक नहीं पाए। मैं तो भारत का हूं। रोक कर दिखाओ। मैं किसी पार्टी से नहीं हूं। बजरंग बलि का भक्त हूं। जब तक जिंदा हूं बिहार आऊंगा और दरबार लगाऊंगा।' वहीं शुक्रवार को हनुमंत कथा के दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि 'हिंदू अकेला होगा तो भागना पड़ेगा, लेकिन सभी हिंदू एक साथ हो जाएं तो देशद्रोहियों को यहां से भागना पड़ेगा।' उन्होंने हिंदुओं को एकजुट करते हुए एकता का महत्व समझाते हुए मधुमक्खी और कुत्ते का उदाहरण दिया। कहा कि 'एक कुत्ता अकेला होने पर भाग जाता है, लेकिन मधुमक्खियां झुंड में होने के कारण इंसान को भागना पड़ता है।'बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने एक बार फिर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग की। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, 'हम मंदिरों में भीड़, सड़कों पर तूफान चाहते हैं, रामराज से भरा हिंदुस्तान चाहते हैं। जात-पात को छोड़कर जब सारे सनातनी एक होंगे, तभी भारत हिंदू राष्ट्र कहलाएगा।' उन्होंने कहा कि 'लोग बोलते हैं, मैं संविधान के खिलाफ बोलता हूं। मैं संविधान के खिलाफ नहीं हूं। एक हाथ में संविधान, दूसरे में भगवान लिए चलता हूं।' कथा के बीच में धीरेंद्र शास्त्री भावुक हो गए। अपने पुराने दिन को याद करते हुए उन्होंने कहा, 'हमारे पिता जी को कोई शादी में नहीं बुलाता था। परिवार वाले अपनी शादी के कार्ड में पिताजी का नाम तक नहीं लिखते थे, क्योंकि हम गरीब थे। फटे कपड़े पहनकर चले जाएंगे तो उनकी इज्जत चली जाएगी, लेकिन हमारी मां कहती थीं, 'तुम राम को कभी मत छोड़ना, हमारे दिन भी आएंगे।' इस दौरान उन्होंने एक शायरी भी सुनाई- 'मुझे कौन पूछता था तेरी बंदगी से पहले, मैं खुद को ढूंढता था, इस जिंदगी से पहले।' धीरेंद्र शास्त्री को देखने के लिए भीड़ लगातार बढ़ती जा रही थी। कई लोग उन्हें देखने के लिए टीन शेड पर खड़े हो गए। ये देखकर बाबा ने कहा, 'ओह, पगला, ठठरी... टीन शेड ना तोड़ दिओ...आराम से कथा सुनो। बड़ा गरीबी से टीन शेड लगवाया है।' धीरेंद्र शास्त्री की कथा में आज करीब 40 से 50 हजार भीड़ जुटी। बाबा का कथा सुनने के लिए 100 डट दूर छपरा, सीवान से भक्त यहां पहुंचे। इस दौरान विदेशी लोग भी कथा का आनंद ले रहे थे।

## मामा था टारगेट,भांजे की हो गई हत्या



**समस्तीपुर।** में इंटर के स्टूडेंट आयुष यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। आयुष के मामा विजय यादव का कहना है कि 'मेरा पड़ोसियों के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आयुष मेरी शर्ट पहनकर बाइक से अपने दोस्त के साथ मार्केट गया था। मेरे दुश्मन को लगा कि बाइक पर पीछे मैं बैठा हूं। उन लोगों ने गोली चला थी और आयुष की मौत हो गई। वहीं मृतक के पिता अशोक राय का कहना है कि 'विवाद सुसराल का था, बदमाशों ने मेरे बच्चे को मार दिया और मैं आरोपियों को छोडूंगा नहीं।'

पूरी घटना शुक्रवार शाम की केंद्रीय विद्यालय के पास की है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी साजन और मुकेश को अरेस्ट कर लिया है। आयुष के पिता ने बताया- 'पिछले 2 साल उनका परिवार ससुराल में रह रहा है। मैं पेंटर हूं। मेरा बड़ा बेटा दादा-दादी के साथ जितवारपुर में रहता है। छोटा बेटा आयुष ननिहाल में रहता था। मैं काम से लौटने के दौरान ससुराल में फोन किया पता चला कि आयुष की गोली मारकर हत्या कर दी।' विजय राय ने बताया- 'हम लोगों की एक बीघा जमीन है, जिसकी कीमत करोड़ों में है। उसी जमीन को लेकर पड़ोसी साजन राय और उनके पट्टीदारों से वर्षों से जमीन का विवाद चल रहा है। कई बार मारपीट भी हुई है, जिसका मामला अभी कोर्ट में चल रहा है।

## फेसबुक पर दोस्ती, बातचीत के बाद प्यार

**जमुई।** सोशल मीडिया के जरिए प्यार की एक और कहानी सामने आई है। जमुई के चंद्रदीप थाना क्षेत्र के कोल्हना गांव के 27 साल की अमोद कुमार और लखीसराय के हलसी थाना क्षेत्र की 21 साल की काजल कुमारी की मुलाकात फेसबुक पर हुई। दोनों के बीच फेसबुक पर दोस्ती हुई। फिर मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान हुआ। लंबे समय तक बातचीत के बाद दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। काजल ने अमोद से मिलने के लिए उसे लखीसराय बुलाया। पहली मुलाकात के बाद दोनों कई बार मिले। इस बीच काजल के परिवार को इस रिश्ते की जानकारी मिली। परिवार ने काजल पर दबाव बनाया और उसकी शादी कहीं और तय कर दी। कुछ दिनों तक दोनों की बातचीत बंद रही। फिर दोनों ने मिलकर भागने का प्लान बनाया। बुधवार की सुबह दोनों प्रेमी-युगल अपने परिवार को छोड़कर जमुई के पंच मंदिर में पहुंचे। वहां उन्होंने शादी की। इसके बाद दोनों ने जमुई कोर्ट में अपनी शादी का रजिस्ट्रेशन भी करा लिया। जब इस बात की जानकारी लड़की के भाई को चली तो उसने केस करने की धमकी देते हुए 5 लाख की डिमांड की। हालांकि, लड़के के परिवार ने लड़की को स्वीकार कर लिया हैं। दोनों बालिग है। फिलहाल दोनों तरफ से थाने में कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई है।

## महिला दिवस पर आरजेडी का 'माई बहिन सम्मेलन



**पटना।** के बापू सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आरजेडी की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल 'माई बहिन सम्मेलन' की अध्यक्षता करेंगी। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। विधानसभा चुनाव से पहले इस सम्मेलन के जरिए महिला वोट बैंक को एकजुट करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इससे पहले 5 मार्च को आरजेडी ने युवा चौपाल बुलाया था। पटना के मिलर हाई स्कूल ग्राउंड में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा- 2025 में हमारी सरकार बनेगी। पूरे भारत में सबसे युवा प्रदेश बिहार है। नया बिहार आप लोगों को बनाना है। जहां युवा सबसे ज्यादा हैं वहां टायर्ड और रिटायर्ड मुख्यमंत्री नहीं चाहिए। यह सरकार थोड़ी दिन और रहेगी, तो पूरे बिहार बीमार कर देगी।' युवा चौपाल में पोस्टर के जरिए पीएम मोदी, सीएम नीतीश और गृह मंत्री अमित शाह पर तंज कसा। युवा राजद की तरफ से लगाए गए पोस्टर में लिखा था, 'देश-प्रदेश को अब बुड्ढे नेता नहीं चाहिए। युवाओं का दौर है। युवा नेता चाहिए। राजद युवा कार्यकताओं का इशारा तेजस्वी यादव की ओर था।

# हाटे एक्सप्रेस से मिली 42 लाख की चांदी





**कटिहार।** कटिहार जंक्शन पर रेल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 70 किलो चांदी के आभूषण जब्त किए हैं। जब्त किए गए आभूषणों की कीमत लगभग 42 लाख रुपए आंकी गई है। रेल एसपी हरिशंकर कुमार ने बताया कि चांदी के आभूषणों को कोलकाता से हाटे बजारे एक्सप्रेस ट्रेन की जनरल बोगी में लाया जा रहा था। इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में टैक्स चोरी का मामला सामने आया है। रेल एसपी ने बताया कि नियमों के अनुसार 50 हजार रुपए से अधिक की वस्तुओं के अंतर-राज्यीय परिवहन के लिए ई-वे बिल जरूरी है। इस मामले में कोई ई-वे बिल नहीं बनवाया गया था। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही इस पूरे रैकेट का खुलासा किया जाएगा। रेल एसपी ने बताया है कि कुछ दिनों से ये गुप्त सूचना मिल रही थी कि पश्चिम बंगाल से यहां पर अवैध रूप से कुछ आभूषण यहां लाए जा रहे है। इसके लिए विशेष टीम का गठन किया गया और छापेमारी की गई। इसमें 70 केजी 700 ग्राम चांदी के आभूषण मिले है। मामले में बंगाल के दो लोगों को पकड़ कर थाना लाया गया है। दूसरे स्टेट में अगर 50 हजार से ऊपर के सामान को लाया जाता है, तो ई-वे बिल चालान होना चाहिए। लेकिन, इनकी ओर से ये दिया नहीं गया है। एक चालान दिया गया है, वो भी कम मात्रा का चालान है। इससे यह साफ है कि इन्होंने काफी बड़े स्तर पर टैक्स की चोरी की है। ट्रेन से 70 केजी का चांदी बरामद होना सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी खतरा है। होली को लेकर पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## संक्षिप्त डायरी

### हेड कांस्टेबल का बेटा बना असिस्टेंट कमांडेंट



**कटिहार।** में बिहार सैन्य पुलिस (बीएमपी) के हेड कांस्टेबल संतोष सिंह के बेटे ने बड़ी सफलता हासिल की है। उनके बेटे संदीप सिंह ने सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स एग्जाम में अपनी श्रेणी में 282वीं रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ वह सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर चयनित हुए हैं। संदीप की प्रारंभिक शिक्षा कटिहार के एक निजी विद्यालय से हुई। उन्होंने केबी झा कॉलेज से इंटरमीडिएट और स्नातक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद वह बोकारो में सेंट्रल फोर्स की परीक्षा की तैयारी में जुट गए। संदीप की इस सफलता से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। माता-पिता गौरवान्वित हैं और छोटी बहन भी अपने भाई से प्रेरणा ले रही है। उनकी सफलता से प्रेरित होकर स्थानीय लोग बधाई देने पहुंच रहे हैं। यह सफलता दशार्ती है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### इंस्टाग्राम पर कुत्ते की पूंछ काटते बनाया वीडियो



**कटिहार।** में सोशल मीडिया पर फेमस होने की चाह में एक युवक ने पशु क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। घटना प्राणपुर थाना क्षेत्र की है। जहां एक युवक ने एक कुत्ते की पूंछ काट दी और इस क्रूर कृत्य का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया।वीडियो में दिख रहा है कि युवक एक संथाली गाने पर कुत्ते की पूंछ काट रहा है। यह वीडियो वायरल होते ही पशु अधिकार संगठन 'पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल' (पेटा) ने कटिहार के एसपी को मेल के जरिए शिकायत की। पेटा ने वीडियो की कॉपी भी एसपी को भेजी और कार्रवाई की मांग की। कटिहार के एसपी वैभव शर्मा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान कर ली गई है। प्राणपुर थाना क्षेत्र के इस युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पति ने की पत्नी की हत्या कर शव को जलाया



***कटिहार।*** के पोठिया थाना क्षेत्र में पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को मात्र दो घंटे में गिरफ्तार कर लिया। मृतका की मां मीरा देवी ने गुरुवार को पोठिया थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी काजल देवी का अपहरण उसके पति नीरज कुमार और अन्य लोगों ने किया है। मामले को लेकर कोढ़ा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपी नीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में नीरज ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। नीरज ने बताया कि वह पिछले एक साल से काजल से अलग रह रहा था। गुरुवार को उसने काजल को बुलाया। बखरी गांव के मकई के खेत में उसने गला दबाकर काजल की हत्या कर दी। पहचान छिपाने के लिए शव को जलाने की भी कोशिश की थी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आग लगने से 8 दुकान जलकर राख



**कटिहार।** के संग्राम चौक पर गुरुवार की देर रात आग लगने से 8 दुकानें जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने दुकानों से उठती लपटों को देखकर दुकानदारों को सूचित किया था। इसके बाद दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हादसे में डब्लू शेख, चंचल सिंह, सिद्धांत पासवान, निताई दे, सोनू कुमार और अशोक जायसवाल की नाश्ता और किराना की दुकानें जलकर राख हो गई। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। राजद के युवा प्रदेश सचिव आशु पांडे ने बिजली विभाग की लापरवाही को इसका जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जर्जर और डुप्लीकेट बिजली के तार लगे हुए है। प्रभावित दुकानदारों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। अंचलाधिकारी से स्थिति का जायजा लेकर उचित मुआवजा देने की मांग की गई है।

### माता-पिता की थी इच्छा, गांव में बनवा रहे राम मंदिर

**जमुई ।** झाझा प्रखंड के कनौदी पंचायत अंतर्गत केंदुआर गांव में श्रद्धा,विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्री राम मंदिर के निर्माण की नींव रखी गई। केंदुआर निवासी तुलसी पंडित ने अपनी निजी भूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कर इस धार्मिक कार्य का शुभारंभ किया। शुक्रवार को राममंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन का काम किया गया है,अब मंदिर निर्माण को लेकर हर दिन कार्य होगा। तुलसी पंडित फर्नीचर का कारोबार करते है। जो फिलहाल बाबा नगरी देवघर में रहते है। राम मंदिर निर्माण की पहली ईंट आचार्य परमानंद पांडेय, तुलसी पंडित एवं उनकी धर्मपत्नी भूषण देवी ने रखी। माता-पिता की थी इच्छा राम मंदिर निर्माण की पहल करने वाले तुलसी पंडित ने कहा, ₹मेरे माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी इच्छा थी कि गांव में भगवान श्री राम का एक भव्य मंदिर बने। उन्हीं के सपने को साकार करने के लिए आज मैंने अपनी निजी भूमि पर इस पवित्र कार्य की शुरूआत की है।माता-पिता के आशीर्वाद से बहुत जल्द मंदिर निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। तुलसी पंडित ने बताया कि हमारी सारी मनोकामना पूर्ण हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि राम मंदिर निर्माण में कोई भी सहयोग कर सकते है। प्रयागराज से पवित्र जल एवं मिट्टी लेकर आए तुलसी पंडित और उनकी पत्नी भूषण देवी ने बताया कि उन्होंने पहले प्रयागराज में महाकुंभ स्नान किया और वहीं से भूमि पूजन के लिए पवित्र जल एवं मिट्टी लेकर आए। संगमरमर से निर्मित भगवान श्री राम की भव्य प्रतिमा तैयार करवाई गई है, जिसे फिलहाल सिमुलतला में रखा गया है। मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद प्रतिमा को स्थापित कर प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह भगवान श्री राम का ऐसा मंदिर होगा, जो पूरे बिहार में अपनी भव्यता के लिए पहचाना जाएगा। उन्होंने सभी सनातन धर्मावलंबियों से अपील की कि वे मंदिर निर्माण के लिए तन, मन और धन से सहयोग करें, ताकि यह दिव्य एवं आकर्षक मंदिर बन सके। राम मंदिर निर्माण को लेकर पूरे गांव में हर्ष और उल्लास का माहौल बना हुआ है। भगवान श्री राम के मंदिर की नींव रखने के साथ ही पूरे क्षेत्र में भक्ति एवं आध्यात्मिकता की नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

